आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 02:28 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 जून 2025
वर्ष 3 , अंक 292, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर 12

स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान 14

## हर-हर महादेव...



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा कर वार्षिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत की, गुफा में मौजूद बाबा बर्फानी के 3 जुलाई से लोग दर्शन कर सकेंगे। (खबर पेज-12) • एजेंसी

# ये पड़ोसियों में संघर्ष नहीं, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई

- भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर
- बोले-आतंकवाद सिर्फ दो देशों का मुद्दा नहीं, इससे पश्चिम भी परेशान होगा

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव महज दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी जो अंततः पश्चिमी देशों को भी परेशान करेगा।

जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार की भी वकालत की तथा इस बात पर बल दिया कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, चीन की तुलना में कुशल श्रम और अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।



यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस के साथ विदेश मंत्री जयशंकर। • एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के लगभग एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने कहा कि मैं आपको एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान के एक सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों महसूस करता था? वह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार दिवसीय संघर्ष पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' को परमाणु हथियार वाले दो पड़ोसियों के बीच प्रतिशोध के रूप में पेश करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि दुनिया समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद के बारे में है, और यही आतंकवाद अंततः आपको (पश्चिमी देशों) परेशान करेगा। जब उनसे पूछा गया कि रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में भारत शामिल क्यों नहीं हुआ, तो जयशंकर ने कहा कि मतभेदों को युद्ध के जरिए नहीं सुलझाया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम नहीं मानते कि मतभेदों को युद्ध के जरिए सुलझाया जा सकता है, हम नहीं मानते कि युद्ध के मैदान से कोई समाधान निकलेगा।

### पश्चिमी देश करें विचार

जयशंकर ने कहा कि भारत की सबसे पुरानी शिकायत है कि स्वतंत्रता के कुछ ही महीनों बाद हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया गया, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजा। और कौन से देश इसका सबसे अधिक समर्थन करते थे? पश्चिमी देश। कहा कि यदि वही देश - जो उस समय टालमटोल कर रहे थे या चुप थे - अब कहते हैं कि आइए अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के बारे में सार्थक चर्चा करें, तो मुझे लगता है कि उनसे अपने अतीत पर विचार करने के लिए कहना उचित है।

# भीषण गर्मी में गहराया बिजली संकट


## स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए ठप हो रही बिजली की आपूर्ति | ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे बिजली अभियंता-कर्मचारी

- प्रदेश में बिजली की मांग बढ़कर पहुंची 31,218 मेगावाट पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए बिजली आपूर्ति ठप हो रही है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद समय पर बिजली व्यवधान दूर नहीं किए जा रहे हैं। हाल यह है कि ऊर्जा निगमों की उपभोक्ता शिकायत सेवा 1912 भी कारगर साबित नहीं हो रही है। प्रदेश में आज अधिकतम बिजली मांग 31,218 मेगावाट दर्ज की गई। भीषण गर्मी में राजधानी समेत प्रदेश भर में लोग परेशान रहे।

बुधवार को भीषण गर्मी का कहर जारी रहा। आगरा में सबसे ज्यादा तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगातार बढ़ी रही बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली आयात की जा रही है। मांग के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, पर सिस्टम पर ज्यादा लोड पड़ने के कारण बिजली लाइनों में खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। तकनीकी खराबियों के कारण बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद दोबारा बहाल करने में घंटो लग रहे हैं। रात में राजधानी समेत प्रदेश के खासे इलाके अंधेरे में डूब जा रहे हैं। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों को प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने व खराबियों को समय पर दूर करने के निर्देश दिये, साथ ही, 1912 उपभोक्ता सेवा पर शिकायतें प्राथमिकता से दर्ज करने व इसका निस्तारण के निर्देश दिये, इसके बाद भी शिकायतें समय पर निस्तारित नहीं की जा रही हैं। 1912 उपभोक्ता सेवा पर लगातार व्यस्त टोन सुनाई पड़ रही है।



### ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल

राजधानी समेत पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। केबिल फाल्ट समेत अन्य खराबियों के कारण बिजली घंटों के लिए ठप हो रही है। लखनऊ में नादरगंज क्षेत्र में बीते दिन अपरान्ह चार बजे गुल हुई बिजली बुधवार की सुबह सवा सात बजे चालू हो सकी। इसी तरह, बंथरा इलाके में तकनीकी खराबी से 13 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही है। इसी तरह, सरोजनीनगर समेत आस-पास के इलाके बिजली संकट की चपेट में बने रहे। यही हाल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहा।

### बरेली में भीषण कटौती

**बरेली।** बरेली में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही बिजली संकट गहरा गया है। शहर के कई क्षेत्रों में 12 से 15 घंटे तक कटौती से हाहाकार मचा है। शहर के जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में मंगलवार की रात 10 बजे तारों में आग लगने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। बुधवार को दिन में 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। नवादा शेखान में ट्रांसफार्मर में खराबी से मंगलवार को पूरी रात संकट रहा। पवन विहार, कृष्णानगर फेस टू कॉलोनी, ग्रीन पार्क आदि जगह पर भी आधी रात से संकट रहा। काबेरी कॉलोनी में तीन दिन में मुश्किल से 30 घंटे बिजली मिली।

### लू की चपेट में आकर चार की मृत्यु

**लखनऊ।** प्रदेश में 45 .4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा, जबकि 25 जिलों में तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। इस बीच लू की चपेट में आकर बांदा में दो जबकि अलीगढ़ और हाथरस में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वहीं, झांसी में दिन में उमस भरी गर्मी के बाद कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई।

### 20-28 डिग्री के बीच रहेगा एसी का तापमान

**नई दिल्ली।** देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए एयर कंडीशनर (एसी) के डिफॉल्ट तापमान को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) रूपरेखा तैयार कर रहा है। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला बीईई ऊर्जा-कुशल प्रक्रियाओं, उपकरणों व प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। एक अधिकारी ने बताया कि इस विषय पर चर्चा जारी है, लेकिन तापमान की सटीक निर्धारित सीमा या समय-सीमा पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

# संतों ने दिखाई वो राह, जो कैराना कांधला जैसी घटना नहीं होने देती

## मुजफ्फरनगर में संत समागम में बोले मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ मुजफ्फरनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में एक संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया था। यहां योगी ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था, पिछली सरकारों ने वह नहीं दिया। पहली बार बाबा साहेब के नाम पर पीएम मोदी ने पंचतीर्थों का निर्माण किया। सरकारें बहुत आईं, लेकिन बाबा साहेब के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनके सांस्कृतिक केंद्र व उनकी स्मृतियों को बढ़ाने का कार्य केवल डबल इंजन सरकार ने किया। 26 नवंबर 1949 से 2015 तक किसी सरकार ने बाबा साहेब के नाम पर समारोह नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी ने 26 नवंबर को बाबा साहेब की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का कार्य किया।



श्रीसतगुरु समनदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

### श्रद्धालुओं को मुहैया कराएंगे सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने 65वीं पुण्यतिथि पर स्वामी भिक्षुकदास महाराज व समनदास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि अगली बार समनदास आश्रम के सामने सतगुरु रविदास व संत समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, पार्किंग, सुंदरीकरण और सत्संग सभागार की स्थापना करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

# अब आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

- 1 जुलाई से आईआरसीटीसी एप वेबसाइट से बुकिंग में बदलाव
- 15 जुलाई से आधार-आधारित ओटीपी भी अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्रालय ने कहा है कि 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत वह उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो।

मंत्रालय ने 10 जून 2025 के एक परिपत्र में सभी जोन को सूचित किया कि निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट/इसके एप से केवल वह उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो। 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है कि तत्काल टिकट यात्री आरक्षण प्रणाली/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होंगे, जब सिस्टम द्वारा उत्पन्न ओटीपी का सत्यापन होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।

### दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

## 15 से बंद हो जाएंगे दुधवा और पीटीआर

**पीलीभीत/लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क 15 जून से सैलानियों के लिए बंद हो जाएंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन को आदेश भी प्राप्त हो गया है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक चला था।

इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बंद होने में तीन दिन बचे हैं। अंतिम दिनों में सैलानियों की भारी भीड़ यहां पहुंच रही है। सैलानियों की बढ़ती संख्या के आगे सफारी वाहन भी कम पड़ते नजर आ रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाएगा।

# बीएसएफ जवानों को दी जर्जर ट्रेन, 4 रेल अधिकारी निलंबित

- अमरनाथ यात्रा सुरक्षा प्रदान करने के लिए ड्यूटी पर जा रहे थे 1200 जवान

नई दिल्ली, एजेंसी

कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं।

रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई, जहां लोगों ने ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की आलोचना की थी।

बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था एवं त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन नौ जून को बीएसएफ को उपलब्ध कराई गई थी और इसकी खराब और जर्जर स्थिति देखी तो जवानों ने एक डिब्बे का निरीक्षण करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

**बेंगलुरु।** बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को बताया कि प्रक्षेपण से पहले लॉन्च पैड पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का हॉट टेस्ट किया गया। इस दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि इसरो, एक्सिओम और स्पेसएक्स विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर रिसाव ठीक करने और फिर उसके अतिरिक्त सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है। इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

- फाल्कन-9 रॉकेट में लीकेज के कारण लिया गया निर्णय

# पार्टी से निकाले गए भाजपा के गोंडा जिलाध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अश्लील वीडियो मामले में की गई कार्रवाई

**अमृत विचार :** भाजपा ने गोंडा के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बीते दिनों अमर किशोर कश्यप का एक महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसका संज्ञान लेते हुए प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने 25 मई को उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया था।

संतोषजनक उत्तर न मिलने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के निर्देश पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। भाजपा की ओर से अश्लीलता व आपत्तिजनक वीडियो के प्रकरण में 25 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

प्रदेश महामंत्री की तरफ से बुधवार को जारी आदेश में लिखा है कि, आप द्वारा भेजा गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आपको तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है। गोंडा के जिलाध्यक्ष का सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ था उसमें वह जिला कार्यालय में महिला कार्यकर्ता के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दे रहे थे।

## साइबर अपराधी गिरफ्तार, 2.8 करोड़ क्रिप्टोकरेंसी बरामद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बुधवार को सरकारी अधिकारी और तकनीकी सहायता करने वाले कर्मचारी के रूप में खुद को पेश करके अमेरिका और कनाडा में भोलेभाले लोगों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह के खिलाफ कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को तीन स्थानों पर की गई तलाशी के दौरान आरोपी राहुल अरोड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.8 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी और 22 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है।

# परिवार ने सोनम से सारे रिश्ते तोड़े, भाई बोला फांसी मिले

## इंदौर में राजा रघुवंशी के घर पहुंचे गोविंद, कहा-मैं सच के साथ हूं

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड की प्रमुख आरोपी और उनकी पत्नी सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने बुधवार को कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ हैं और अगर उनकी बहन इस मामले में दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि उनके परिवार ने सोनम से सारे संबंध तोड़ लिए हैं और उसे सजा दिलाने के लिए राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से वह खुद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अचानक राजा रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पहुंचे गोविंद, राजा की मां उमा से लिपटकर फूट-फूट कर रोए। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषी पाए जाने पर सोनम को फांसी की सजा होनी चाहिए, गोविंद ने कहा कि सोनम दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मैं खुद अदालत में राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से पैरवी के लिए वकील नियुक्त करूंगा। कहा कि मैं सच के साथ हूं। राजा रघुवंशी के परिवार ने एक बेटा खोया है। मैंने परिवार से माफी मांग ली है।



राजा रघुवंशी की मां को ढांढस बंधाते गोविंद।

### सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंधों को नकारा

बहरहाल, सोनम और मामले के एक अन्य प्रमुख आरोपी राज कुशवाह के प्रेम संबंधों को उन्होंने नकार दिया। गोविंद ने कहा कि राज, सोनम को हमेशा दीदी बोलता था। सोनम ने मेरे घर में मुझे और राज को एक साथ बिठाकर राखी बांधी है। उन्होंने कहा, राज हमारा कर्मचारी मात्र था। वह हमारे दफ्तर में दो-तीन साल से काम कर रहा था। वह दफ्तर का प्रबंधन और ग्राहक संभालता था।

### सोनम व उसके साथियों को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी और उसके चार अन्य साथियों को शिलांग की एक अदालत ने बुधवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**कानपुर।** गार्ड की नौकरी छूटने के बाद काम की तलाश में निकले बुजुर्ग को बाइक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को पुलिस ने कांशीराम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मूलरूप से गोरखपुर के उज्जरपार निवासी 64 वर्षीय राम सबध जाजमऊ के पक्की लाका अंसार मार्केट में रहते थे। परिवार में पत्नी विंध्यवासिनी देवी व दो बच्चे अखिलेश, किरन हैं। अखिलेश ने बताया कि पिता मंगलवार को काम की तलाश में निकले थे। जाजमऊ हड्डी मिल के पास पैदल जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

### पत्नी को तलाक दो, नहीं तो मार देंगे

**कानपुर।** चकेरी में सिरफिरा युवक महिला का सिर दर्द बन गया। उसके पति को फोन कर मारने की धमकी दी, तलाक देने का दबाव बनाया। भाई से अश्लील बातें कर तेजाब से नहलाने की धमकी दी। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अफसरों से गुहार लगाईं, तब जाकर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। लाल बंगला ओमपुरवा निवासी युवक ने तहरीर देकर बताया कि मई 2022 में उनकी बहन की शादी बाबूपुरवा निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से मोहल्ले का शानू कुरैशी नामक युवक बहन को फोन कर तलाक देने की बात करने लगा। उससे बहन के बारे में अश्लील बातें कर तेजाब डालने की धमकी दी। बहनोई को फोन कर कहा कि पत्नी को तलाक दे दो। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है।




बुधवार रात करीब 8 बजे परमट घाट पर बिजली बंद करके टेप टैफ्को नाले का वाल्व खोलकर कर्मचारी (इनसेट) ने हजारों लीटर गंदा पानी गंगा में बहा दिया। अमृत विचार फोटो जर्नलिस्ट ने यह धांधली अपने कैमरे में कैद की।

**अमृत विचार एक्सक्लूसिव** अंधेरे में कंपनी के कर्मचारी ने परमट घाट पर खोल दिया टेप टैफ्को नाला

# रात में चुपके से गंगा में बहा दिया सीवर

**मनोज तिवारी, कानपुर**

**अमृत विचार।** रात होते ही जलनिगम की कंपनी केआरएमपीएल महापाप करने में जुटी है। टेप टैफ्को नाला की टेपिंग खोलकल रात के अंधेरे में मां गंगा के पतित पानी को दूषित किया जा रहा है। बुधवार रात ऐसा करते कंपनी के कर्मचारी अमृत विचार के कैमरे में कैद हो गये। लाइट बुझाकर परमट घाट से गंगा में दूषित पानी को छोड़ा जा रहा था। डीजल और बिजली बचाने के लिये कंपनी रोजाना खेल कर रही है। जानकारी के अनुसार रोजाना ऐसा करते हुये करीब 7 एमएलडी दूषित पानी गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है।

टैफ्को (परमट) नाला पूरी तरह से टेप है। यहां आने वाले 7 एमएलडी सीवेज को पंपिंग स्टेशन के जरिये एसटीपी भेजा जाता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आकस्मिक स्थिति से बचने और ओवर लोड पानी को रोकने के लिये यहां वॉल लगाया गया है। जिससे अगर भारी बारिश हो तो वॉल खोलकर दूसरे पाइप के सहारे पानी को छोड़ा जा सकता है। लेकिन, आपात स्थिति के लिये बनाए गए रास्ते को जलनिगम की कंपनी केआरएमपीएल ने पैसा बचाने का जरिया बना लिया है। पंपिंग स्टेशन में लगी मोटरों या बिजली न होने पर जेनरेटर न चलाना पड़े इसलिये कंपनी वॉल खोलकर सीवर को गंगा में प्रवाहित कर रही है।

जलनिगम, ग्रामीण के अधिशासी अभियंता व परियोजना प्रबंधक मोहित चक ने बताया कि यह समस्या अधिकारियों के संज्ञान में है। बस्ती का सीवर, परमट में लगने वाली दुकानें व अन्य जगह से आने वाले पानी को वॉल खोलकर छोड़ा गया है। जब पानी बढ़ जाता है तब यह समस्या होती है। हलांकि जब अमृत विचार ने पूछा कि क्या पानी छोड़ने का कोई नियम है तो उन्होंने कहा कि गंगा में छोड़ने का कोई नियम नहीं है। है तो यह पूरी तरह से गलत, इस समस्या को अधिकारियों को अवगत कराया है। हम इसका सर्वे कराएंगे।

> मैं तुरंत दिखवा रहा हूं, जो भी दोषी है कार्रवाई होगी। यह अक्षम्य है।
> – सुधीर कुमार, नगर आयुक्त



> मैंने फोटो देखी है, ऐसी की तैसी कर दी है। जो हम लोगों ने टेप किया था उसे खोल दिया है। ऐसा कंपनी ने क्यों किया, मैं पता लगा रहा हूं। यदि इलेक्ट्रिसिटी नहीं थी तो जेनरेटर चलाया जाना था। मैं जलनिगम से बात कर रहा हूं।
> – आनंद कुमार त्रिपाठी, जलकल जीएम



**07** एमएलडी दूषित सीवर गंगा में छोड़ा जा रहा

**05** पंप लगे होने के बावजूद कंपनी कर रही गुनाह

■ अमृत विचार फोटोजर्नलिस्ट के खुलासे पर मचा हड़कंप, रात में ही दौड़े अधिकारी

> कंपनी ने डीजल बचाने के लिये यह किया होगा। लेकिन, ऐसा करना बहुत गलत है। मैं, उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दे रहा हूं।
> – आरके सिंह, अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम

# दुष्कर्म पीड़ित तीन वर्ष की बच्ची ने दम तोड़ा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** बांदा में दुष्कर्म का शिकार हुई तीन वर्षीय मासूम ने सात दिन तक अस्पताल में मौत से जंग लड़ने के बाद दम तोड़ दिया। सात दिनों में बच्ची ने जीने के लिए काफी संघर्ष किया, लेकिन अंत में वह बुधवार सुबह खामोश हो गई। यह देख परिजनों के साथ पीआईसीयू में बच्ची की देखभाल कर रही स्टाफ व डॉक्टरों की आंखों में भी आंसू छलक उठे।

बांदा में सात दिन पहले तीन वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने जंगल में दुष्कर्म किया था। उसके साथ हैवानियत की हदें पार कर दीं थीं। हैलट में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, न्यूरो रोग विभाग समेत पांच विभाग के डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और बच्ची का जीवन बचाने का प्रयास किया। लेकिन बुधवार को मासूम की मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक नाजुक अंगों में गंभीरता और संक्रमण के चलते बच्ची कोमा में चली गई थी, मासूम को बचाने के लिए डॉक्टर रात-दिन उसकी देखभाल में लगे हुए थे। लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि मंगलवार देर रात बच्ची अचानक डीप कोमा में जाने लगी और बुधवार सुबह दम तोड़ दिया। उधर, स्वरूप नगर थाने की पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया, जो तीन डॉक्टरों के पैनल से वीडियो ग्राफी के माध्यम से हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिसरा सुरक्षित रखा गया है और स्लाइड भी बनाई गई।

## नाविकों के हाथ जोड़े पर डूबते को नहीं बचाया

**कानपुर।** साथियों के साथ परमट घाट पर गंगा स्नान करते समय युवक डूब गया। आरोप है कि नाविकों से हाथ जोड़कर गुहार लगाई, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। आधे घंटे बाद ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची, तब तलाश शुरू हुई। एक घंटे बाद युवक का शव मिला।

मूलरूप से कानपुर देहात के रसूलाबाद जसापुर गांव निवासी 20 वर्षीय गौरव लखनऊ स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। उसके दोस्त अमित ने बताया गौरव कई बार गंगा स्नान कर चुका था। उसने चर्चा की तो गंगा स्नान की योजना बनाई गई। नाइट ड्यूटी के बाद गौरव के साथ उसकी कंपनी का शेखर, सोमेंद्र, प्रशांत, राजेंद्र बुधवार सुबह पैसेंजर ट्रेन से कानपुर आए। वह लोग परमट पहुंचे, नाव से गंगा की बीच धारा में गए। जहां स्नान करते समय गौरव गहराई में चला गया। दोस्तों का आरोप है कि गौरव को डूबता देखकर मौजूद नाव वालों से मदद करने को कहा, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। सूचना के करीब आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। एक घंटे बाद गौरव का शव कुछ दूरी पर मिला। अमित के अनुसार गौरव के पिता विनोद कुमार यादव किसान हैं। उसके बड़े भाई शिवम ने बताया कि गौरव लखनऊ स्थित अमेजॉन कंपनी में काम करता था।

# कन्वेंशन सेंटर का नाम दिवंगत श्याम बिहारी मिश्र पर रखा जाए

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**



मंडलायुक्त को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

● श्याम बिहारी मिश्रा स्मृति समिति के सदस्य कमिश्नर से मिले

● जनप्रतिनिधियों से भी जुटाएंगे समर्थन, व्यापारियों को भी जोड़ेंगे

**अमृत विचार।** स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा स्मृति समिति के सदस्यों ने बुधवार को मंडलायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। समिति के सदस्यों ने चुन्नीगंज में स्मार्ट सिटी योजना के तहत कन्वेंशन सेंटर का नामकरण पूर्व सांसद व व्यापारी नेता श्याम बिहारी मिश्रा के नाम से किए जाने की मांग की। समिति के सदस्यों ने नामकरण के लिए जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन जुटाए जाने का ऐलान किया है।

मंडलायुक्त को ज्ञापन देने आए समिति सदस्यों ने कहा कि श्याम बिहारी मिश्र ने कानपुर में व्यापारियों की लड़ाई कई बार राष्ट्रीय स्तर पर लड़ी है, वह भाजपा से चार बार सांसद एवं व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। वह कानपुर के लोगों में रचे बसे हैं ,कानपुर व्यापारी उद्यमी एवं मजदूरों का शहर है इसलिए कन्वेंशन सेंटर का नामकरण ब्रह्मलीन श्याम बिहारी के नाम पर ही होना चाहिए। समिति के संयोजक मंडल ने बताया कि समिति इसी क्रम में शहर के सभी जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क कर उनका समर्थन मांगेगी। समिति प्रमुख व्यापारी नेताओं, उद्योगपतियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों से भी संपर्क कर उन्हें इस अभियान में जोड़ेगी। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में रामदेव शुक्ला, सुनील बजाज, सुरेश गुप्ता , कृपाशंकर त्रिवेदी , संजय गुप्ता, सरदार नीतू सिंह, सत्य प्रकाश जायसवाल, आलोक मेहरोत्रा, सौरभ त्रिवेदी, गुलशन जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# रोगियों की मदद करेगा आईआईटी का उपकरण

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान इंडिगो एयरलाइंस के सह-संस्थापक राकेश गंगवाल भी मौजूद रहे। दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान आईआईटी कानपुर के निदेशक ने संस्थान में चल रहे विकास व शोध कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्हें हृदय रोगियों की मदद के लिए आईआईटी में विकसित किए जारहे उपकरण का मॉडल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने आईआईटी निदेशक से प्रदेश के विकास में भी सहयोग करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने संस्थान में चल रहे कार्यों में सहयोग की बात कही।



मुख्यमंत्री को मॉडल सौंपते निदेशक।

प्रो. मणींद्र अग्रवाल और राकेश गंगवाल ने आईआईटी कानपुर में आगामी गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बारे में सीएम को जानकारी दी। बताया कि यह चिकित्सा उपकरणों, डायग्नोस्टिक्स और चिकित्सा विज्ञान में नवाचारों का नेतृत्व करने के लिए चिकित्सा और इंजीनियरिंग विशेषज्ञों को एक साथ लाने में सहयोग करेगा। उन्होंने सीएम को आईआईटी कानपुर में विकसित किए जा रहे भारत के उन्नत हृदय-सहायक उपकरण - हृदययंत्र का एक 3-डी मॉडल भी भेंट किया। यह हृदययंत्र लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइस को अंतिम चरण के हृदय विफलता वाले रोगियों की सहायता के लिए डिजाइन किया गया है। यह पहल आईआईटी कानपुर में गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के बड़े विजन का हिस्सा है।

### लोहे की प्लेटें चोरी करने वाले पांच आरोपी हत्थे चढ़े

**कानपुर।** गोविंदनगर में दुकान के बाहर से लोहे की प्लेटें चोरी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस को सात क्विंटल की 12 प्लेटें मिलीं। चोरी में इस्तेमाल लोडर और रेकी करने वाली कार भी पकड़ी गई। गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को ओवरब्रिज के नीचे से पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में बर्रा आठ निवासी सुशील गिरि, जरौली फेस टू निवासी उमेश गिरि और संदीप गिरि व गाजीपुर के थाना सैदपुर के धर्मापुर गांव निवासी कृष्ण गिरि व धनंजय गिरि हैं। सभी कार से घूमकर इलाके में रेकी करते हैं। इसके बाद जहां उन्हें चोरी करने लायक जगह मिलती है। वह लोडर टीम को सूचना देते हैं। लोडर से तीन लोग पहुंचकर वहां पड़े माल को लाद लेते हैं। जिस समय चोरी का माल लादत हैं, दूसरी टीम निगरानी करती है। आरोपियों को जेल भेजा गया है।




डायलिसिस
गुर्दा रोग
डा. समीर गोविल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी.(गुर्दारोग)
गुर्दा रोग परामर्शदाता
भूतपूर्व गुर्दा रोग विशेषज्ञ,
संजय गांधी पी.जी.आई. लखनऊ
क्लीनिक
• कनिष्क हॉस्पिटल
10/503A खलासी लाइन, तिलकनगर
आभा नर्सिंग होम के बगल में, कानपुर
सोम से शनि दोपहर 1 से 3 बजे
• 372 विकास नगर, सेलटैक्स
ऑफिस डबल रोड, कानपुर
सोम से शनि सायं 7:00 से 8:00
M: 9839923723, 8948558429



नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क

खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

## आज का मौसम

आगामी दिनों में धूप और गर्मी बढ़ेगी, फिलहाल पांच दिन तक बूंदाबांदी के आसार नहीं हैं

43.0° अधिकतम तापमान | 34.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:02

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## शहर में आज

- **संगोष्ठी:** स्वतंत्रता संग्राम सैनानी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी जीटी रोड आजाद प्रतिमा के समीप शाम 5:15 बजे।
- **ज्ञापन:** एटक की ओर से अपर श्रमायुक्त को ज्ञापन दोपहर 1 बजे।
- **बैठक:** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में 3:30 बजे।
- **प्रोफेशनल मीट:** भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय सभागार केशव नगर में शाम 5:30 बजे।
- **वीआईपी:** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का नगर आगमन :
- **निरीक्षण:** कांशीराम अस्पताल का निरीक्षण करेंगे डिप्टी सीएम

## रास्ते में रोककर पीटा धारदार हथियार से हमला

**कानपुर।** शिवनगर चकेरी मोड़ निवासी सिद्धार्थ सिंह ने पुलिस दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम कृष्णापुरम में बहन को कोचिंग छोड़ने के बाद भाई संग मौसी के घर जा रहा था। तभी दीपक यादव ने अपने चार साथियों के साथ रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज की। विरोध पर पीटने के बाद धारदार हथियार से हमला किया। हमले में सिद्धार्थ के चार दांत टूट गए। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## चोरी की भैंसों के साथ पांच युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** सचेंडी के भैंरमपुर निवासी अनिल शुक्ला की दो भैंसें सोमवार को चोरी हो गई थीं। पुलिस ने पांच चोरों भैरमपुर गांव के आयुष तिवारी, सचेंडी के अनस, डेरापुर नंदपुर के नूर हसन, सचेंडी बिराहारा के छोटे मुन्ना और गुफरान को पकड़ लिया। एसीपी पनकी ने बताया कि चोरों के पास से दोनों भैंस के साथ स्कूटी और चार मोबाइल बरामद किया है।

**बिजली संकट** पूरे शहर में बिजली के लिए मचा हाहाकार, 5-5 मिनट में आती-जाती रही बिजली


# आ गई-चली गई, यही करते बीती पूरी रात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बेकाबू बिजली संकट से शहर के लाख लोग त्रस्त हैं। हजारों शिकायतें करने के बाद उपभोक्ताओं को 24 घंटे तो छोड़िए 20 घंटे भी बिजली मिलना कठिन हो रहा है। लाखों लोगों को रात जागकर बितानी पड़ रही है। क्षेत्रीय लोग सबस्टेशनों में हंगामा कर रहे हैं। साउथ सिटी में तीन दिन से पूरी रात हर 5 मिनट में बिजली आ और जा रही है। इससे लोग सो नहीं पा रहे और बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं। हालात इतने बदतर हैं कि कई सबस्टेशनों पर फाल्ट ठीक करने के लिए गैंग ही नहीं हैं। केस्को एमडी आफिस से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं।

मंगलवार रात रतनलाल नगर में बिजली रात को नौ बजे गुल हुई और रात एक बजे के बाद आई। लेकिन पूरी तरह से नहीं। बिजली की आवाजाही होती रही थी। इसकी वजह से कुछ घरों में बिजली उपकरण खराब हो गए। दबौली, गुजैनी, बर्रा विश्व बैंक व आसपास के क्षेत्रों में भी यही हालात रहे। 5-5 मिनट में बिजली आती-जाती रही। बिजली न आने से गुस्साए लोग दबौली सबस्टेशन पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस बुलानी पड़ गई। क्षेत्र के आदर्श दीक्षित, श्याम दिवाकर एडवोकेट, श्याम दुबे, अजय पाल आदि ने सोशल मीडिया पर बिजली संकट के खिलाफ काफी नाराजगी व्यक्त की। इसके अलावा बर्रा में मंगलवार रात 10 बजे से बुधवार दोपहर तक बिजली नहीं रही।

इसके अलावा पुराना काकादेव व चंदेल चौराहा में रात के नौ बजे से रात को ढाई बजे तक बिजली गुल रही। बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक चंद्र नगर, लाल बंगला, परदेवनपुरवा, में दोपहर से शाम तक, गुजैनी व सूटरगंज के कुसुम निकुंज में बिजली नहीं रही। इनके अलावा केशवपुरम, बंगाली कॉलोनी, किदवई नगर, बाबाघाट, ओम नगर, दर्शनपुरवा, त्रिवेणी नगर, गोलाघाट, बकरमंडी, जूही कला, नई सड़क, योगेंद्र विहार, पोखरपुर, मसवानपुर, बाबूपुरवा, ट्रांसपोर्ट नगर, कैलाश नगर, छबिलेपुरवा, मानस विहार, संजय गांधी नगर समेत 50 से अधिक क्षेत्रों में बिजली का काफी संकट रहा। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए घरों से निकल कर पेड़ों की छांव में रहे।



बाबूपुरवा सबस्टेशन में लेटे पार्षद अकील शानू।



दबौली सबस्टेशन में देर रात हंगामा कर रहे लोगों को पुलिस ने समझाकर शांत कराया। अमृत विचार

**01** दर्जन क्षेत्रों में पूरी रात नहीं रही बिजली, जनता गर्मी में बिलबिलाई

**50** से अधिक शहर के क्षेत्र दिन के समय भी रहे बिजली के बिना

**03** दिन से लगातार बिजली संकट है बेकाबू, केस्को हुआ लाचार

### रात में सबस्टेशन पर लेटे रहे पार्षद

**कानपुर।** बिजली संकट से बेहाल जनता को राहत दिलाने के लिए बेगमपुरवा, बाबूपुरवा के पार्षद अकील शानू देर रात बाबूपुरवा सबस्टेशन पहुंच गए और वहीं लेट गए। कहा कि जब तक क्षेत्र की बिजली चालू नहीं की जाती, वह सबस्टेशन से नहीं जाएंगे। हर 1 मिनट में फोन बज रहा है, जनता बिजली के लिए चिल्ला रही है। सबस्टेशन पर मौजूद एसएसओ ने उन्हें बताया कि ओवरलोड के कारण अपने आप बिजली कट रही है लेकिन पार्षद ने कहा जनता उन्हें घेर रही है। वह सबस्टेशन से नहीं जाएंगे और यहीं लेटेंगे।

### केस्को के मुताबिक सिर्फ इतनी देर नहीं थी बिजली

केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक चिड़ियाघर उपकेन्द्र के लाल फाटक फीडर की बिजली नए पोलों में अर्थिंग लगाने की वजह से सुबह 40 मिनट नहीं थी। आरएनडी कॉलेज फीडर की बिजली एचटी पोल लगाने की वजह से दोपहर 12 बजकर 20 मिनट से एक बजकर 40 मिनट तक नहीं थी। किदवई नगर एच-ब्लॉक की बिजली 33 केवी पीजी क्लैम्प बदलने के कारण दोपहर 12 बजे से एक बजे तक नहीं थी। बर्रा-7 में वितरण ट्रांसफार्मर में में फॉल्ट होने के कारण दोपहर दो बजे से तीन बजे तक नहीं थी। इसके अलावा डिफेंस कॉलोनी व ओमपुरवा में इनकमर की 11 केवी मेन केबिल में फाल्ट होने से सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक सिर्फ बिजली नहीं थी। मंगलवार को केस्को की विद्यूत आपूर्ति सप्लाई 23 घंटे 26 मिनट रही।

# एमडी साहब बताएं, कहां है बिजली, कहां गए वो वादे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंभीर बिजली संकट पर गोविंद नगर के भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बुधवार को केस्को मुख्यालय में केस्को एमडी सैमुअल पॉल से मिलकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। विधायक ने एमडी से कहा कि सरकार जब 33 केवीए और 11 केवीए की लाइन से बराबर बिजली की निर्बाध आपूर्ति कर रही है तो बिजली से कानपुर त्राहिमाम क्यों कर रहा है। इसका निस्तारण हर हाल में अविलंब करें। आवश्यकता पड़ी तो मुख्यमंत्री से समस्या के निराकरण की मांग की जाएगी।

विधायक ने पूछा कि वादों के मुताबिक लोकल फाल्ट भी तुरंत क्यों नहीं ठीक हो रहे हैं। 1912 पर की गई शिकायतों का समाधान चार से पांच दिन तक नहीं हो रहा है। बार-बार ट्रिपिंग से लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं। कारखानों में उत्पादन लड़खड़ा गया है। मैथानी ने कहा कि लाइनमैनों की कमी है तो पहले इंतजाम क्यों नहीं किए गए। ओवरलोड हर साल की समस्या है, सालभर अधिकारी क्या करते रहे। बिजली संकट से निपटने के क्या इंतजाम पहले से किए गए। केस्को एमडी ने बुधवार से ही व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।


### केस्को अधिकारी करेंगे अब नाइट कॉम्बिंग

केस्को एमडी ने तकनीकी अभियंता सुनील कुमार को निर्देश दिया कि तुरंत जहां पर जितने भी ई-रिक्शा आदि की आवश्यकता हो, वहां पर तत्काल प्रभाव से लाइनमैनों को वह सुविधा दी जाए। जहां पर लाइनमैन गैंग की संख्या कम है वहां पर रात से ही गैंगमैन की संख्या बड़ा दी जाए। जिन सबस्टेशन पर ट्रिपिंग की ज्यादा समस्या या शिकायत है, उन्हें चिन्हित कर नाइट कॉम्बिंग केस्को के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा की जाएगी। इसकी नियमित मॉनिटरिंग मुख्यालय से की जाएगी। वह खुद 1912 पर आने वाली शिकायतों के संबंध में अपडेट रहेंगे।



केस्को एमडी से वार्ता करते विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

## स्ट्रॉबेरी मून दिखा नारंगी





ज्येष्ठ पूर्णिमा के चांद को स्ट्रॉबेरी मून कहा जाता है। इस वर्ष बुधवार को स्ट्रॉबेरी मून की रात थी। लोग स्ट्रॉबेरी मून को देखने के लिए छतों पर मौजूद रहे और आसमान की तरफ निगाह लगाए रहे लेकिन चंद्रमा गुलाबी नहीं हुआ। इसका रंग थोड़ा नारंगी रहा। इस बार का स्ट्रॉबेरी मून नाम ही नहीं बल्कि इसके 'माइक्रो मून' और 'मेजर लूनर स्टैंडस्टिल' की वजह से भी खास है। दरअसल, अमेरिका में जून के समय स्ट्राबेरी की कटाई होती है। इसीलिए इसे स्ट्रॉबेरी मून नाम दिया गया है। फोटो परमट घाट की है।

# एसडीएम खड़े रहे, आयुष्मान केंद्र का ताला नहीं खुला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की सख्ती के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों व जिम्मेदारों पर कोई खास असर नहीं पड़ रहा है। हाथीपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार सुबह साढ़े 10:30 बजे नर्वल एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा पहुंचे तो स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा हुआ था। टीकाकरण कक्ष भी बंद था। उन्होंने थोड़ी देर केंद्र की प्रभारी डॉक्टर व स्टाफ के आने का इंतजार किया, लेकिन जब कोई नहीं आया तो उन्होंने केंद्र की बाहर से वीडियो व फोटोग्राफी कराई। 11 बजे तक केंद्र का ताला नहीं खुला। दो तीन मरीज निराश लौट गए।

नर्वल एसडीएम विवेक कुमार के मुताबिक औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला और कोई कर्मचारी या डॉक्टर नहीं मौजूद था। निरीक्षण में मिली कमियों की जानकारी जिलाधिकारी को दी गई है। केंद्र प्रभारी व स्टाफ का एक दिन का वेतन रोकने के लिए सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को पत्र लिखा जाएगा। जिलाधिकारी के मुताबिक सीएमओ को नोटिस भेजकर इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

# ॐ का टैटू हटवाओ, धर्म बदलो तभी करूंगा शादी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुस्लिम युवक ने नाम बदलकर युवती से दोस्ती की और अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाए। हाथ से ॐ का टटू हटवाकर मुस्लिम धर्म अपनाने पर ही शादी करने की बात कही। युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

खलासी लाइन निवासी 25 वर्षीय युवती एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। युवती के अनुसार एक साल पहले उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। जिसने अपना नाम बाबूपुरवा निवासी सोनू बताया। कुछ दिन फोन पर बात होने पर उनकी युवक से दोस्ती हो गई। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। जिसके बाद युवक ने शादी का झांसा देकर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। जिसे वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने कई बार उनके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता ने शादी का दवाब डाला तो अपना असली नाम सरताज बताकर मुस्लिम होने की जानकारी दी। उसने धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपनाने और हाथ में बना ॐ का टैटू हटवाने के बाद शादी करने की बात कही। जिस पर पीड़िता ने उससे बातचीत करना बंद कर दिया। बीती 31 अप्रैल को आरोपी ने पीड़िता को नवाबगंज के लाल फाटक स्थित एक घर में बुलाया। जहां उसके दुष्कर्म किया और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने और अश्लील वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। इस पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। नवाबगंज थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

# घूसखोर दरोगा के चक्कर में हटे नौबस्ता इंस्पेक्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधीनस्थों पर निगरानी में लापरवाही का आरोप
- आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों का फीडबैक भी खराब

**अमृत विचार।** एंटी करप्शन टीम ने नौबस्ता थाने में तैनात दरोगा अभिनव चौधरी को 20 हजार रुपये घूस लेते दबोचा था। उसे सस्पेंड करके जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस अधिकारियों ने जांच की तो पाया कि नौबस्ता के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह की अधीनस्थों पर प्रभावी निगरानी नहीं है। वहीं आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक भी ठीक नहीं मिला, इस पर थाना प्रभारी को थाने से हटाकर होमोसाइड यूनिट, अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है। थाना नौबस्ता का तीन माह का आईजीआरएस पोर्टल पर फीडबैक का प्रतिशत कम रहा है। फरवरी में 47.62, मार्च में 45.33 व अप्रैल माह में 40 प्रतिशत रहा हजै। तीन माह में यह आंकड़ा लगातार नीचे गिरता रहा। ऐसी स्थितियों को देखते पुलिस स्थापना बोर्ड ने थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया। नौबस्ता थाना प्रभारी का चार्ज एसओजी प्रभारी अपराध शाखा शरद तिलारा को मिला है। होमोसाइड यूनिट, अपराध शाखा के प्रभारी रहे तेज बहादुर सिंह को एसओजी प्रभारी का चार्ज दिया गया है।

**हेल्थ जोन** डॉक्टरों ने हीट स्ट्रोक से बचाव व इलाज की दी जानकारी, अत्यधिक पसीना आना या बिल्कुल न आना, दोनों खतरनाक

# ज्यादा देर तक तेज गर्मी में रहने से हो सकता हीट स्ट्रोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर आप लंबे समय तक अत्यधिक गर्मी में रहते हैं तो हीट स्ट्रोक हो सकता है। हीट स्ट्रोक एक जानलेवा आपात स्थिति है, जो तब होती है जब शरीर का तापमान खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी में रहने से शरीर खुद को ठंडा करने के लिए पसीना बहाता है।

जब व्यक्ति पर्याप्त पानी नहीं पीता या ज्यादा पसीना बहता है तो शरीर खुद को ठंडा करने में असमर्थ हो जाता है, जिस वजह से शरीर का तापमान खतरनाक स्तर तक बढ़ने से हीट स्ट्रोक होता है। यह जानकारी आईएमए उपाध्यक्ष डॉ. कुणाल सहाय ने दी।

बुधवार को परेड स्थित आईएमए सभागार में जागरूकता गोष्ठी हुई। आईएमए के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एके शाह ने बताया कि गर्मी में मुंह, नाक व कान ढाककर निकलें। आईएमए एएमएस के चेयरमैन डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि अत्यधिक पसीना आना या पसीना अचानक बंद हो जाना दोनों ही खतरनाक हैं। अगर व्यक्ति को तेज बुखार, चक्कर या बेहोशी, सिरदर्द, उल्टी, त्वचा का लाल व सूखे और दिल की धड़कन तेज हो तो सचेत रहें और बिना देरी के अस्पताल में जाकर इलाज कराएं।

जीएसवीएम मेडिकल कालेज की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि इस मौसम में आंख के इंफेक्शन, कंजेक्टिवाइटिस, यूवी किरणों से फोटो कैराइटिस, शरीर में पानी की कमी से आंखें में पानी की कमी, सूखने या ड्राई आई होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में अच्छे चश्मे पहनना जरूरी है। आईएमए सचिव डॉ. विकास मिश्रा ने सावधानी व बचाव की जानकारी दी।




हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव की जानकारी देते आईएमए सचिव डॉ.विकास मिश्रा, साथ में डॉ. एके शाह, डॉ.कुणाल सहाय, डॉ.शालिनी मोहन व डॉ.अनुराग मेहरोत्रा। अमृत विचार

### ऐसे करें बचाव

- दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें।
- अधिक मात्रा में पानी और तरल पदार्थ में नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी पिएं।
- हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें।
- धूप में निकलते समय छाता, टोपी या गमछा जरूर रखें।
- घर में बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें।
- खुले मैदान, धूप या पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में बच्चों या पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें।
- लू लगने पर तुरंत ठंडी जगह पर व्यक्ति को ले जाएं।
- धूप में बाहर निकलने पर सिर को ढक कर निकलें।

अकाउंट विभाग में थे तैनात, बेटे ने कहा, लाखों रुपये था कर्ज, पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने की जांच-पड़ताल

# सीएसजेएमयू क्लर्क समेत सात लोगों ने फांसी लगाई

● सूदखोरों ने कुछ दिन पहले सीएसजेएमयू कैंपस में आकर की थी मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में अकाउंट विभाग में कार्यरत क्लर्क ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवि कैंपस में स्थित क्वार्टर में उनका शव फंदे से लटका मिला। कहा जा रहा है कि क्लर्क पर लोगों का लाखों रुपये कर्ज था। बहू-बेटा घर पर थे, जबकि पत्नी गांव गई हैं। उनके आने पर स्थितियां स्पष्ट होंगी। कल्याणपुर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की है।


राकेश गौड़।

मूलरूप से गोरखपुर के सीपीगंज निवासी 52 वर्षीय राकेश गौड़ विश्वविद्यालय अकाउंट विभाग में क्लर्क थे और विवि कैंपस में स्थित क्वार्टर में रहते थे। परिवार में पत्नी पुष्पा, बेटा अमन व बहू कल्पना हैं। बहन के बेटे का मुंडन संस्कार होने के कारण पुष्पा बीती 5 जून को गांव गोरखपुर गई थी, जबकि बहू व बेटा यहीं हैं। मंगलवार को खाना खाने के बाद राकेश कमरे में सोने चले गए, बेटा दूसरे कमरे में सोया था। बुधवार सुबह जब राकेश देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो बेटे ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब न मिलने पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो पिता का शव फंदे से लटका देखा। बेटे अमन का कहना है कि पिता का काफी कर्ज था। कुछ दिन पहले ही विनायकपुर के कुछ युवकों ने कैंपस में आकर उनसे मारपीट की थी। जिसके तनाव में उन्होंने यह कदम उठाया है।

### मां के दुपट्टे से लटककर दे दी जान

■ **कानपुर।** मां के दुपट्टे से फांसी लगाकर युवक ने जान दे दी। मंडी जाने की बात कहकर घर से निकले युवक का शव घर से कुछ दूरी पर आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला। सचेंडी के पंचमपुरवा निवासी 19 वर्षीय प्रकाश चकरपुर मंडी में मजदूरी करता था। पिता भूरा की चार साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार में मां गीता व छोटा भाई मुकेश है। ताऊ सोहन सिंह ने बताया कि प्रकाश मंगलवार रात करीब नौ बजे चकरपुर मंडी जाने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद आम के बाग में मां के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने उसे लटके देखा तो परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को बताया गया।

### हवालात से छूटकर आया और लगा ली फांसी

■ **कानपुर।** चकेरी में इलेक्ट्रीशियन ने नशे की हालत में पत्नी से मारपीट की। इस पर पत्नी ने पुलिस बुला ली और उसे हवालात पहुंचा दिया। नशा उतरा तो सुबह परिजन उसे लेकर घर पहुंचे। लौटने पर उसने दोबारा पत्नी से मारपीट की और फंदे से लटककर जान दे दी। चिस्तीनगर अन्ना चौराहा निवासी 42 वर्षीय अतुल कुमार पेशे से इलेक्ट्रीशियन था। परिवार में पत्नी दया, दो बच्चे अनिकेत व सिम्मी हैं। पहली पत्नी की मृत्यु के बाद अतुल ने दया से प्रेम विवाह किया था। दया के अनुसार मंगलवार रात नशे की हालत में पति ने उससे मारपीट की तो चकेरी पुलिस से शिकायत की। इस पर पुलिस उसे पकड़ ले गई और हवालात में डाल दिया। उसका नशा उतरा तो कार्रवाई नहीं और सुबह ले आए। लौटने के बाद उसने पिता जयराम प्रसाद से कुछ देर बातचीत की, इसके बाद फिर मारपीट की और कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और फांसी लगा ली।

### सिंचाई विभाग कर्मी ने की आत्महत्या

■ **कानपुर।** बर्रा के दामोदरनगर में सिंचाई विभाग कर्मचारी 40 वर्षीय ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ने घरेलू कलह से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पत्नी पूनम, बेटी सांची, बेटा आराध्य में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार तीन दिन से ब्रम्हदत्त काम पर नहीं गए और शराब पी रहे थे। बुधवार शाम घर पहुंचे और पूनम से झगड़ा हुआ। इसके बाद खुद को कमरे में बंदकर दुपट्टे से फांसी लगा ली। दरवाजा न खुलने पर खिड़की से पत्नी ने झांका तो शव लटका मिला। सूचना पर बर्रा पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

### नीम के पेड़ से लगाई फांसी

■ बिधनू के औछी मोहाल पूर्वी घाटमपुर निवासी शिव भोला के 21 वर्षीय बेटे अंकित ने नीम के पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवार में मां शांती, बहन सोनी है। अंकित ई-रिक्शा चलाता था। उसकी मां ने बताया कि अंकित रिक्शा घर पर खड़ा करके निकला था। फिर कई घंटे तक वापस नहीं आया। मंगलवार दोपहर लोग जब संभुआ पुल के पास गए तो नीम के पेड़ पर अंकित का शव लटका देखा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस पेड़ से शव उतरवाया और परिजनों से पूछताछ के बाद कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता किया जा रहा है।

### युवक ने फंदे से लटककर दी जान

कानपुर। पनकी के शाहपुर निवासी 42 वर्षीय आनंद कुमार राजपूत ने भोर पहर चार बजे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आनंद प्राइवेट नौकरी करता था। परिवार में मां रामदुलारी, पत्नी रीना, दो बच्चे पलक व अंश हैं। पिता रामस्वरूप व चचेरे भाई देवी प्रसाद ने बताया आनंद शराब का लती था। मंगलवार रात में भी नशे की हालत में था। खाना खाकर कमरे मे सोया था। देर रात वह उठकर कमरे में टहल रहा था, इसके बाद उसने फांसी लगा ली। सुबह जब देखा गया तो कमरे में फंदे से उसका शव लटक रहा था। सूचना पर पनकी पुलिस ने परिजनों से पूछताछ व जांच की।

### मानसिक तनाव में महिला ने दी जान

कानपुर। फीलखाना थानाक्षेत्र में 38 वर्षीय मोरकी देवी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मूलरूप से राजस्थान के पाली निवासी चतरा राम ज्वेलरी शॉप में कारीगर हैं और परिवार सहित फीलखाना में किराए पर रहते हैं। परिवार में चार बच्चे हैं। चतरा राम ने बताया कि पत्नी मोरकी मानसिक रूप से कमजोर थी। चिड़चिड़ापन व तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया है। बच्चे और वह कमरे में सोए थे, इसी बीच मंगलवार देर रात उठकर साड़ी से गले में फंदा कसकर आत्महत्या कर ली।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में मनाया गया नौका विहार उत्सव



**कानपुर।** श्री राधा कृष्ण मंदिर( जेके मंदिर ) में धूमधाम से नौका विहार उत्सव मनाया गया। शाम को सात बजे मंदिर की विशेष संध्या आरती के बाद नौका विहार उत्सव का भव्य हुआ, इसके लिए मंदिर स्थित सरोवर को सुन्दर पुष्पों, दियों और लाइट्स से सजाया गया। दिव्य पुष्पों से सुसज्जित नौका में भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी संग विराजमान हुए। मन्त्रों, भजनों और जयकारों से गूंजते वातावरण में भगवान ने नौका विहार किया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प चढ़ाकर अपने आराध्य के प्रति प्रेम अर्पित किया। नौका विहार उत्सव के साथ ही आध्यात्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया, जिसमें स्वारंजलि संगीत शिक्षण संस्थान के कलाकारों ने भक्तिपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर कथक नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी। मौजूद श्रृद्धालुओं ने नौका विहार उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। ● अमृत विचार

### सड़क पर धूल के साथ बालू बनी आफत

**कानपुर।** काकादेव में डबलपुलिया से नीरक्षीर चौराहे पर पाइप लाइन डालने के लिए महीनों पहले हुई खुदाई राहगीरों के लिए आफत बनी है। खुदाई के बाद यहां मिट्टी चारों ओर बिखरी है जिससे दिन भर धूल उड़ती है।

कुछ दिन पहले सीएसए में प्रधानमंत्री के आगमन के समय मिट्टी के ऊपर गिट्टी और बालू डाल दी गई थी। अब धूल के साथ दिनभर बालू भी उड़ती है।

## सार-संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में होगा क्रिकेट मैच


सांसद रमेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री को मैच का निमंत्रण दिया।

**कानपुर।** ग्रीनपार्क में 22 जून को सांसद इलेवन और सेना इलेवन क्रिकेट मैच होगा। बुधवार को सांसद रमेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट कर मैच का निमंत्रण दिया। सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि यह क्रिकेट मैच भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, साहस और पराक्रम को समर्पित होगा। इससे ऑपरेशन सिंदूर की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का काम किया जा रहा है। बताया कि इस मैच में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, सांसद, सेना के वरिष्ठ अधिकारी को आमंत्रित किया जाएगा। सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे राष्ट्रभक्ति और सैन्य सम्मान की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया है।

### उपलब्धियां बताकर फीडबैक लेगी भाजपा



भाजपा प्रदेश महामंत्री, एमएलसी अनूप गुप्ता।

**कानपुर।** केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रबुद्धजनों के बीच मजबूत पकड़ बनाने के दक्षिण जिला इकाई की ओर से गुरुवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 बजे होने वाले कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री, क्षेत्रीय प्रभारी एवं एमएलसी अनूप गुप्ता शहर के चिकित्सक, वकील, समाजसेवी, शिक्षक, उद्योगपति, प्रोफेसर, व्यापारियों एवं प्रबुद्धजनों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। जिससे समाज के प्रभावी वर्गों के मध्य से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जा सके। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि प्रोफेशनल मीट न केवल संवाद का माध्यम बनेगी, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त कर आगामी योजनाओं में उनके विचारों को भी सम्मिलित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा, संकल्प, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष और सशक्त भारत सुरक्षित भारत विषय पर चर्चा होगी।

### एआई और एयरोस्पेस में तेज गति से हो सकेंगे शोध


समझौता पत्र के साथ अधिकारी।

**कानपुर।** इंजीनियरिंग अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी कानपुर ने एनमैक्सस के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा, एयरोस्पेस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए हुआ है। समझौते के बाद संस्थान के शोध कार्य में तेजी आ सकेगी। न्यू मैक्सिको स्थित गैर-लाभकारी विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) एन मैक्सस के साथ हुई साझेदारी का उद्देश्य भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योग हितधारकों के बीच सहयोग को मजबूत करना है। आईआईटी कानपुर और एन मैक्सस संयुक्त रूप से अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। आईआईटी कानपुर के निदेशक मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि एन मेक्सस के साथ यह साझेदारी उच्च प्रभाव वाले अनुसंधान और नवाचार का समर्थन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों को विस्तारित करने के लिए हुई है। हमारा लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा, एआई, एयरोस्पेस, साइबर सुरक्षा, मेडटेक और उन्नत विनिर्माण में प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने वाली तकनीकों का सह-विकास करना है।


गौरी शंकर राय को पुष्पांजलि दी गई। अमृत विचार

### राजनीति में शुचिता के प्रतीक थे गौरी शंकर राय

**कानपुर।** समाजवादी योद्धा गौरी शंकर राय की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे डॉ.जनार्दन राय ने बताया कि गौरी शंकर राय राजनीति में शुचिता के प्रतीक थे। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा के सदस्य के रूप में प्रदेश व देश का प्रतिनिधित्व किया। आजादी के लिए सन् 1942 में जेल गए और आपात काल में लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए अलख जगाते रहे। किसानों और मजदूरों के प्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र के समाजवादी योद्धा थे। राज कुमार सिंह ने ईमानदार वयक्ति के रूप में रेखांकित किया। इस दौरान अस्मिता राय, सुभाषिता राय, गीता तिवारी, अभिषेक सेंगर, राजर्षि शुक्ला समेत अन्य लोग रहे।

### नॉर्थ ईस्ट एकेडमी ने जीता मैच

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के एसीईएस ग्राउंड में प्रोफेसर डीवाई. यादव मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट खेला गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. आर्क वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रो. कौस्तुभ कुलकर्णी और रणजी ट्रॉफी के दिग्गज खिलाड़ी राहुल सप्रू शामिल रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले हुए। पहला मैच एसीईएस ग्राउंड पर नॉर्थ ईस्ट एकेडमी और सप्रू एकेडमी के बीच खेला गया। नॉर्थ ईस्ट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 111 रन बनाए। जवाब में सप्रू एकेडमी की टीम 108 रन ही बना सकी और मुकाबला 3 रनों से नॉर्थ ईस्ट एकेडमी ने जीत लिया। यह मुकाबला अंतिम ओवर तक रोमांचक बना रहा। दूसरे मुकाबले में चंद्रा क्रिकेट एकेडमी ने टीएसएच एकेडमी को 18 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी चंद्रा क्रिकेट एकेडमी की टीम 15.4 ओवरों में 96 रनों पर ऑल आउट हो गई। वहीं, दीपक सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाज़ी के ज़रिए मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 3.2 ओवर में मात्र 5 रन देकर 4 विकेट चटकाए और टी.एस.एच. एकेडमी को 18.2 ओवरों में 78 रनों पर समेट दिया।

## दो ट्रेलरों में भिड़ंत में चालक की जान गई

● फतेहपुर से कानपुर आने वाली लेन पर दो घंटे तक लगा लंबा जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर थाने के सामने लोहे के गार्डर लदा ट्रेलर दूसरे ट्रेलर से टकरा गया। पीछे चल रहा ट्रेलर का चालक केबिन ने फंस गया। जबकि परिचालक टक्कर के बाद उछलकर दूर जा गिरा। पुलिस ने दो घंटे मशक्कत कर जेसीबी व दो हाइड्रा मशीन की मदद से केबिन काटकर चालक का शव बाहर निकाला। वहीं घायल परिचालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

राजस्थान के जोधपुर नारायणनगर बालेसर गांव निवासी 30 वर्षीय सोसाराम ट्रेलर चालक था। ट्रेलर का परिचालक भल्लाराम जोधपुर रूगाराम करनी का रहने वाला है। सोसाराम ट्रेलर में कच्चे लोहे के गार्डर लादकर झारखंड के रामगढ़ से नागौर जा रहा था। बुधवार सुबह ट्रेलर महाराजपुर थाने के सामने पहुंचा, तभी आगे चल रहे लोहे के गार्डर लदे ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे पीछे चल रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसा। भिड़त के कारण गार्डर ट्रेलर के केबिन को तोड़ते हुए अंदर जा घुसे। चालक सासाराम की गार्डर की चपेट में आकर केबिन के अंदर ही मौत हो गई। वहीं गेट खोलकर बैठा परिचालक झटका लगने से दूर जा गिरा। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं हादसे के बाद फतेहपुर से कानपुर आने वाली लेन पर जाम लग गया। जेसीबी व हाइड्रा की मदद से केबिन काटकर शव को निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवाया। तब यातायात सुचारू हो सका।

### पारंपरिक कला को मिलेगा बढ़ावा

**कानपुर।** आरएके आईआईटी कानपुर के डिजाइन डेवलपमेंट सेंटर में छह दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का नेतृत्व प्रोफेसर मंगेश अफरे कर रहे हैं, जो भारतीय क्राफ्ट्स एंड डिज़ाइन संस्थान, जयपुर के सिरेमिक विशेषज्ञ हैं। कार्यशाला का मकसद एक कारीगर, एक उत्पाद की सोच के तहत कारीगरों को एक खास उत्पाद में महारत हासिल करने में मदद करना है। इस कार्यशाला में उपयोग की गई मिट्टी सीधे गंगा नदी से ली गई है, जो क्षेत्रीय संस्कृति से जुड़ाव दिखाती है। कार्यशाला में प्रोफेसर मंगेश अफरे ने बताया कि हम कानपुर के दूरदराज़ गांवों के कारीगरों के साथ मिलकर नई तकनीक और आधुनिक डिज़ाइन लेकर आए हैं। ये कारीगर शहर के बाजार की जरूरतों को नहीं समझ पाते। हम डिजाइनर की मदद करते हैं ताकि वे शहर की मांग के अनुसार डिजाइन बना सकें।

## 91.58 फीसदी युवाओं ने दी यूपी कैटेट परीक्षा, 1136 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


परीक्षा देकर निकलीं छात्राओं ने पेपर मिलाया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की ओर से बुधवार को यूपी कैटेट की परीक्षा प्रदेश के 11 शहरों के 26 परीक्षा केंद्रों में कराई गई। इसमें 13496 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था।

कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय ने बताया कि 13,496 के सापेक्ष 12,360 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रदेश में 1136 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रदेश में स्नातक प्रवेश परीक्षा देने वालों का प्रतिशत 91.58 प्रतिशत रहा। कानपुर शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 3382 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3217 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। कानपुर के परीक्षा केंद्रों पर कुल 165 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कानपुर में प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 95.12 फीसदी रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से केंद्रों का निरीक्षण किया। मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि 12 जून को प्रदेश में पीजी मास्टर्स में 3236 परीक्षार्थी सुबह 9 से 12 बजे तक प्रदेश के 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। पीएचडी के 1304 परीक्षार्थी प्रदेश के 10 केंद्रों पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक परीक्षा देंगे। एमबीए के 524 परीक्षार्थी शाम 3 से 5 बजे तक प्रदेश के 6 केंद्रों पर परीक्षा देंगे।

● शहर में परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 95.12 रहा

## पति-पत्नी के बीच भरोसा बनाए रखना जरूरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिठूर, सिंहपुर स्थित सुखधाम टाउनशिप में वूमेन इंपॉर्टेंट फाउंडेशन व मुस्कुराए कानपुर ने महिलाओं, बच्चों व अभिभावकों के लिए गाइडेंस व काउंसलिंग सेंटर की शुरुआत की। एडिशनल एसपी डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने कहा कि यह काउंसलिंग सेंटर समाज के लिए एक बहुत ही अच्छी पहल है। इस पहल से बहुत सारे परिवार बिखरने से व तमाम तरह की मुश्किलों से और साथ ही कोर्ट या पुलिस कार्रवाई से निजात पा सकेंगे। फाउंडेशन के संस्थापक सेवानिवृत्त आईपीएस रतन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं व बच्चों के अधिकार के लिए बने कानून से अवगत कराया जाए, जिसकी सबसे ज्यादा जरूरत तब होती है, जब वह पीड़ित होते हैं। गणेश तिवारी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने का जुमला अब हमें छोड़ देना चाहिए, महिलाएं सशक्त हैं। उनके अंदर से समाज में फैलाये जा रहे डर को हमें खत्म करना चाहिए, और जो घरों में पति-पत्नी के बीच का जो भरोसा खत्म हो रहा है, उसे बनाए रखना बहुत ही जरूरी है। इस दौरान वंदना निगम, मृदुला शुक्ला, अनुराग मेहरोत्रा, दीपिका श्रीवास्तव, सुनीता वार्ष्णेय, दिनेश वार्ष्णेय, प्रदीप शिवहरे, अनिल सिंदूर, सुधांशु राय व विनीता समेत आदि रहे।

## नालों में जमा प्लास्टिक वेस्ट, सड़कों पर कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने सफाई व्यवस्था, नाला सफाई और फुटसल मैदान और सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत बन रही सड़कों का निरीक्षण किया। फजलगंज कूड़ा अड्डे के पास नालियो में प्लास्टिक जमा पाई, इसपर जोनल स्वच्छता अधिकारी-5 को फटकार लगाई और तत्काल सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने विजय नगर चौरोहे के पास रफाका नाले में चल रही सफाई कार्य को देखा। मुख्य अभियन्ता ने बताया कि चौराहे के बगल में मछली मण्डी है, जिससे गन्दा वेस्ट नाले में ही डाल देते हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि मछली मण्डी को तत्काल हटाया जाये। उन्होंने पनकी में निर्माणाधीन फुटसल ग्राउंड भी देखा। बर्रा बाईपास चौराहे पर पुलिस चौकी के पीछे काफी कूड़ा एकत्रित पाया गया।

## जिला जज को बाल गृह में नहीं मिले योग अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर स्थित राजकीय बाल गृह बालिका यूनिट-1 का बुधवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद किशोर न्याय समिति के निर्देश पर जिला जज चवन प्रकाश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कुछ बालिकाओं ने जिला जज से घर भेजे जाने की प्रार्थना की। अधीक्षक ने बताया कि उनके माता-पिता अपने साथ ले जाने को तैयार नहीं हैं। इस संबंध में जिला जज ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को निर्देश दिया कि बालिकाओं को उनके घर भेजे जाने के लिए बालिकाओं के माता-पिता को बुलाकर उनकी काउंसलिंग कराई जाए। राजकीय बाल गृह बालिका यूनिट - 2 में उनको बताया गया कि बालिकाओं को सुबह नाश्ते में दूध, साबूदाने की खिचड़ी, फल व दोपहर के भोजन में रोटी, चावल, मटर पनीर की सब्जी, सलाद, मठ्ठा दिया गया था। राजकीय बाल गृह बालक कल्याणपुर के निरीक्षण में पता चला कि शिक्षिका सुमन द्वारा बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा देने के साथ विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी भी कराई जा रही है। जिला जज को तीनों संस्थानों में योग अध्यापक नहीं मिले। अपर जिलाधिकारी न्यायिक को निर्देश दिया कि संबंधित से पत्राचार कर संस्था में नियमित योग अध्यापक संबद्ध किया जाए। अधिक्षिका नियमित सफाई व डॉक्टर से विजिट करवाते रहें।

निरीक्षण | अपर नगर आयुक्त ने देखी उद्यमियों के साथ क्षेत्र की दुर्दशा

## औद्योगिक क्षेत्र में नालों में सिल्ट व कूड़े के ढेर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


अपर नगर आयुक्त को समस्याएं बताते उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उद्यमियों ने बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र की समस्याएं दिखाईं। अधिकारियों को नालों में भरी सिल्ट व कूड़े के ढेर दिखाए। उद्यमियों की नाराजगी के बाद अधिकारियों ने समस्याओं को बरसात से पहले दूर किए जाने का आश्वासन दिया है।

सुबह अपर नगर आयुक्त् जगदीश यादव ने फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया। अपर नगर आयुक्त के साथ अधिशासी अभियंता अभियंत्रण सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता के साथ जोनल स्वास्थ्य अधिकारी व उनकी टीम भी मौजूद रही। फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने अपर नगर आयुक्त को फजलगंज में कई स्थानों पर एकत्रित कूड़े के ढेर दिखाए। सिल्ट व कूड़ा भरा हुआ दिखाया और कई स्थान पर नलों में पानी बहने में हो रहे अवरोध भी दिखाए। एक दर्जन से अधिक नालियों के टूटी हुई होने की समस्या बताई गई। कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़क दिखाई गई। जलकल की सीवर लाइन से पानी बहने के कारण खराब हुई सड़क और सड़कों में गड्ढे दिखाए गए। अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव ने बताया कि दो दिन के अंदर समस्याएं निस्तारित कर दी जाएंगी। बारिश से पहले सभी कार्य पूरे करा दिए जाएंगे।

● बरसात के पहले समस्या के समाधान का आश्वासन दिया

# अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत

## सड़क हादसे में श्रमिक, ट्रेन की चपेट में आने से युवक और पेड़ के नीचे दबने से किसान की चली गई जान

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तातियागंज गांव के निकट हाईवे किनारे सर्विस लेन पर बुधवार सुबह अज्ञात वाहन ने फैक्ट्री कर्मी को टक्कर मार दी। हादसे मे फैक्ट्री कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मालूम हो कि ग्राम नइकापुर, थाना इंदरगढ़, कन्नौज निवासी रज्जन सिंह (45) पुत्र श्रीकृष्ण क्षेत्र के तातियागंज गांव स्थित एक पशु आहार फैक्ट्री में पल्लेदारी का काम करता था और यहीं पर किराए का कमरा लेकर अकेला रह रहा था। बताया गया है कि बुधवार सुबह वह कार्यवश फैक्ट्री से बाहर निकला था। तभी फैक्ट्री के सामने ही हाईवे किनारे सर्विस लेन पर किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक का चेहरा बुरी तरह से कुचल जाने से उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कराये। साथी श्रमिक द्वारा पहचाने जाने के बाद मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। परिजनों के आ जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है, दुर्घटना करने वाली गाड़ी का पता लगाया जा रहा है।


इस पेड़ के नीचे दबा था किसान। अमृत विचार

### पेड़ गिराते समय हुआ हादसा


अमरनाथ।

**घाटमपुर।** भीतरगांव विकासखंड क्षेत्र के अरंजराम गांव में पेड़ के नीचे दबकर एक किसान की मौत हो गई। बताया कि विद्युत पोल के सहारे बांधकर पेड़ काटा जा रहा था। अचानक झोका लगने से विद्युत पोल समेत पेड़ किसान के ऊपर गिर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अरंजराम गांव निवासी किसान अमरनाथ (50) बुधवार सुबह शौच क्रिया के लिए खेतों पर गया था। रास्ते में गुजरते समय बगीचे के किनारे एक यूकेलिप्टस पेड़ को विद्युत पोल के सहारे रस्सी से बांधकर काटा गया था। अचानक किसान के ऊपर गिर गया। इससे वह घायल हो गया। परिजन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलसि ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मालगाड़ी की चपेट में आया युवक


मिथुन।

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र दपसौरा रेलवे स्टेशन और यमुना साउथ बैंक के बीच रेलवे ट्रैक पर बुधवार शाम साढ़े 5 बजे बांदा से कानपुर जाने वाली मालगाड़ी की चपेट आ जाने से भटपुरवा निवासी रामबाबू विश्वकर्मा के 20 वर्षीय अविवाहित बेटे मिथुन विश्वकर्मा की मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों सूचना दी। हादसे की सूचना सजेती पुलिस को दी गई मौके पहुंची सजेती पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को पीएम के भेजा।

## मजदूरी कर लौट रही महिला को दबंगों ने पीटा

**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के राढ़ा गांव में खेत से घर लौट रही महिला पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता तारावती पत्नी कमलेश कुमार ने बिल्हौर थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह मजदूरी करके घर लौट रही थी। गांव में नल से पानी भरते वक्त कमलेश और सजीवन लाल ने उसे अपशब्द कहे, मना करने पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे उसकी उंगली फट गई और सिर पर चोट आई। घटना के वक्त उसका दिव्यांग पुत्र भी साथ में था, जिसे भी महिला शिवानी और रोशनी ने मार पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि हमला जान से मारने की नीयत से किया गया था। पुलिस ने तारावती की शिकायत के आधार पर आरोपियों कमलेश, सजीवन लाल, शिवानी और रोशनी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की चली गई जान

संवाददाता, चौबेपुर

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के विशुनपुर गांव में बुधवार सुबह बीमारी के चलते एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की बहू ने मौत को संदिग्ध बता मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी महावीर कुरील (65) काफी समय से बीमार चल रहे थे। जिनका उपचार भी चल रहा था। इधर बुधवार सुबह महावीर की मौत हो जाने पर बहू सुशीला ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बताया कि उसके ससुर की मौत संदिग्ध अवस्था में हुई है। जिस पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।जहां मृतक की बहू सुशीला ने बताया कि ससुर महावीर के उपचार मे पैसों की तंगी के चलते कुछ दिन पहले पारिवारिक भूमि की बिक्री हुई थी। उसने अपने देवरों पर ससुर को मार डालने का आरोप लगाया। वहीं मृतक की पत्नी शीला ने पुलिस को बताया कि बहू द्वारा लगाये जा रहे आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। पति की मौत बीमारी के चलते हुई है। मौतक के बाद घर में मातम पसर गया।

प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने राठौर बताया कि बहू द्वारा जताई गई आशंका के चलते शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सार-संक्षेप


डिवाइडर पर चढ़ने के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक।

### तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा चढ़ा। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बीच मार्ग पर खड़े ट्रक को किनारे कराया। मालूम हो कि बुधवार शाम बिल्हौर से कानपुर की ओर जा रहा ट्रक मरियानी के सामने गांव के सामने मार्ग पर पड़ी गिट्टी से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा चढ़ा। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना देख आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगवा कर बीच मार्ग पर खड़े ट्रक को किनारे कराया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि अनियंत्रित ट्रक डिवाइड पर चढ़ा था, जिसे बीच मार्ग से हटा कर किनारे करा दिया गया।



भूमिगत नाली का लोकार्पण करतीं क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष अनुराधा अवस्थी।

### भूमिगत नाली का किया लोकार्पण

**बिठूर।** क्षेत्र पंचायत कल्याणपुर कानपुर नगर में ग्राम पंचायत बगदौढ़ी बागर के रामनगर में अमोद अवस्थी के घर से दीपक त्रिवेदी के घर एवं स्वराज आश्रम तक भूमिगत नाली का लोकार्पण क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष अनुराधा अवस्थी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी, बीडीसी रिचा शुक्ला, अरविंद शरण शुक्ला, दीपक त्रिवेदी, हिमांशु शुक्ला, अभय अवस्थी, आमोद अवस्थी, अजय पांडे, राहुल त्रिपाठी, रोहित त्रिपाठी ,मोहन स्वरूप शुक्ला आदि क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### जनरल मर्चेंट गोदाम में भीषण आग, हादसा बचा

**कानपुर।** चमनगंज थाने के आनंद बाग में बुधवार रात थोक मर्चेंट गोदाम में भीषण आग लग गई। इसी गोदाम के ऊपर गोदाम मालिक का परिवार रहता था जिसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रंजीत जनरल स्टोर के ग्राउंड फ्लोर में रात करीब साढ़े 10 बजे आग लगी। पूरा परिवार ऊपरी मंजिल पर था। गोदाम के अंदर से धुआं उठता देख क्षेत्रीय लोगों की मदद से परिवार को सुरक्षित निकाल लिया गया। भारी धुएं के कारण पुलिस ने आसपास की बिल्डिंगों को भी खाली करा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही कई फायर स्टेशनों की गाड़ियां पहुंचीं और नीचे गोदाम का शटर तोड़कर चारों तरफ से पानी की बौछार करके आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। देर रात तक मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा थाना चमनगंज, बजरिया सहित कई थानों की फोर्स और एसीपी मौके पर मौजूद रहे। बता दें कि बीते दिनों प्रेम नगर में छह मंजिला इमारत में आग से एक परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई थी।

## दुष्कर्म का आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर, टीमें गठित

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। घाटमपुर क्षेत्र में 5 साल की बच्ची से दरिंदगी का आरोपी बुधवार को भी पुलिस गिरफ्त से दूर रहा। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर जगह-जगह छापामारी कर रही है। बताया जाता है कि पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की है।

पड़ोस में रहने वाले युवक पर आरोप है कि दुकान जा रही बच्ची को उठा एक मजार के पीछे दुष्कर्म किया। बच्ची चीखी तो उसके मुंह में पत्ते और मिट्टी भर दी। मामला खुलने के डर से बच्ची के सिर पर ताबड़तोड़ ईंट मारकर हत्या की कोशिश की थी। बच्ची की तलाश करते हुए मां बाहर आई तो उसे बच्ची खून से सनी हालत में मिली। बच्ची का यहां हैलट के आईसीयू वार्ड में उपचार चल रहा है। इधर पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश में चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही आरोपी को अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

## समाचार पत्र वितरक संतोष को मातृ शोक

**घाटमपुर।** साढ़ थाना के विराहर चौकी क्षेत्र के समाचार पत्र विक्रेता संतोष कुमार की माता रामश्री (90) पत्नी स्व. रामसरे का बुधवार को निधन हो गया। निवादा निवासी का स्वर्गवास हो गया है। संतोष कुमार , वा विनोद कुमार,प्रमोद कुमार,सुबोध कुमार पुत्रो वा समाचार पत्र विक्रेताओं में शोक की लहर है। इस दौरान समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष टिंकू बाजपेई सहित दर्जनों समाचार पत्र विक्रेता एवं शुभचिंतकों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

# केकेआर ने जीता जीपीएल टूर्नामेंट

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** सुखवासी सिंह जनता इंटर कॉलेज में चल रहे जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब केकेआर ने स्वास्तिक इलेवन को हराकर जीत लिया। बुधवार को टॉस जीतकर केकेआर ने पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 149 रन बनाए। इसमें शक्षम शिवहरे ने 48 रन मनु सिंह ने 30 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वास्तिक 127 रन बनाकर आल आउट हो गई। राज कटियार ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच अशोक मेहता ने मनु सिंह को दिया। टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन खिताब यश सचान को मिला, खिताब छुट्टन बाबू, धर्मेंद्र सचान द्वारा दिया गया। बेस्ट बॉलर देवांश तिवारी रहे। खिताब राजीव दीक्षित द्वारा दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज मनु सिंह को उमाशंकर सचान व विनोद कुशवाहा द्वारा दिया गया। विजेता केके आर को 25000 रुपये कैश व ट्राफी दी गई।



जीत का जश्न मनाती विजेता टीम। अमृत विचार

## पुरानी खुन्नस में युवक को दबंगों ने पीटा

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के पडरी लालपुर गांव में रास्ते से निकलने की पुरानी खुन्नस को लेकर पांच नामजद सहित कई अज्ञात लोगों ने युवक पर लाठी डंडा तथा सरिया से हमलाकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पीड़ित ने गांव निवासी युवकों पर हमलाकर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए साढ़ थाना पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस द्वारा घायल को उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया।

पडरी लालपुर निवासी रामकुमार पुत्र रामनारायण ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र करन कश्यप परिजनों के साथ तालाब में बेल डालने का काम कर रहा था तभी पुरानी खुन्नस को लेकर पहुंचे गांव निवासी पांच नामजद व पांच अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमलाकर दिया, जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग गए। पीड़ित ने घायल पुत्र के साथ पहुंचकर साढ़ पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि घायल को उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया है, जहां तहरीर के अनुसार जांचकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



समरकैंप के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# समरकैंप में बच्चों ने सीखी नई गतिविधियां, समापन

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** भीतरगांव विकासखंड 21 मई से 10 जून तक प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप लगे। समरकैंप में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया, इसमें विकासखंड के 68 उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिदिन समर कैंप में सक्रियता से प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय में दैनिक योगाभ्यास एक्सरसाइज एवं प्रत्येक दिन की अलग-अलग गतिविधियां जैसे खो-खो, अंताक्षरी, कॅरियर काउंसलिंग, भाषा विकास, पर्यावरण बचाओ, गणित दक्षता विकास को महत्वपूर्ण स्थान दिया। खंड शिक्षा अधिकारी पूनम वर्मा की देखरेख में समर कैंप का संचालन किया। एआरपी मुलायम सिंह ने बताया कि विकासखंड भीतरगांव में कंपोजिट विद्यालय अरंझामी, कंपोजिट विद्यालय मेहरौली, कंपोजिट विद्यालय गाजीपुर, कंपोजिट विद्यालय कीसा खेड़ा के साथ साथ अन्य विद्यालयों ने भी बहुत ही अच्छा कार्य किया गया। विद्यालयों में अभिभावक फीडबैक के दौरान यह पाया गया कि इस प्रकार के समर कैंप संचालन से अभिभावकों में अपने छात्रों के भविष्य के प्रति एवं कुशलता के प्रति नवीन आशा जागृत हुई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

मेरा बीए तृतीय वर्ष,सत्र 2022–23, अनुक्रमांक – 2040580 011373 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **रवि शंकर कोरी पुत्र भागीरथी कोरी, पता – ग्राम – मोहद्दीनपुर, पोस्ट – भदोही, जिला – प्रतापगढ़ (उ.प्र.)।**

### सूचना

मेरा बीएससी प्रथम,द्वितीय व तृतीय वर्ष, सत्र – 2021 – 22 अनुक्रमांक – 1940580041099 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **दीक्षा सिंह पुत्री हरगोविंद सिंह पता –ग्राम/पोस्ट – पूरे केशवराय, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

### सूचना

मैं अर्चना द्विवेदी पत्नी उदय शंकर नि. 257 ख निशानिया पैकोली, भाटपार रानी भींगारी बाजार देवरिया, शादी के बाद अपना नाम बदलकर अर्चना रख लिया है जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है भविष्य में हमें अर्चना के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार (संख्या – 2093 4787 6673) में उसका नाम सार्थक मिश्रा अंकित हो गया है। जो कि उसका घरेलु नाम है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतदद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं। **अजय कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय – लक्ष्मी नारायण मिश्रा मोहनलाल गंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश)**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पिता संजय कुमार पुत्र विजय कुमार दिनांक 02.09.2011 से कहीं चले गये हैं तबसे वह घर वापस नहीं आये हैं। **रीता चौधरी पुत्री संजय चौधरी निवासिनी 548घा/70 तेजीखेड़ा, मानकनगर, लखनऊ।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर है।जो कि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर E 2191426 में त्रुटिवश MOHAMMAD SUHEL AkHTAR पुत्र दिलशाद हुसैन दर्ज हो गया है,जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन 421 जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर 224149**

### सूचना

मैने अपने बेटे अजितेश सिंह के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम से एक पालिसी ली थी, पालिसी संख्या 268258448 है। यह पालिसी मैने दिनांक 26.05.2023 को ली थी, अब सभी अभिलेखीय रिकार्ड में अजितेश सिंह का नाम हर्षवर्धन सिंह कर दिया है। अतः अब हर्षवर्धन सिंह से जाना पहचाना जाएगा। **धनंजय प्रताप सिंह निवासी ग्रा व पो. सिसई बेलसर गोंडा।**

### सूचना

मै दिनेश शर्मा पुत्र श्री धर्मवीर शर्मा निवासी ई 2/120– 2/121 सेक्टर एल, कानपुर रोड योजना, एल डी ए कालोनी लखनऊ सूचित करता हूं कि, मेरे मकान संख्या ई 2/120 का कब्जा और आवंटन पत्र एवं ई 2/121 का कब्जा पत्र कहीं खो गया है। इसका उपयोग करना गैरकानूनी है, अतः जिस भी व्यक्ति को यह प्रपत्र प्राप्त हों, वो उपरोक्त पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

### सूचना

मेरा बड़ा लड़का रामजी व उसकी पत्नी शशी मेरे परिवार से अलग रहते हैं। उनके किसी कार्य से मेरा कोई लेना–देना नहीं है। दोनों को चल –अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **सुरेश सिंह पुत्र स्व0 हरनाम सिंह, नि0 राजपुर म0 बैरी दरियाव तह0 मैथा जनपद कानपुर देहात।**

### सूचना

मैं अपने बड़े पुत्र शिवम एवं उनकी पत्नी ज्योति व दूसरे नंबर के पुत्र राज को उनके गलत आचरण के चलते तीनों लोगों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए लेनदेन व किसी प्रकार की क्रियाकलापों व (कृत्य) के प्रति हम उत्तरदाई नहीं होंगे। **सुभाष चक्रवर्ती पुत्र मेवाराम ग्राम ऐरवा टीकुर (पछेला) थाना ऐरवा कटरा जिला (औरैया)।**

### सूचना

सूचित किया है कि ग्राम पंचायत गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही निवासी रामू पुत्र हीरालाल दिनांक 16 फरवरी 1990 को गांव से लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। वह जहां कहीं भी हों घर आने का कष्ट करें। **आपके भाई भुल्लन व सर्वेश कुमार ग्राम सभा गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही जनपद उन्नाव।**

### सूचना

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड में आशा देवी है तथा वोटर आईडी कार्ड में गीता है जबकि गीता एवं आशा देवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मेरा नाम गीता सत्य व सही है। कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। **गीता पत्नी उदयभान ग्राम विशुनपुरखुर्द धमरैया परगना ग्वारिच तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा।**

### सूचना

मैं अमरनाथ पाण्डे पुत्र कन्हैया लाल पाण्डे निवासी ग्राम पूरे मंशा मजरे किठवा थाना व तहसील सलोन जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे सबसे छोटे पुत्र दुर्गेन्द्र पाण्डे व उनकी धर्म पत्नी प्रमिला पाण्डे आए दिन लड़ाई झगड़ा किया करते हैं, जिससे पीड़ित होकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों का मेरा और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं होगा।

**समस्या** — कम वोल्टेज भी लोगों को कर रहा परेशान

# रात में गुल हो रही बिजली, बिलबिला रहे उपभोक्ता

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर और आसपास के इलाकों में रात इन दिनों रात में जमकर अघोषित बिजली कटौती हो रही है। इससे गर्ती के चलते लोग बिलबिला उठते हैं और जनजीवन प्रभावित रहा। रात भर बिजली न होने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली सोमवार, मंगलवार को बिजली गुल होने की समस्या रही। बिजली न होने के कारण न केवल पंखे और कूलर बंद रहे, बल्कि पीने के पानी की भी किल्लत हो गई, क्योंकि अधिकांश घरों में पानी की आपूर्ति मोटर से होती है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। रात भर मच्छरों का प्रकोप रहा, इससे लोगों की नींद हराम हो गई। सुबह जब बिजली आई तो भी वोल्टेज कम होने की शिकायतें मिलीं, जिससे घरों के उपकरण चलाने में दिक्कत हुई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में इस तरह की लंबी और अघोषित कटौती से लोगों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने ने बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाने की मांग की है। कहा कि कटौती का एक निश्चित शेड्यूल जारी किया जाए ताकि लोग अपनी दिनचर्या उसी के अनुसार व्यवस्थित कर सकें। बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। सोमवार की देर रात जवाहर नगर, वैष्णों नगर, गया प्रसाद नगर समेत कई मोहल्लों की बत्ती गुल रही मंगलवार की सुबह भी बार-बार समस्या हुई।

### हालामऊ गांव में दस दिन से अंधेरा

ककवन थाना क्षेत्र के हालामऊ गांव में बीते लगभग 10 दिनों से लगातार ट्रांसफार्मर फुंके होने के चलते लोगों को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। कई बार एसडीओ बिल्हौर को शिकायत के बाद भी मामले में अभी तक सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष ब्लॉक ककवन मिंटू राठौर ने बिल्हौर उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर गांव की समस्या के बारे में बताया लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। गांव के सत्यम राठौर, श्री राम, गुरु प्रसाद, सोहनलाल आदि ने बताया कि लगातार गर्मियों के दिनों में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं।

### गर्मी से बढ़ रहे मरीज,एक ही परिवार के 3 बीमार


सीएचसी में भर्ती मरीज।

**बिल्हौर।** बढ़ा हुआ तापमान लोगों को बीमार कर रहा है। इससे ककवन सीएचसी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है, और इसका मुख्य कारण तेज धूप और गर्मी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ककवन में औसतन 120 मरीज आते थे लेकिन इन दोनों तेज उमस और धूप में लगातार मरीज के संख्या में इजाफा होता नजर आ रहा है। बुधवार को कानपुर देहात के अनी निवादा गांव में एक परिवार के तीन लोग बेहद गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हुए, जिनको फूड प्वाइजनिंग की शिकायत हो गई थी। देर रात दूध में मखाना खाने से परिवार के मां समेत दो बच्चों की हालत बिगड़ गई थी। आनन –फानन में परिजनों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉ. विकास के द्वारा तीनों का उपचार किया गया और लगातार ट्रीटमेंट के बाद तीनों की हालात में कुछ सुधार हुआ है। इसी तरह लगातार तेज धूप और गर्मी के कारण मरीजों की संख्या बढ़ती चली जा रही है ऐसे में डॉक्टरों द्वारा एतिहात के तौर पर लोगों को एडवाइजरी भी जारी की है।

## आलू किसानों से लाखों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**बिल्हौर।** बिल्हौर क्षेत्र में एक आलू व्यापारी किसानों को लाखों रुपये का चूना लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि कन्नौज जनपद के ग्राम कपूरापुर निवासी सचिन पुत्र विनोद कुमार ने किसानों से आलू खरीदने के बाद अधिकांश भुगतान नहीं किया। किसानों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी बिल्हौर अशोक कुमार ने कहा है कि किसानों की शिकायत पर आरोपी सचिन कटियार पुत्र विनोद कटियार, निवासी कपूरापुर, मानीमऊ थाना कोतवाली कन्नौज को धारा 170, 126, 135 गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 10-10 घंटे बिजली गुल, भीषण गर्मी से हाहाकार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** दो दिनों से फाल्ट व बिजली कटौती से भीषण गर्मी से शिवली व शोभन बिजली घरों के करीब डेढ़ सौ गांवों के ग्रामीण परेशान है। दो दिनों से दस-दस घंटे बिजली कटौती से रात-दिन का चैन गायब हो गया है। जिससे महिलाएं, बच्चे व बूढ़े लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जवाहरपुरम से आने वाली 33 केवीए बिजलीघर से जुड़े शिवली व शोभन की बिजली सोमवार और मंगलवार रात को गुल हो गई। इसके बाद बिजली दोनों दिन की दोपहर में बिजली बहाल हो पाई। जिससे ग्रामीण भीषण गर्मी में परेशान दिखे। ग्रामीण विजय कुमार मौजी, मनीष कुमार, राजू शुक्ला, चंदन गुप्ता, मोहन कुमार, अंकित गुप्ता, अनुपम वर्मा, शिवम दीक्षित आदि ने बताया कि बिजली कटौती से भीषण गर्मी में दिन व रात काटना मुश्किल हो रहा है। एसडीओ वंशरोपण ने बताया कि फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति में व्यवधान आया है।

### अघोषित कटौती और ट्रिपिंग ने किया बेहाल

**कानपुर देहात।** तापमान में इजाफा होने के साथ ही बिजली खपत भी तेजी से बढ़ी है। ऐसे में अघोषित बिजली कटौती व ट्रिपिंग लोगों को और बेहाल कर रही है। मंगलवार शाम करीब नौ बजे से जिला मुख्यालय समेत अकबरपुर कस्बा में बिजली की ट्रिपिंग शुरू हो गई, जो देर रात तक जारी रही। वहीं रात डेढ़ बजे से एक घंटे तक बिजली कटौती की गई। जिसके चलते लोग भीषण गर्मी में कराह उठे और रात के समय घर के बाहर व छतों पर टहलते नजर आए। वहीं विद्युत अधिकारियों का कहना है कि खपत बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर लोड नहीं उठा पा रहे हैं। जिससे बिजली आपूर्ति में दिक्कत आ रही है।

### रात की नींद, दिन का चैन हराम



बिजली कटौती से भीषण गर्मी में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों को इस समस्या पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

–प्रभात अवस्थी, शिवली



दो दिनों से अघोषित बिजली की कटौती से हर कोई परेशान है। दिन का चैन और रात की नींद हराम है। सत्ता पक्ष को दर्द समझना चाहिए।

–शेखर तिवारी, ककरदही



बिजली की अघोषित कटौती से लोग हलेकान हैं। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की ऊपर शिकायत की जाएगी।

–मनीष सैनी, शिवली



दो दिनों से बिजली की भीषण कटौती से आम लोग बहुत परेशान हैं। भीषण गर्मी में लोगों का चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है।

–शिवम दीक्षित, बैरी सवाई

### फॉल्ट पर अफसरों के नहीं उठते सीयूजी फोन नंबर

**रूरा।** कस्बे में अगर बिजली समस्या हो जाए तो उसे ठीक कराने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कर्मचारी न तो फोन उठाते हैं और न ही ड्यूटी पर तैनात मिलते हैं। मंगलवार रात कस्बे की रामलीला गली के पास के कुछ घरों में सप्लाई बाधित हो गई। लोगों ने जेई व एसडीओ के सीयूजी नंबर पर फोन किया, लेकिन सुबह 9 बजे तक किसी ने फोन नहीं उठाया। जब कुछ प्रभावशाली लोगों ने जेई के व्यक्तिगत नंबर पर काल की, तो जेई नीतिल उपाध्याय ने व्यस्तता बताकर पल्ला झाड़ लिया। भीषण गर्मी में बच्चे व बुजुर्ग बेहाल रहे। शिवम, अंकित सिंह आदि बोले, समस्या होने पर सीयूजी नंबर नहीं उठते हैं।

## पुखरायां में करंट से युवक की मौत

**पुखरायां।** पुखरायां कस्बा के इंद्रानगर निवासी एक युवक करंट की चपेट ने आकर गंभीर रूप से झुलस गया। सामुदायिक स्वास्थ् केंद्र से उसे अकबरपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां ईएमओ ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा के इंद्रानगर निवासी नईम ने बताया कि उसका पुत्र नसीम (22) घर में बिजली के तार सही कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने नसीम को मृत घोषित कर दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम न कराने की बात कहकर शव घर ले गए।

# ब्रेकर पर उछली बाइक पत्नी की छिनी जिंदगी

संवाददाता, राजपुर

- पति का इलाज कराने जालौन से बिधूना जा रही थी महिला
- खासबरा मोड़ के पास ब्रेकर पर अनियंत्रित हुई बाइक



महिला की मौत पर छानबीन करती पुलिस।

**अमृत विचार।** कस्बे के खासबरा मोड़ के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से पीछे बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

जालौन जनपद के आटा निवासी रघुवीर ने बताया कि उसके बड़े भाई जगराम की बीमारी का इलाज कराने बुधवार के लिए वह भाभी देवेंद्री (40) के साथ बिधूना बाइक से जा रहा था, तभी खासबरा मोड़ के पास बने ब्रेकर में बाइक उछलकर अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक में पीछे बैठी देवेंद्री सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने एंबुलेंस से महिला को राजपुर पीएचसी भेजा। जहां डॉ. ध्रुव सिंह ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पर परिजनों में कोहराम मच गया। राजपुर थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते सोमवार की शाम मवेशियों के बाड़े में चारा डालने गई किशोरी के दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने गांव के ही सौरभ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को खिरियनपुरवा मोड़ से आरोपी सौरभ को पुलिस ने पकड़ लिया। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया आरोपी युवक सौरभ को दुष्कर्म और पॉक्सो का अभियुक्त है। बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा दिया गया।

### परिषदीय स्कूलों में 30 जून तक अवकाश की मांग

**कानपुर देहात।** ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून को समाप्त हो रहा है, लेकिन गर्मी का भयंकर प्रकोप अभी चरम सीमा पर है। फिलहाल 16 जून से 30 जून तक गर्मी से राहत मिलने का कोई संकेत नहीं है। मौसम विभाग ने भी लू और गर्मी के संकेत दिए हैं। ऐसे में कक्षा आठ तक के बच्चों को विद्यालय में एक बजे तक रोके जाने पर स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसपर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएश ने सीएम योगी आदित्यनाथ से ग्रीष्मावकाश को 30 जून तक बढ़ाने की मांग की है।

### मानसिक विक्षिप्त युवक का सड़क के किनारे मिला शव

**मंगलपुर।** झींझक व आसपास कई दिनों से घूम रहा मानसिक रूप से करीब 40 वर्षीय विक्षिप्त युवक की बुधवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव सुरासी गांव के आगे भट्ठा के सामने सड़क किनारे पाया गया। झींझक निवासी मोनू पाठक ने मंगलपुर थाना पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक नेम सिंह मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों ने उसके पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में लावारिस अवस्था में घूमता देखे जाने की जानकारी दी है।

### राज्यमंत्री की कृपालपुर में जन चौपाल आज

**कनपुर देहात।** प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला अकबरपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन शिवाजी नगर कृपालपुर में आज सुबह 11 बजे से जन चौपाल में लोगों की जनसमस्याएं सुनेंगी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी भी मौजूद रहेंगे। लोग अपनी समस्याओं को लिखित एवं मौखिक रूप से बता सकते हैं। यह जानकारी भाजपा जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा बबलू भारती ने दी है।

# सरिया से हमले में दोषी को चार साल कारावास

## भोगनीपुर क्षेत्र के असेवा गांव में 13 साल पहले हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पानी पीने के लिए सिंचाई पाइप खोलने पर हुआ था विवाद
- एक आरोपी ने पहले ही कोर्ट में कबूल कर लिया था गुनाह

**अमृत विचार।** भोगनीपुर क्षेत्र के असेवा गांव में करीब तेरह साल पहले ट्यूबवेल में पानी पीने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट के मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे चार साल के कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय ने बताया कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के असेवा गांव निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 23 अप्रैल 2012 को वह अपने पिता राम मूरत के साथ खेतों में गांव के चरण सिंह के ट्यूबवेल से जीन द्वारा सिंचाई कर रहे थे। उसी दौरान शाम को गांव के ही जगरूप व गोविंद खेत में आए और पानी पीने के लिए जीन खोलने लगे। इस पर पिता ने उन्हें जीन खोलने से रोकते हुए कहा कि यहां आकर पानी पी लो।

इस पर दोनों लोग गालीगलौज करने लगे और गोविंद ने फावड़ा व जगरूप ने सरिया से पिता के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनको गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई के एडीजे प्रथम रजत सिंहा की अदालत में चल रही थी। दौरान सुनवाई पूर्व में आरोपी गोविंद ने अदालत में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था। जिस पर अदालत ने उसे दोषसिद्ध कर चार साल दो माह की सजा सुनाई थी। वहीं आरोपी जगरूप की पत्रावली सुनवाई के लिए अलग कर दी थी। बुधवार को सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपी जगरूप के निर्दोष होने की दलीलें रखीं। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय ने बचाव पक्ष की दलीलों का विरोध करते हुए घटना के मज़रूब राममूरत के बयानों का हवाला दिया और कहा कि उसने स्वयं बताया था कि आरोपी जगरूप ने हाथ में लिए हुए सरिया से वार किया, जिससे उसे चोट आई। चोट का आधार लेते हुए आरोपी को सजा की मांग की। अदालत ने पत्रावली पर उपलब्ध मेडिकल साक्ष्य और चश्मदीद गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी जगरूप को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

## घायल महिला की अस्पताल में मौत

**सिकंदरा।** औरैया कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर पिछली एक जून को पति के साथ जा रही महिला चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई थी, जिसकी कानपुर में निजी अस्पताल में उपचार के दौरान गुरुवार को मौत हो गई।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी अंकुश पाल ने बताया कि एक जून को शिवानी पाल (22) पति के साथ बाइक पर सवार होकर औरैया के पास अचानक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को औरैया सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के बाद महिला को निजी अस्पताल के लिए परिजन कानपुर ले गए। मंगलवार की शाम को कानपुर निजी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को दोपहर के समय शव घर लाया गया। जहां परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पिता अंकुश पाल अपनी पांच माह की पुत्री ग़ौरी को गोद में लेकर बिलख रहे थे। देर शाम गांव के बाहर खेतों में मृतिका का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# महिला के कान से बाला नोच कर भाग निकले बाइक सवार

संवाददता, रूरा



एएसपी राजेश पांडेय ने पुलिस के साथ घटनास्थल पर छानबीन की। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारात से माली का पैसा लेने जा रही बुजुर्ग महिला धूप अधिक होने के कारण लहरापुर-सरगांव बुजुर्ग गांव को जाने वाले मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास पेड़ की छांव में बैठ गई। तभी वहां आए बाइक सवार दो युवक बुजुर्ग के कान के बाले छीन कर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे एएसपी व सीओ ने छानबीन की है।

रूरा थाना क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग की रहने वाली मुन्नी देवी माली का काम करती है। बुधवार की सुबह वह अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सरियापुर गांव में काम के पैसे लेने जा रही थी। धूप व गर्मी ज्यादा होने की वजह से वह लहरापुर-सरगांव बुजुर्ग गांव को जाने वाले मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास पेड़ की छांव में बैठ गई, तभी काली बाइक सवार दो युवक आए और वृद्धा के कान में पहने सोने के बाले छीन लिए। छीना झपट्टी में बुजुर्ग महिला का कान भी फट गया। आसपास के ग्रामीणों ने



पीड़ित मुन्नी देवी।

इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर अकबरपुर कोतवाल सतीश सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकरी उच्चाधिकारियों की दी। सूचना पर

- लुटेरों के झपट्टा मारने से वृद्धा का कान फटा, उपचार हुआ
- एएसपी व सीओ ने छानबीन की, कैमरे खंगाल रही पुलिस

पहुंचे एएसपी राजेश पांडेय व सीओ सदर संजय वर्मा ने जांच-पड़ताल कर पीड़िता से घटना के विषय में जानकारी ली। एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए भेजा गया है। आसपास के गांवों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। घटना का खुलासा करने के लिए स्वाट व सर्विलांस टीम को लगाया गया है।

# पंप कर्मियों पर हमला करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** अपराध नियंत्रण की दिशा में बरौर थाने की पुलिस ने किशोरपुर गांव के इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।



आरोपी रोहित।

सोमवार की रात बरौर थाना क्षेत्र के किशोरपुर गांव स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप कर्मचारी आशीष व अनुराग कुमार सचान उर्फ संदीप पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने सोते समय धारदार औजार से जानलेवा हमला कर दिया था। जानकारी पर दोनों को उपचार के लिए देवीपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां अनुराग की हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया गया था। वहां भी हालत में सुधार होते न देख कानपुर हैलट अस्पताल भेजा गया था। कानपुर नगर के रावतपुर निवासी पेट्रोल पंप मालिक अंशुमान सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुखबिर की सूचना पर बुधवार को पुलिस ने मुंगीसापुर जाने वाली सड़क पर स्थित पुलिया के पास से हमले के आरोपी रोहित निवासी निगोही थाना बरौर को दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लोहे का हथौड़ा भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी अमिता वर्मा ने बताया कि आरोपी को न्यायालश में पेश कर जेल भेजा गया है।

# तीन गांवों में दो किशोरियों व युवक ने फंदा लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद के गजनेर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में दो किशोरों व व डेरापुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

पहली घटना में गजनेर थाना क्षेत्र के दुआरी गांव निवासी सुमित्रा देवी की पुत्री कुंती (17) किसी बात को लेकर कुछ समय से गुमशुम रहती थी। मंगलवार को उसकी मां सुमित्रा जानवर खेत पर गई थी। उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। देर शाम को जब वह वापस आई तो देखा उसकी पुत्री कुंती का शव कमरे की छत में कुंडी से लटक रहा था। जिससे घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पामा चौकी प्रभारी अमरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन के बाद



दुआरी गांव में महिला की मौत पर गमगीन महिलाएं। अमृत विचार



रूरा कस्बे में युवक की आत्महत्या से गम में डूबीं महिलाएं। अमृत विचार

- दोनों किशोरियों ने अवसाद में उठाया आत्मघाती कदम
- रूरा में विवाद के बाद पत्नी के मायके जाने पर दे दी जान

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया मानसिक अवसाद में जान देने की बात सामने आई है।

वहीं दूसरी घटना में गजनेर थाना क्षेत्र के ही चंद्रनगर निवासी रामप्रताप सिंह की पुत्री राधा (17) किसी बात को लेकर अवसाद में रहती थी। बुधवार की देर शाम उसने घर के अंदर कमरे में लगे पंखे से लटकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर दरोगा प्रतिमा कुशवाहा ने छानबीन की। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

तीसरी घटना में कस्बा रूरा के स्टेशन वार्ड के रहने वाले प्रिंस उर्फ प्रद्युम्न (24) का विवाह करीब सात वर्ष पूर्व किशनी जनपद मैनपुरी निवासी डॉली के साथ हुआ था। शादी के बाद से पति-पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। आठ दिन पूर्व पत्नी डॉली पांच वर्षीय पुत्री शुभी व तीन वर्षीय पुत्री सोनम को लेकर मायके चली गई थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर मंगलवार की रात्रि प्रिंस ने कमरे में पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत पर मां रामकांति, पत्नी डॉली, बच्चे शुभी, सोनम आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। चौकी इंचार्ज रामकिशुन वर्मा ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**उपलब्धियां गिनाईं** अकबरपुर के हिंदी भवन में सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण आधारित प्रदर्शनी लगी

# 11 साल में सुरक्षित भारत का सपना साकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात




अकबरपुर के हिंदी भवन में बुधवार को प्रोफेशनल मीट में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत का अमृत कल सेवा-सुशासन व गरीब कल्याण 11 साल की प्रदर्शनी हिंदी भवन में आयोजित की गई। जिसमें मोदी सरकार के 11 सालों की उपलब्धियां चित्रित की गई थीं और 11 साल भारतीय जनता पार्टी प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम रखा गया।

बुधवार को अकबरपुर हिंदी भवन में प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विशिष्ट अतिथि विधायक मूलचंद निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान व जिला प्रभारी अशोक राजपूत ने निरीक्षण किया। प्रदर्शनी के संयोजक अंशु तिवारी ने अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान किए। विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा मोदी सरकार के 11 वर्षों में सुरक्षित भारत का सपना साकार हुआ है। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कठोर निर्णायक कार्रवाई की गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस एवं उनकी सहयोगी पार्टियों ने नक्सलियों को राजनीतिक मान्यता दिलाने की कोशिश की। जिससे साबित होता है वोट बैंक ही उनका उद्देश्य है। जिला प्रभारी ने कहा विकसित भारत का सपना केवल मोदी का ही नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की प्रतिबद्धता है।

कार्यक्रम के बाद भाजपा नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रभारी अशोक राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष बंसलाल कटियार, राजेंद्र सिंह चौहान, रामजी गुप्ता, सौरभ मिश्रा, डॉ. विवेक द्विवेदी, बबलू शुक्ला, कन्हैया कुशवाहा, अंशु तिवारी, रामजी मिश्रा, जितेंद्र सिंह गुड्डन, सत्यम सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बंबे की सिल्ट उठाने में पटरी क्षतिग्रस्त

**शिवली।** बंबे व नहर की सिल्ट सफाई में लापरवाही हो रही है। शिवली बंबे की सिल्ट उठाने में पटरी भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त कर दी गई। सिल्ट ढोने में लगे ट्रैक्टर व डंपर से उड़ती बालू राहगीरों को परेशान कर रही है। पिछले दिनों औनहा के ग्रामीणों ने सिल्ट ढोने में लापरवाही पर चौकी प्रभारी को ज्ञापन भी दिया था।

शिवली बंबे की रूरा रोड से लगी पटरी पर सिल्ट उठाई गई है। मानव सेवा संगठन के अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने बताया कि जगह-जगह बंबे की पटरी खराब कर दी गई है। जिससे बरसात के दिनों में बंबे के फटने की आशंका है। कमाई के लालच में सिल्ट की ढुलाई जोरदारी से की जा रही है। सिंचाई विभाग के एसडीओ रोहित कुमार पटेल ने कहा कि मौके पर जांच कराई जाएगी और सिल्ट उठाने में लगे जिम्मेदारों से पटरी ठीक कराई जाएगी।

# बांग्लादेशी और रोहिंग्या की तलाश में पुलिस ने चेक किए आईडी कार्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एडीजी जोन के निर्देश पर जिले भर में चला अभियान
- बाजारों, सुनसान रास्तों और बैंकों में सक्रिय रही पुलिस



बुधवार को लोगों के दस्तावेज चेक करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में लूट-टप्पेबाजी की घटनाओं की रोकथाम, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही संदिग्धों के दस्तावेजों की भी जांच की गई।

एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लूट और टप्पेबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत पुलिस ने जनपद में सघन तलाशी शुरु की। अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस चेकिंग टीमें गठित की गईं, जो बाजारों, सुनसान रास्तों, बैंक आदि वित्तीय संबंधी संस्थानों के पास संदिग्ध व वाहनों की लगातार चेकिंग करती रहीं।

वहीं बिना वजह घूमने वालों से भी पूछताछ की गई। इसी के साथ पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ चेकिंग अभियान शुरू किया है। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना और अवैध प्रवास को रोकना है। पुलिस टीमों ने संदिग्धों की पहचान और उनके दस्तावेजों की गहन जांच की।

## एक नजर

### हाईस्कूल व इंटर परीक्षा के टॉपर्स का होगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इनमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी क्रम में सभी 75 जिलों में भी जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों द्वारा दिए जाएंगे।

### होमस्टे नीति में पर्यटकों को मिलेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा लागू उप्र. बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होमस्टे नीति-2025 में प्रदेश के सभी होमस्टे रूरल होमस्टे इकाइयों के स्वामियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने के लिए एक वर्ष माह का समय प्रदान किया जायेगा। इसमें विभिन्न लाभों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। यह योजना उप्र. के सम्पूर्ण ग्रामीण परिक्षेत्र में लागू होगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि आवेदकों को इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in पर जाना होगा। शहरी क्षेत्रों में आवासीय इकाइयों में देशी-विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नास्ता, भोजन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिए पंजीकरण कराना होगा।

# इनोवेटिव खेती से हर मौसम में मिलेंगी सभी सब्जियां

## 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार, 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन, योगी सरकार ने बदली क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के किसान अब इनोवेटिव खेती करेंगे, ताकि वे हर मौसम में सभी प्रकार की सब्जियां आमजन तक पहुंचा सकें। इसके लिए राज्य के 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार हैं, जबकि 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने समय के साथ क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी बदली है। ऐसे में लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों में 66 पॉली हाउस-ग्रीन हाउस स्थापित कर किसानों को खेती में नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस परियोजना के पीछे राज्य सरकार की मंशा किसानों की आय को दोगुना करने की है। ऐसे में अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें। इसके साथ ही



एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है।

इस आधुनिक खेती में मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बींस जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। योजना के अंतर्गत 50 किसानों प्रतिशत तक की सब्सिडी व सरकारी अनुदान दिया जा रहा है।

इससे खेती अब पारंपरिक से हटकर व्यावसायिक रूप ले रही है। योगी सरकार की यह पहल न केवल खेती को आधुनिक बना रही है, बल्कि किसानों की आय को भी स्थायी और सुनिश्चित कर रही है। इस नवाचार से प्रदेश की कृषि व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### यहां ग्रीन हाउस बनकर तैयार

लखनऊ में 3, बागपत 4, सहारनपुर 3, मेरठ 3, बहराइच 2, शामली 1, एटा 1, बरेली 2, कासगंज 2, कौशांबी 1, हरदोई 2, मिर्जापुर 1, उन्नाव 1, अलीगढ़ 1, शाहजहांपुर 1, सुल्तानपुर 1, कानपुर नगर 1, बाराबंकी 1, मुजफ्फरनगर 1, खीरी 1, सीतापुर 1, अमेठी 1, आगरा 1, गाजीपुर 1 ग्रीन हाउस बनकर तैयार है।

### इन जिलों में तेजी से हो रहा निर्माण

उन्नाव में 2, पीलीभीत 3, मुरादाबाद 2, हापुड़ 1, लखनऊ 2, चंदौली 2, शाहजहांपुर 1, बरेली 1, श्रावस्ती 1, सहारनपुर 2, मेरठ 1, मुजफ्फरनगर 1, बाराबंकी 2, शामली 2, बुलंदशहर 1, हमीरपुर 1, अलीगढ़ 1, गाजीपुर 1, कानपुर नगर 1, कन्नौज में 1 ग्रीन हाउस का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

### इटावा के मत्स्य निरीक्षक निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये को लेकर इटावा जिले के मत्स्य निरीक्षक हिमांशु यादव को निलंबित कर दिया है। बीते दिनों विभागीय समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव अनुपस्थित रहे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव पशुपालन अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में आयोजित मत्स्य और दुग्ध विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव की गैरमौजूदगी को उन्होंने गंभीर अनुशासनहीनता माना और उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया।

### अंबर इंटरप्राइजेज करेगा 6000 करोड़ का निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. में अम्बर इंटरप्राइजेज 6000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रोडक्शन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) की इकाई की स्थापना में यह निवेश करेगी। यह जानकारी कंपनी के प्रमोटर जसबीर सिंह ने बुधवार को यहां प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात के दौरान दी।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बताया कि, अम्बर इंटरप्राइजेज के प्रमोटर जसबीर सिंह के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रदेश में 6000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जो प्रदेश में विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे और प्रदेश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा।

# प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का लक्ष्य बिजली को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखते हुए ही पूरा किया जा सकता है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली आपूर्ति का रोज नया कीर्तिमान सार्वजनिक क्षेत्र में ही बिजली कर्मी बना रहे हैं। अगर कोई विफलता है तो प्रबंधन की है और प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती। इस बीच, निजीकरण के विरोध में 196वें दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मियों का आंदोलन जारी रहा।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि किसानों, उपभोक्ताओं व बिजली कर्मियों की 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में 'प्रधानमंत्री के विकसित भारत का लक्ष्य और सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली' महत्वपूर्ण विषय होगा।

निजी क्षेत्र के पास बेहतर तकनीक व प्रबंध कौशल बताये जाने पर संघर्ष समिति ने कहा कि प्रबंध कौशल में कोई कमी है तो वह प्रबंधन की है। प्रबंधन की कमी के आधार पर प्रदेश के बेहद गरीब 42 जिलों पर बिजली का निजीकरण क्यों थोपा जा रहा है।

### उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में दाखिल की याचिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की बिजली आपूर्ति सुधार की योजनाओं की रकम को खर्च कर बिजली कंपनियों को निजी घरानों को बेचा जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में दाखिल याचिका में यह आरोप लगाया गया। परिषद ने आयोग ने निजीकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि बिजली कंपनियों में हर स्तर पर सुधार व कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए धन खर्च किया जा रहा है। इसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 7434 करोड़, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 13,539 करोड़, पश्चिमांचल निगम में 12,695 करोड़, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 9,481 करोड़ व केस्को में 943 करोड़ के सुधार कार्य चल रहे हैं। इसी बीच, दो बिजली कंपनियों को बेचने का निर्णय ले लिया गया। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजीकरण के विरोध में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया है, जिसमें प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है।

### स्वामी प्रसाद ने बनाया लोक मोर्चा, खुद को घोषित किया मुख्यमंत्री उम्मीदवार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कई दलों के साथ मिलकर लोक मोर्चा का गठन किया है। माना जा रहा है कि यह मोर्चा पंचायत चुनाव और डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है। लोक मोर्चा का गठन करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव फिर से लड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री के निजी सचिव सज्जाद अली ने बताया कि लोक मोर्चा में सर्वसम्मति से स्वामी प्रसाद मौर्य को विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा सर्वसम्मति से घोषित किया गया है। वहीं लोक मोर्चा की आगामी रणनीति के बारे में स्वामी प्रसाद मौर्य गुरुवार को जानकारी साझा करेंगे।



# 23 पीसीएस अफसर होंगे प्रोन्नत, बनेंगे आईएएस

- 22 पीपीएस अफसर भी जल्द बनेंगे आईपीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में बुधवार को डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की बैठक हो जाने के बाद अब उप्र. को शीघ्र ही 23 आईएएस अफसर मिलने वाले हैं। इनमें से सभी पीसीएस अधिकारी प्रोन्नत होकर आईएएस बनेंगे। इसके अलावा 22 पीपीएस अफसर भी आईपीएस के लिए प्रोन्नत होंगे।

इन पीसीएस अधिकारियों में भानु प्रताप यादव, विधान जयसवाल, राजेश कुमार सिंह, बलराम सिंह, रणविजय सिंह, शैलेन्द्र भाटिया, गुलाब चंद्र, जयनाथ यादव, राम सुरेश वर्मा, दयानंद प्रसाद, विनोद कुमार गौड़, आलोक वर्मा, देवी प्रसाद पाल, अंजूलता, आलोक कुमार, सचिन कुमार सिंह, विवेक कुमार श्रीवास्तव, बसन्त अग्रवाल, वन्दिता श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, राजेश कुमार शामिल हैं। इस सूची में कुछ अन्य अधिकारियों के नाम और शामिल होने की संभावना है।

वहीं उप्र. को आईएएस के अलावा नए आईपीएस भी मिल सकते हैं। दरअसल, 22 पीपीएस (प्रांतीय पुलिस सेवा) अधिकारी शीघ्र ही आईपीएस बनने वाले हैं। गृह विभाग ने 1996, 1997, 1998 बैच के अधिकारियों के प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को भेज दिया है। स्वीकृति मिलते ही डीपीसी बैठक के बाद अधिकारियों को प्रोन्नति मिलेगी।

# भीषण गर्मी : 1-2 दिन में बारिश की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। हालांकि अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसके बाद धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। न्यूनतम तापमान में भी 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। वहीं, 12-13 जून से राज्य के ज्यादातर जिलों में बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।



लखनऊ में कहर बरपा रही गर्मी से बचने को लेना पड़ रहा दुपट्टे का सहारा। अमृत विचार

दरअसल, केरल में समय से 10 दिन पहले दक्षिण पश्चिम मानसून की दस्तक देने के बाद उप्र. में अगले 5-10 दिनों के अंदर मानसून के पहुंचने का अनुमान है। संभावना है कि 15 से 20 जून के बीच कभी भी मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। सामान्य रूप से उत्तर प्रदेश में मानसून के 15 -20 जून को आता है, लेकिन इस बार समय से पहले मानसून के दस्तक देने की उम्मीद है। इस बार उप्र. में सामान्य से अच्छी बारिश होने की संभावना है।

### भाजपा विधानसभा चुनाव में पैदा करना चाहती है अराजकता : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का चरित्र अलोकतांत्रिक है। इसका आचरण अधिनायकवादी है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता खुद अराजकता पर उतारू है। भाजपा भारतीय संविधान के लिए चुनौती बन गयी है। भाजपा उप्र. विधानसभा चुनाव में अराजकता पैदा करना चाहती है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने यूपी को विकास का विजन दिया है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे बनाए, शहरों में मेट्रो रेल चलाई। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और पार्क बनाएं, महिला सुरक्षा के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 सेवा शुरू की। बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पावर प्लांट लगाए। आज प्रदेश में बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंच गयी है। बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार ने आठ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए अभियान चलाती है।

# 11 जिलों में 15 नए एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना

- अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, ललितपुर, महोबा, रायबरेली, मऊ, मीरजापुर, प्रतापगढ़ व प्रयागराज में होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी प्रश्रय देने के लिए एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना हो रही है। प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका तैयार किया है, जिसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले इन एस्टेट्स की कुल 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापना की जाएगी। यहां 872 प्लॉट्स निवेशकों के लिए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

इसी कवायद के तहत 11 जिलों में 15 एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना के लिए भी लैंड बैंक उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पर कार्य हो रहा है। इनके अंतर्गत, अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़, एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघाखेत में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़ तथा महोबा में 37 एकड़ क्षेत्र में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना होगी।

इसी तरह, प्रयागराज के सदर में 8 एकड़, प्रगापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में एमएमएसई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए वितरित हो रही सुगम्य वर्कशीट्स

- यूनिसेफ के सहयोग से विकसित किया गया है सुगम्य वर्कशीट्स
- दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा में बराबरी का अधिकार दे रही योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार राज्य के लगभग 2.96 लाख विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) विद्यार्थियों को यूनिसेफ के सहयोग से 'सुगम्य वर्कशीट्स' का विकास और वितरण करा रही है। ये वर्कशीट्स न केवल उनकी मूलभूत शैक्षिक दक्षताओं को मजबूत करेंगी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे, चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या शारीरिक परिस्थिति में क्यों न हो। 'सुगम्य वर्कशीट्स' से दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा के हर स्तर पर बराबरी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन वर्कशीट्स को कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी और गणित विषयों पर केंद्रित किया गया है। कक्षा एक से पांच के लिए कुल 1300 वर्कशीट्स तैयार किये गये हैं तो कक्षा छह से आठ के लिए 600 वर्कशीट्स। इस तरह इनके लिए कुल 1900 वर्कशीट्स तैयार हैं। इन वर्कशीट्स को पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्रों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों के लिए इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि वे रंगीन, आकर्षक और सरल भाषा में हों, ताकि वे रुचिपूर्वक और सहजता से सीख सकें।

**कक्षा में उपयोग की योजना**

: बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्कशीट्स की छपाई पूर्ण हो चुकी है और सभी जिलों में उनकी आपूर्ति कर दी गई है। चरणबद्ध तरीके से ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर वितरण किया जा रहा है। पहले सेट के अभ्यास और शिक्षक मूल्यांकन के बाद ही अगला सेट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को बच्चों से वर्कशीट्स पर कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को वर्कशीट्स घर ले जाने की अनुमति दी गई है, ताकि वे दोबारा अभ्यास कर सकें।

### स्पेशल एजुकेटर्स दूर करेंगे कठिनाइयां

संदीप सिंह ने बताया कि स्पेशल एजुकेटर्स को विद्यालयों में भ्रमण कर न केवल वर्कशीट्स की उपलब्धता करानी है, बल्कि बच्चों को आने वाली कठिनाइयों को समझकर समाधान भी देना है। इतना ही नहीं, उनकी मासिक रिपोर्ट की समीक्षा जिला समन्वयक करेंगे तथा उसी के अनुरूप फीडबैक व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

## वर्ग पहेली- 459

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | |
| 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -458 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठु |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 2 | 9 | | |
| 7 | | 8 | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 4 | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | | 3 | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 2 | 8 | | | | 7 |
| 3 | 2 | | 9 | | 8 | | 6 | |
| | | | 5 | | | 2 | | 1 |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 5 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा-14 .27 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 09 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढा।



मेष

आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको बोलते समय वचनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं।



वृष

आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं। लेकिन आप चतुराई से अपना काम निकाल लेंगे। छात्रों को पढ़ाई में अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।



मिथुन

आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट पुन: प्रारम्भ हो सकते हैं। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करें।



कर्क

आज आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें। आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।



सिंह

आज कारोबार को लेकर आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। जोड़ों और कूल्हों में दर्द को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। गलतफहमी को लेकर प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।



कन्या

आज सोशल मीडिया पर संभलकर प्रतिक्रिया दें। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं।



तुला

आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ तो होगा लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए।




वृश्चिक

आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। धार्मिक कार्यों में आप अधिक रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।



धनु

आज जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान झेलना पड़ सकता है।




मकर

आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।



कुंभ

आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें।



मीन

आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह – माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है,
वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# नए सिरे से काम की जरूरत

भारी एवं मध्यम दुर्लभ खनिजों तथा इनसे जुड़े मैग्नेट के निर्यात पर पाबंदी लगाने की घोषणा से स्पष्ट है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। चीन से इन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने पर भारतीय उद्योगों को दूसरे विकल्पों पर विचार करना होगा। ये खनिज वाहन, सोलर पैनल आदि के विनिर्माण में काफी महत्वपूर्ण हैं। साफ है कि चीन से तनातनी के बीच भी देश में खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सार्थक प्रयास नहीं किए गए। खनन में दीर्घकालीन योजना और प्रगतिशील सुधार की जरूरत को समझते हुए अब इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। खनिजों की दृष्टि से समृद्ध भारत में खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 2.4 प्रतिशत का योगदान करता है। विकास के उच्च स्तर के बावजूद भारत में खनन क्षेत्र अपनी पूर्ण संभावनाएं हासिल नहीं कर पाया है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण 12 खनिजों में से 7 खनिजों के मामले में भारत शत प्रतिशत आयात पर निर्भर है। परंतु देश की खनिज संभावनाओं को खोलने के रास्ते में खोज-बीन को अभी ठीक ढंग से समझा नहीं गया है। खनिज मिशन की 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण गैर-ईंधन खनिज संसाधनः 2030 के लिए लक्ष्य' रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि आने वाले वर्षों में भारत 2030 में देश के विनिर्माण क्षेत्र की सहायता के लिए इन महत्वपूर्ण खनिजों की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने में वर्तमान वैश्विक प्रतिभागियों में शामिल हो जाएगा। जरूरत को देखते हुए, हम वैश्विक प्रतिभागियों की पहचान करने और उनके साथ सहयोग करने में सक्षम होंगे और साथ ही अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को अधिक आसानी से आगे बढ़ा सकेंगे।

ब्रुकिंग्स की रिपोर्ट में इस बात का भी ज़िक्र है कि भारत में कई तकनीकी खनिज हैं लेकिन उनकी खोजबीन या तो की नहीं गई है या फिर संभावना से बहुत कम की गई है। इन खनिजों की भविष्य में बहुत ज्यादा मांग होने की संभावना है क्योंकि भारत की जमीन के नीचे सबसे उम्दा खनिजों की खोज-बीन की संभावना बहुत ज्यादा है। महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण की दिशा में भारत जब तक युद्ध स्तर पर आगे नहीं बढ़ेगा तब तक आयात पर उसकी निर्भरता बनी रहेगी। लीथियम, दुर्लभ खनिजों, ग्रेफाइट और कोबाल्ट सहित कई खनिजों के प्रसंस्करण में भारत को एकदम नए सिरे से काम करना होगा। अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए भारत को महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत होगी। इसलिए खनन क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# भारत-चीन अमेरिका भू राजनैतिक हित और नेपाल



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो–पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली–भांति समझता है।

हाल के भारत पाकिस्तान संघर्ष के पश्चात बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की पुनर्समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है, जिसमें भू राजनैतिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्थिति नेपाल की है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल दो महाशक्तियों चीन और भारत के बीच एक बफर स्टेट के रूप में काम करता है। हाल के दिनों में नेपाल में बढ़ते चीनी प्रभुत्व और सक्रियता के कारण नेपाल में भारत के प्रति वैमनस्य बढ़ा है, वह चिंता का विषय है।

दक्षिण एशिया के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के साथ, नेपाल में चीनी हितों और उनकी नीतियों में भी बदलाव आया है। भारत चीन की विस्तारवादी नीति के दायरे में है और 1962 का युद्ध, अरुणाचल प्रदेश, डोकलाम, सिक्किम, उत्तराखंड में लगातार उसके द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप इसके उदाहरण हैं। उधर तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद से चीन को लगता है कि नेपाल के रास्ते भारत या अन्य सामरिक शक्तियां जैसे अमेरिका उसमें घुसपैठ कर सकता है। इसके लिए वह नेपाल को सुरक्षित रखना चाहता है। इसके अतिरिक्त नेपाल में बसे लगभग लगभग बीस हजार तिब्बतियों की चीन विरोधी गतिविधियों पर नज़र रखने, नेपाल के साथ भारत के पारंपरिक संबंध को कमज़ोर करने और नेपाल में एक चीन समर्थक राजनीतिक वर्ग तैयार करने के उद्देश्य से चीन निरंतर नेपाल में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। चीन नेपाल में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के समग्र प्रभाव को तिब्बत में स्थिरता के लिए चुनौती और बीजिंग की क्षेत्रीय शक्ति गतिशीलता पर खतरे के रूप में देखता है। तिब्बती क्षेत्र में चीन द्वारा किये जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों भारत और अमेरिका द्वारा निरंतर आलोचना की जाती रही है, यह चीन को मंजूर नहीं है। दूसरी तरफ भारत के लिए नेपाल जल, आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और व्यापारिक हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण देश है। हालांकि भारत-चीन के बीच हिमालय एक प्राकृतिक दीवार है परंतु चीन इसे लांघकर इस पार नेपाल में अपना एक आधार क्षेत्र बनाने की दिशा में अग्रसर है, जो भारत की सुरक्षा के लिए ख़तरा है। चीनी प्रभाव मे नेपाल में सक्रिय हो रहे भारत विरोधी गतिविधियों से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत नेपाल के संबंधों में नेपाल के अनुसार वर्ष 1975,1983 और 2015 की व्यापारिक नाकेबंदी, कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद, बड़े भाई की भूमिका में समान अवसर न देना, असमान राजनयिक समझौते हैं, जिसकारण नेपाल को लगता है कि भारत अपने महाशक्ति होने का नाजायज़ फायदा उठा रहा है और इसलिए वह इसके प्रतिरोध में चीन की ओर झुक रहा है। पहले नेपाली नदियों पर जल विद्युत परियोजनाओं में भारतीय सहभागिता प्रमुख हुआ करती थी, परंतु हालिया समय मे भारत और नेपाल के बीच बढ़ते अविश्वास और उन पर चीनी कंपनियों की उपस्थिति ने स्थिति गंभीर बना दिया है।

> राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया।

चीन की "वन बेल्ट वन रोड" परियोजना भारतीय सामरिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है और यह चीन की पहुंच भारतीय सीमा तक बनाती है। इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये ख़तरा उत्पन्न हो सकता है। नेपाल के रास्ते माओवादी गतिविधियां, ड्रग्स, अवैध हथियारों की आवागमन से पहले से ही भारत परेशान रहा है। इस परियोजना के बाद नेपाल के रास्ते चीन अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में अपनी सक्रियता बढ़ा सकता है। वस्तुत नेपाल के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और व्यापार प्रवाह में चीन की बढ़ती पैठ और क्षेत्र की घरेलू राजनीति में उसकी हिस्सेदारी भारतीय चिंता का विषय है। नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को काउंटर करने तथा चीन के पास अपनी स्थलीय उपस्थिति बनाने के दृष्टिगत संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नेपाल में सक्रियता बढ़ी है। वैश्विक गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में काम करने वाली अमेरिकी विदेशी सहायता एजेंसी ने नेपाल के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कारपोरेशन (एमसीसी) पर हस्ताक्षर किया है जिसका उद्देश्य "सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना, बिजली की उपलब्धता और विश्वसनीयता बढ़ाना और नेपाल और भारत के बीच सीमा पार बिजली व्यापार को सुविधाजनक बनाना-निवेश को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और गरीबी को कम करने में मदद करना" है। चीन इसे नेपाल में बीआरआई के विरोध के रूप में देखता है।

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है। हाल के वर्षों में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों का नेपाल दौरा बढ़ा है जिसमें भारत की मौन स्वीकृति शामिल हैं और यह "भारत प्लस वन" दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसका उद्देश्य विभिन्न मोर्चों पर नेपाल की सहायता करना एवं चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि भारत या अमेरिका नेपाल को विकास के लिए जो भी धनराशि दे रहा है वो विदेशी सहायता के रूप में है, लेकिन चीन का अधिकांश धन विदेशी कर्ज के रूप में है, इस तथ्य को नेपालियों को समझना होगा।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया। नेपाल में राजशाही के उन्मूलन के बाद, नेपाली राजनीतिक दलों ने अपने-अपने अनुसार भारत और चीन के संबंधो को निभाया है मसलन नेपाली कांग्रेस परंपरागत रुप से भारतीय सहयोग के साथ रहती है जबकि कम्युनिस्ट दल चीन के साथ। नेपाल सेना और चीन के बीच पहला संयुक्त अभ्यास, "सागरमाथा मैत्री" वर्ष 2017 में हुआ था। चीन ने अक्टूबर 2019 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली नेपाल यात्रा की। आजकल नेपाल में राजशाही की पुनर्स्थापना के लिए चल रहे आंदोलन के पीछे चीनी हाथ होना स्वाभाविक है क्योंकि राजा ज्ञानेन्द्र अभी चाहते हैं कि चीनी सहायता से वह वापस सत्ता में आ जाएं और चीन भी यही चाहता है। लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका ऐसा नहीं चाहेगा।

प्रधानमंत्री बनने के पश्चात ओली ने नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पहले नई दिल्ली का दौरा करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा का अंत कर दिया। वर्ष 2017 में नेपाल के चीनी बीआरआई में शामिल होने के बाद तिब्बत से नेपाली सीमा तक रेल संपर्क बढ़ाने की चीन की कोशिश के जवाब में भारत ने सीमा पर नेपाल तक अपने रेल संपर्क बढ़ाने की योजना तैयार की है। शुरुआती चरण में चीनी सहायता नेपाल में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी, ताकि इसके सहायता कार्यक्रम पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर इसकी आर्थिक निर्भरता कम हो सके। सितंबर 2015 के व्यापारिक नाकेबंदी के समय चीनी बंदरगाहों तक नेपाल को पहुंचने की बात की गई परंतु दस साल बाद भी नेपाल के लिए एक भी शिपमेंट चीनी बंदरगाहों से नहीं गुजरा है, लेकिन इससे नेपालियों में यह भावना जरुर उभरी कि चीन भारत के विरुद्ध उसका सहयोग करेगा। भू राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल अपनी अवस्थिति के कारण तीन महाशक्तियों अमेरिका-चीन-भारत के बीच फंस गया है। वस्तुत इनके नेपाल वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है।

## प्रसंगवश

# रक्षा क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंचा भारत

पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। खासकर रक्षा क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वे देश की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही पिछले कुछ सालों में भारत ने अपनी सेना और हथियारों को काफी मजबूत किया है। अब 65 प्रतिशत से ज्यादा रक्षा खरीद स्वदेशी है। इससे भारत की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। 11 साल में रक्षा बजट में लगातार वृद्धि के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन भी मोदी सरकार की खास उपलब्धि है। 2014-15 में रक्षा बजट लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 6.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस बजट का उपयोग नई तकनीकों के विकास, हथियारों की खरीद, सैनिकों के वेतन और कल्याण, और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में किया जा रहा है। पहले रक्षा खरीद प्रक्रिया लंबी और जटिल होती थी, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी होती थी। मौजूदा सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी और तेज बनाया है। 'मेक इन इंडिया' को प्राथमिकता दी गई है, जिससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिला है। डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना, ई-प्रोक्योरमेंट और फास्ट ट्रैक खरीद जैसी नीतियों ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। इससे सेना को समय पर आवश्यक उपकरण और हथियार मिल रहे हैं।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

इसके साथ ही, भारत अब लगभग 80 से 100 देशों को सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 23,662 करोड़ रुपये तक 1,100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। यह भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे भारत वैश्विक हथियार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

इस दौरान सरकार ने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाएगा।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली। इससे तकनीकी विकास में तेजी आई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। भारत ने कई स्वदेशी हथियार प्रणालियों का सफल विकास किया है, जिनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, तेजस हल्का लड़ाकू विमान, और काउंटर-यूएवी तकनीक शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के साथ गहरी रक्षा साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के तहत तकनीकी सहयोग, हथियारों की खरीद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और रणनीतिक संवाद बढ़े हैं। मोदी सरकार ने सेना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, हाइपरसोनिक हथियारों, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से काम कर रहा है। रक्षा उपग्रहों की मदद से सेना की निगरानी और संचार प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। गगनयान मिशन और स्वदेशी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना से भारत की रक्षा प्रणाली और अधिक सक्षम बनेगी। यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भारत को सक्षम बनाएगा।

# दुनिया में पर्यावरण शरणार्थियों की बढ़ती समस्या

दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के कारण पिछले एक दशक 2015 से 2024 के दौरान आंतरिक विस्थापन के कारण पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में बढ़ी वृद्धि दर्ज की गई है। इस कारण कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अनेक बार प्राकृतिक आपदा के तीव्र और व्यापक खतरे उत्पन्न हुए। परिणामस्वरूप 210 देशों में 26.48 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन झेलना पड़ा है। जो न केवल एक रिकॉर्ड के रूप में सर्वाधिक है, बल्कि 2.65 करोड़ के दशकीय औसत से कहीं अधिक है। इस मामले में पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावी क्षेत्र रहे। देशों के स्तर पर बीते एक दशक में चीन, फिलीपींस, भारत, बांग्लादेश और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। चीन में 4.69 और फिलीपींस में 4.61 करोड़ लोगों को अपने ही देश में विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है। इसी कालखंड में भारत में बाढ़, तूफान और भू-स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के चलते 3.23 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन का संकट उठाना पड़ा है। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपींस के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक नई रपट में यह दावा किया गया है।

रपट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम रहा है। सबसे ज्यादा तूफान के कारण 12.09 करोड़ लोगों को विस्थापन की परेशानी उठानी पड़ी है। इसी अवधि में बाढ़ के कारण 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैष्विक स्तर पर समुद्री तूफान से हुए लोगों के विस्थापन में 'अंफान'



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है।

सहित अन्य चक्रवातों की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत रही। इस रिपोर्ट के अनुसार गरीब और निर्बल सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्हें बार-बार और लंबे समय तक पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। सामाजिक असमानता और आर्थिक विसंगति के कारण इन लोगों को इन प्राकृतिक आपदाओं का भीषण संकट झेलना पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में हर साल औसतन 3 करोड़ लोगों को समुद्र और नदी तटीय बाढ़, सूखा और चक्रवती तूफानों के चलते भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से विस्थापन का संकट झेलना होगा। यानी पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या भविश्य में और विकराल रूप में पेश आएगी।

जलवायु विषेशज्ञों का मानना है कि इस विराट व भयानक संकट के चलते यूरोप, एशिया और अफ्रीका का एक बड़ा भूभाग इंसानों के लिए रहने लायक ही नहीं रह जाएगा। तब लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से जिस पैमाने पर विस्थापन या पलायन करना होगा, वह मानव इतिहास में अभूतपूर्व होगा। इस व्यापक परिवर्तन के चलते खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। अकेले एशिया में कृषि को बहाल करने के लिए हर साल पांच अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना होगा। बावजूद इसके दुनिया के करोड़ों लोगों को भूख का अभिशाप झेलना होगा। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के हिमखंडों की बर्फ इस सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक पिघल जाएगी। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों के उद्गम स्थल हैं और ये नदियां 2 अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। यदि इस सदी के अंत तक दुनिया 2.60 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है तो वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक चौथाई हिस्सा ही बचेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन की मार मालदीव और प्रशांत महासागर क्षेत्र के कई द्वीपों के वजूद को पूरी तरह लील होगी। इन्हीं आशंकाओं के चलते मालदीव की सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चर्चा के लिए समुद्र की गहराई में बैठकर औद्योगिक देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा था ताकि ये देश कार्बन उत्सर्जन में जरूरी कटौती कर दुनिया को बचाने के लिए आगे आएं। इस व्यापक बदलाव का असर कृषि पर दिखाई देगा। खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। उभरते जलवायु संकट और बढ़ते पर्यावरण शरणार्थियों के चलते इतने शरणार्थियों को अनाज उत्पादन के लिए कृशि लायक भूमि उपलब्ध कराना असंभव होगा। अतएव पर्यावरण शरणार्थियों के इस संकट से निपटना तब और मुश्किल होगा, जब अमेरिका जैसे पूंजीपति देश राहत कोष घटाकर इन शरणार्थियों को भगवान भरोसे छोड़ देने का काम कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भीड़ है लेकिन आदमी अकेला

बाजारवाद का मतलब है-प्रकृति के शक्ति सिद्धान्त का न्याय, अर्थात् बड़ी मछली छोटी मछली को निगलेगी, जंगल का राजा शेर है। जिसके पास परमाणु बम अधिक होंगे, धरती पर उसी का राज होगा। बाजारवाद का अर्थ हैः राजसत्ता और अर्थसत्ता का गठजोड़। जिसके पास पैसा है, उसी की राजसत्ता है। विश्व बाजार विश्व की सरकारों का नियमन कर रहा है। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर-आदमी उपभोक्ता है। भौतिक विकास को जीवन का परम सत्य माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है।

> व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।


बाजारवाद का मतलब है-पैसा और पैसा। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है! गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं! आज हम जो कुछ अपने चारों ओर देख-सुन रहे हैं, वह तृष्णा का हाहाकार है। बाजारवाद अनेक प्रकार के मिथ्या-सिद्धांतों का प्रचार करता है, खंडित दृष्टि से मनुष्य को और जीवन को देखता है। बाजारवाद स्वच्छंद-भोग का समर्थन करता है, तृष्णा के पक्ष में तर्क देता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# समुद्र पर मंडराता प्लास्टिक छर्रों का खतरा

बीते 26 मई को कोच्चि के पास जलमग्न हो गए लाएबेरिया के जहाज से फिलहाल तेल के फैलाव और उसमें भरे रसायनों की पानी से क्रिया से उपजने वाले संभावित प्रदूषण का खतरा सामने नहीं आया है। लेकिन जहाज में लदे कुछ कंटेनर के टूटने के बाद उसमें भरे अनगिनत प्लास्टिक की छोटी-छोटी गेंद के आकार के छर्रे जिन्हें नर्डल्स भी कहा जाता है, का फैलाव अब कन्याकुमारी तक हो गया है और यह न केवल समुद्री त्यात पर बल्कि व्यापक रूप से जल-जीवन के लिए बड़ा संकट बन गया है। उल्लेखनीय है कि समुद्री कंटेनर में भारी सामान को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह के छर्रे भरे जाते हैं।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के 42 तटीय गांवों में से 36 के समुद्र तटों पर यह सफेद जहरीले कंकड़ बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रदूषण के चलते विशेष रूप से किलियूर तालुक के तटीय आवासीय क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जहां के सभी 16 गांव प्रभावित हुए हैं। कलकुलम और अगस्तीस्वरम तालुकों में भी क्रमशः 13 तटीय बस्तियों में से 10-10 में नर्डल्स देखे गए हैं। प्लास्टिक के ये टुकड़े मंगलवार को कन्याकुमारी शहर के निकट मणाकुड़ी नामक तटीय गांव तक पहुंच चुके हैं। फिलहाल तो इस प्लास्टिक कचरे को बंदरगाहों में रखा गया है हालांकि ये छर्रे विषैले तो नहीं होते, लेकिन



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा।

इनसे उपजा प्रदूषण लंबे समय तक जहर से कम नहीं होता। इनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों में आवासीय पर्यावरण का प्रदूषण, इनके माइक्रो और नैनो प्लास्टिक में टूटना और खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करना शामिल है। किनारे लग गए प्लास्टिक को तलाशना और उसे एकत्र करना हालांकि दूभर कार्य है लेकिन यह संभव तो है लेकिन जो प्लास्टिक कण समुद्र में ही रह गए। उनके दुष्प्रभावों से निजात का कोई तरीका ही नहीं हैं। समुद्र रातों-रात ठीक नहीं होता। विज्ञान, इतिहास और अनुभव हमें बताते हैं कि अरब सागर को फिर से सामान्य होने में कितना समय लग सकता है-और क्यों इस समय लंबी अवधि की सोच जरूरी है, न कि केवल तात्कालिक सफाई। मैंग्रोव, प्रवाल भित्तियां, और कीचड़ वाले तट जैसे तटीय पारिस्थितिकी तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। प्लास्टिक के कण जड़ों को ढक सकता है और ऑक्सीजन के आदान-प्रदान को रोक सकता है, जिससे पारिस्थितिकविद "पारिस्थितिक मृत" क्षेत्र कहते हैं- ऐसे क्षेत्र जहां जीवन वापस आने के लिए संघर्ष करता है। समुद्री जीव जैसे व्हेल, मछलियां और कछुए प्लास्टिक के कचरे को अपना शिकार समझकर खा लेते हैं। पेट में प्लास्टिक भरे होने की वजह से वे अंदरूनी चोटों का शिकार होते हैं और उनके तैरने की क्षमता भी कम हो जाती है। प्लास्टिक एक ऐसी चीज़ है जो ख़त्म नहीं होती, प्लास्टिक का कचरा छोटे-छोटे हिस्सों में टूट जाता है जो माइक्रोप्लास्टिक कहलाता है और यह इतना महीन होता है कि हम इसे देख भी नहीं पाते। यह माइक्रोप्लास्टिक जलीय जीवों के अंदर जाता है और फिर जलीय जीवों के ज़रिए यह हमारी फूड चैन का हिस्सा भी बन जाता है। आर्ट जिस जीव के शरीर मे यह सूक्ष्म कण समय गए हैं, यदि उन्हे कोई इंसान खाएगा तो वही प्लास्टिक उसके अंगों में भी घर बना लेगी।

हाल में मुंबई के समुद्री तट, श्रीलंका को छूती हिन्द महासागर की सीमा पर प्लास्टिक नरडल्स का आतंक देखा जा चुका है और बहुत सी तकनीक इसके समुद्र में गहरे तक कुप्रभाव को रोक नहीं पाई। इस खतरे को देखते हुए केरल और तमिलनाडु सरकार ने कंटेन्ट के आसपास के इलाकों में मछली पालन पर रोक लगा दी है और यह एक बड़ा आर्थिक-सामाजिक तनाव का कारण बन रहा है। फिलहाल भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्य पालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इसमें से 77 प्रतिशत समुद्री क्षेत्र में 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा। विदित हो केरल में 2022-23 में कुल समुद्री उत्पादन 6.90 लाख टन था, जो 2023-24 में घटकर 5.8 लाख टन हो गया। इस कमी के बावजूद, केरल अभी भी समुद्री मछली पकड़ने में देश में दूसरे स्थान पर है। यह मछली प्रजनन का चरम काल है और इस समय प्लास्टिक का प्रदूषण इस पर बुरा असर डालता है। केरल के तट पर हुई इस दुर्घटना के बाद समय आ गया है कि भारत विश्व समुदाय के सामने समुद्री जहाज में इस जहरीले नरडल्स के परिवहन पर रोक और इसके विकल्प के बारे में स्वर उठाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# फंदे से लटककर वृद्ध व युवक ने दी जान

## अजगैन व सफीपुर कोतवाली क्षेत्रों में हुईं घटनाएं, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता नवाबगंज/परियर



**अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकूर गांव निवासी वृद्ध ने पेड़ पर फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। वहीं सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर क्षेत्र में भी युवक का शव फंदे से लटका देख कोहराम मच गया। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकूर गांव निवासी सुंदर रैदास (65) पुत्र अग्नू का शव बुधवार सुबह गांव के बाहर माइक्रो टावर के सामने उसी के बाग में आम के पेड़ पर लुंगी के फंदे से लटका देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। बेटे मुकेश के मुताबिक पिता लंबे समय से श्वास की बीमारी से ग्रसित थे। काफी इलाज के बाद भी आराम न मिलने से वह परेशान थे। बुधवार सुबह बिना कुछ बताए घर से निकले थे। पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति की मौत से पत्नी सुंदारा, बेटे मुकेश व मनीष रो-रोकर बुरा हाल हैं। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

### नया खेड़ा गांव में शादी के 40 दिन बाद युवक ने की आत्महत्या

**परियर, अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी अंतर्गत नया खेड़ा गांव निवासी आशीष (23) पुत्र राम नारायण राजपूत मंगलवार रात अपने कमरे की दीवार में लगे लोहे के कीले में गमछे का फंदा बनाकर लटक गया। किसी काम से पहुंचे परिजनों ने उसे लटका देख शोर मचाया और पड़ोसियों की मदद से फंदा काटकर उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे जांच के बाद मृत बता दिया। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी भेजा गया है। आशीष की बीती 5 मई को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सिद्धनाथ पूरी निवासी रामप्रसाद की बेटी रामजनकी से शादी हुई थी। रामजनकी मंगलवार शाम मायके गई थी। जिसके बाद आशीष ने आत्महत्या कर ली। दरोगा अनिल राजपूत ने बताया कि अस्पताल से मेमो मिला है।


आशीष की फाइल फोटो।

## साइबर ठगों ने मां व भाई-बहन के खातों से 1.81 लाख किये पार

**फतेहपुर चौरासी:** गांव तालिबपुर रहली निवासी रेखा देवी ने बताया कि उसका बचत खाता पीएनबी बैंक में है। बीती तीन जून को उसके खाते से 99,500 रुपये और चार जून को 27,000 रुपये कट गए। इसके बाद मां सावित्री के खाते से 22,000 रुपये और भाई महेंद्र के खाते से 33,000 रुपये कट गए। तीनों लोगों के खातों से साइबर ठगी की गई है। पीड़ितों को ठगी की जानकारी उन्हें 10 जून हुई। पीड़िता ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### शराबी युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** शराब के लती युवक की मंगलवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी संत कुमार राठौर (35) पुत्र स्व. कल्लू मजदूरी करता था। बीते 6 वर्षों से वह सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवासी गांव स्थित अपनी ससुराल के पास में किराए का कमरा लेकर रहता था। बड़े भाई गिरिराज के मुताबिक संत कुमार जब से परिवार से अलग रहने गया तभी से वह शराब का लती हो गया था। मंगलवार दोपहर वह गोकुल बाबा मंदिर के पास शराब पी रहा था। इसके बाद वह वहीं गिरकर अचेत हो गया। लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति की मौत से पत्नी लक्ष्मी व वृद्ध मां सोनेश्री रो-रोकर बेहाल हैं। उसके तीन बच्चों में बेटे शिवा, शिवांश व बेटी शिवानी हैं। बुधवार को पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

### वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे वृद्ध की हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थानाक्षेत्र के कोरारीखुर्द गांव निवासी सच्चिदानंद शुक्ल (65) थानाक्षेत्र के चकलवंशी कस्बा स्थित एक दुकान में काम करते थे। बुधवार सुबह वह रोज की तरह गांव से पैदल दुकान जाने के लिए निकले थे। तभी घर से एक किमी आगे मेथीटीकुर नहर के पसा अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारता हुआ भाग निकला। सड़क पर गिरने से सच्चिदानंद गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर छोटा भाई आनंदकंद पहुंचा और एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने दायें पैर में फ्रैक्चर बता उसका इलाज शुरू किया और तभी वृद्ध के पेट में दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। पति की मौत की खबर मिलते ही पत्नी सरोजनी बेहाल हो गई। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### बंद मेमो ट्रेनों का पुन संचालन करने की हुई मांग

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला दैनिक यात्री संघ ने मांग की है कि कोरोना काल के पहले जो मेमो ट्रेन लखनऊ कानपुर के मध्य चलती थीं उन्हें चालू किया जाए। जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा हो सके। बताया कि कोरोना काल वर्ष-2019 से पहले लखनऊ से कानपुर के बीच अपडाउन में करीब 18 मेमो ट्रेनों का संचालन होता था। इसके साथ अन्य ट्रेनों का कानपुर से फैजाबाद इंटरसिटी ट्रेन व कानपुर से बनारस वरुणा एक्सप्रेस ट्रेन चलती थी। जिनका संचालन रेल मंत्रालय ने बंद कर दिया गया था। जिससे हज़ारों यात्रियों को यात्रा करने में परेशानी हो रही है। कोरोना काल के बाद केवल दो मेमो ट्रेनों का संचालन हो रहा है। जिससे दैनिक यात्रियों को कानपुर, शुक्लागंज, मगरवारा, सोनिक, अजगैन, कुसुंभी, जैतीपुर, हरौनी, पिपरसंड, अमौसी, मानकनगर व लखनऊ तक यात्रा करने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोविड खत्म होने के बाद रेल मंत्रालय ने धीरे-धीरे ट्रेनों का संचालन शुरू किया। लेकिन मेमो ट्रेनों का संचालन बहाल नहीं किया गया। इन ट्रेनों का पुन: संचालन करने के लिए ज़िला दैनिक यात्री संघ उन्नाव के ज़िलाध्यक्ष मुर्तजा हैदर रिज़वी ने स्टेशन अधीक्षक उदय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। इसमें उन्होंने कहा कि दैनिक यात्रियों की लाइफ लाइन कही जाने वाली सभी मेमो ट्रेनों का पुन: संचालन किया जाए। जिससे कर्मचारियों, छात्रों, मजदूरों, किसानों, अधिवक्ताओं व व्यापारियों को इसका लाभ मिल सके।

## दुर्गा मंदिर में एक सप्ताह में दूसरी बार हुई चोरी, लोगों में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली की मगरवारा चौकी के प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर के पास स्थित दुर्गा मंदिर को चोरों ने बीती रात फिर निशाना बनाया। पुजारी के मुताबिक चोर ग्रिल तोड़कर साउंड सिस्टम व अन्य कीमती सामान उठा ले गए। मंदिर में एक सप्ताह में दूसरी बार हुई चोरी से भक्तों में आक्रोश है। वहीं पुलिस ने शीघ्र खुलासा करने की बात कही है।

बता दें कि सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर के पास से बने दुर्गा मंदिर को बीते गुरुवार को चोरों ने धावा बोलकर दानपात्र का ढक्कन तोड़कर नगदी पार कर दी थी। इस घटना को अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता तभी बीती मंगलवार रात चोर ग्रिल तोड़कर मंदिर से साउंड सिस्टम समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। मंदिर की देखभाल के लिए नियुक्त कोतवाली क्षेत्र के देवीखेड़ा गांव निवासी पुजारी निर्भय कुमार बुधवार सुबह मंदिर पहुंचे तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने इसकी सूचना मगरवारा चौकी में दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए। पुजारी के मुताबिक पिछली चोरी के बाद उन्होंने तहरीर दी गई थी। चौकी प्रभारी ने दबाव बनाकर दानपात्र में थोड़ी बहुत धनराशि होने की बात लिखवा ली थी। मंदिर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से भक्तों में आक्रोश बढ़ रहा है। चोरी की जानकारी पर भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने घटना को लेकर कोतवाल अवनीश सिंह से नाराजगी जताई।

## ई-रिक्शा की टक्कर से वृद्धा की मौत और पति घायल

संवाददाता, औरास उन्नाव

**कोहराम**

मोपेड से संडीला जाते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार:** मोपेड से हरदोई जिले के संडीला कस्बा जाते समय सामने से आए ई-रिक्शा की टक्कर से मोपेड सवार वृद्धा की मौत हो गई। वहीं इसमें पति भी घायल हो गया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कोरो कल्याण गांव निवासी चंद्रपाल (70) बुधवार सुबह पत्नी चंद्रकली (65) के साथ हरदोई जिला के कस्बा संडीला निवासी अपने रिश्तेदार के यहां जाने के लिए निकला था। तभी औरास थानाक्षेत्र के चकलवंशी-संडीला मार्ग पर सीमऊ गांव के पास सामने से तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी। इससे सड़क पर गिरे वृद्ध दंपति लहूलुहान हो गए।


चंद्रकली की फाइल फोटो।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें औरास सीएचसी लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने चंद्रकली को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से दिल्ली से लखनऊ जा रहे बाइक सवार दो युवक गंभीर

**संवाददाता औरास उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से जा रही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें दो युवक घायल हो गए। यूपीडा कर्मी उन्हें सीएचसी ले गए। चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर देख रेफर कर दिया। लखनऊ जिले के कस्बा मलिहाबाद निवासी 27 वर्षीय शैलेंद्र पुत्र मन्नूलाल व 24 वर्षीय रौशन पुत्र राम खेलावन बुधवार को बाइक से पुरानी दिल्ली से लखनऊ जा रहे थे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हसनगंज कोतवाली अंतर्गत तोंदा गांव के सामने ही पहुंचे थे कि बाइक डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें दोनों गिरकर घायल हो गए। जिन्हें यूपीडा कर्मी इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया।


अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

## तत्काल का फार्म फटने पर आरक्षण केंद्र में मारपीट, दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन एक बार फिर जंग का अखाड़ा बन गया।हरदोई रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर तत्काल के समय दो रेल यात्रियों में आपस में जमकर मारपीट हुई।

हरदोई रेलवे स्टेशन के आरक्षित टिकट काउंटर के बाहर लगभग 45 मिनट तक रेल यात्रियों में जमकर मारपीट होती रही। रेल कर्मियों द्वारा कई बार एनाउंसमेंट के माध्यम से जीआरपी आरपीएफ कर्मियों को बुलाया गया, लेकिन जीआरपी आरपीएफ नहीं पहुंची। काफी देर तक चली मारपीट के बाद जीआरपी पुलिसकर्मी पहुंचे और दोनों पक्ष को पड़कर जीआरपी थाने ले आए जहां जीआरपी थाने पर दोनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। लगभग एक सप्ताह पूर्व तत्काल टिकट के समय भी दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया आ चुका है। उसके बाद भी हरदोई रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ आंख बंद करें बैठी हुई है।

**फॉर्म फटने पर शुरू हुआ था विवाद :** रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह लगभग 11 बजे तत्काल स्लीपर क्लास के लिए तत्काल टिकट शुरू हुए ही थे कि उसके कुछ ही देर में आरक्षित के काउंटर के बाहर जंग का मैदान बन गया।नाम न छापने की शर्त पर चश्मदीद ने बताया कि पहला तत्काल आरक्षण टिकट बना था। पहला तत्काल टिकट बनवाने वाला शख्स टिकट लेकर वापस जा रहा था कि तभी उसके पीछे लगे एक शख्स का तत्काल फॉर्म फट गया।

इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।बहस होते होते मारपीट में बदल गई। इसके बाद दोनों के बीच लगभग 45 मिनट तक मारपीट जारी रही। चश्मदीदों ने बताया कि इस दौरान कई बार एनाउंसमेंट भी आरपीएफ जीआरपी को लेकर कराया गया लेकिन जीआरपी आरपीएफ मौके पर नहीं पहुंची।काफी देर बाद जीआरपी मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर जीआरपी थाने ले गई। इस मामले में जीआरपी प्रभारी निरीक्षक पंकज भास्कर ने बताया कि आरक्षित टिकट काउंटर के बाहर झगड़ा करने वाले नरेंद्र कुमार पुत्र तोताराम निवासी ग्राम खेरौली पोस्ट नयागांव मुबारकपुर थाना कोतवाली देहात व द्वितीय पक्ष जितेंद्र पांडे पुत्र शिव प्रकाश पांडे निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया गया ।


टिकट लेने के लिए लगी यात्रियों की लाइन। अमृत विचार

### रात में एक ही काउंटर से मिलता है अनारक्षित टिकट

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधाएं बदहाल है ।हालांकि रेल अधिकारी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लाभ दावे करें, लेकिन जिले में यात्री सुविधा सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं।।हरदोई रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की रात अनारक्षित टिकट को लेने के लिए लंबी कतार देखने को मिली ।अनारक्षित टिकट लेने के लिए रेल यात्री सड़क तक लाइन लगाए नजर आए। हरदोई स्टेशन पर लगी ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन भी बंद पड़ी थी। ऐसे में रेल यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ी ।इस दौरान कई रेल यात्री आपस में झगड़ा करते भी नजर आए जबकि कई रेल यात्रियों ने बिना टिकट ही यात्रा करने का निर्णय लिया जिसके चलते भारतीय रेल के राजस्व को भी नुकसान पहुंचा। हरदोई रेलवे स्टेशन पर कहने को तो अनारक्षित टिकट के तीन काउंटर है लेकिन अधिकांश समय एक ही काउंटर संचालित होता है।

## नियमों को दरकिनार कर फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहन

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई,

**अमृत विचार।** जिले में डग्गामार वाहनों की भरमार है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर डग्गामार वाहन फर्राटे भरते नजर आ रहे हैं। लालच के चलते वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारियों को बिठाते हैं और सवारियों को पीछे लटका लेते हैं जिसके बाद वहां के नंबर को लेकर वाहनों को अधिक गति से दौड़ते हैं नियमों के विपरीत वाहनों का दौड़े जाने से सड़क हादसे की संख्या आए दिन बढ़ती जा रही है,लेकिन अधिकारी डग्गामार वाहनों पर अंकुश नहीं लग पा रहे हैं।

डग्गामार वाहन हरदोई-शाहजहांपुर हाईवे मार्ग पर बेझिझक दौड़ते हैं। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के टोंडरपुर से हरदोई गुजर रहे भार वाहन पिकअप पर यात्रियों को क्षमता से अधिक बिठाते नजर आ रहे हैं,यहां डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इन बहनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई होती है। जिले के प्रत्येक सड़कों पर पुलिस मुस्तैद होती है, लेकिन जब डग्गामार वाहन ओवरलोड सवारियां लेकर जाते हैं तो पुलिस अपनी आंख बंद करके वाहनों को निकाल देती है। ऐसे ही लापरवाही चलते सडको पर बडे हादसे होते हैं।


सवारियां ढोता डग्गामार वाहन। अमृत विचार


डग्गामार वाहनों के खिलाफ प्रदर्शन करते संविदा कर्मी।

### डग्गामारी के खिलाफ भड़का रोडवेज कर्मियों का आक्रोश

**हरदोई, अमृत विचार।** डग्गामारी से रोडवेज के चालक व परिचालक भी आजिज हैं। कम आय होने पर उनका वेतन काट दिया जाता है। इसी को लेकर बुधवार को उन्होंने प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन डिपो कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए चालक-परिचालकों ने डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की। डिपो के शाखा मंत्री राजीव कुमार शाखा अध्यक्ष नवनीत मिश्रा सहित दर्जनों चालक-परिचालक मौजूद रहे।

## आरोपी ठेकेदार के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने अपनी बाबुल की लकड़ी रामपुर जनपद के लकड़ी ठेकेदार के हाथ एक लाख 65 हजार की बेची थी। लकड़ी ठेकेदार ने पूरे भुगतान का मोबाइल पर स्क्रीनशॉट दिखा दिया। इसके बाद लकड़ी लेकर चला गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी, जिस पर क्षेत्राधिकारी बिलग्राम से मामले की जांच कराई गई थी। आखिरकार आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सांडी थाना क्षेत्र के बरौलिया गांव निवासी धर्मवीर ने नवंबर माह 2024 में जनपद रामपुर के थाना टाडा निवासी अफसर अली के हाथ अपने बबूल की लकड़ी एक लाख 65 हजार की बेची थी। ठेकेदार ने पहले फोन पे पर 1 रुपये भेजा 1 रुपये खाते में आने के बाद ठेकेदार ने एक लाख पैंसठ हजार रुपए भेजने का मोबाइल पर स्क्रीनशॉट दिखा दिया और लकड़ी लेकर चला गया। पीड़ित के खाते में पैसा न आने के बाद उसने ठेकेदार से संपर्क किया, लेकिन ठेकेदार करने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की थी।

## झोपड़ी तोड़ने के मामले में 4 पर केस

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति की दरवाजे के सामने झोपड़ी रखी थी, जिसे पड़ोस की महिलाओं और एक व्यक्ति ने तोड़कर फेंक दी। पीड़ित के मामले की शिकायत थाने पर की थी। पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की गई आदेश मिलने के बाद पुलिस ने सभी लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है ।हसनापुर गांव निवासी योगेंद्र ने अपनी झोपड़ी दरवाजे के सामने रख ली थी। 9 जून को पड़ोस के रहने वाले शिवराम उसकी पत्नी रश्मि , दिनेश की पत्नी अनीता और सहित चार लोगों के विरुद्ध थाने पर शिकायत की गई थी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की।

## आबकारी एवं पुलिस टीम ने पकड़ी 150 लीटर शराब

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने महिला थाना क्षेत्र के लोकपुर गांव में दबिश दी। टीम ने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब और लहन बरामद किया, लहन को मौके पर ही नष्ट कर तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

आबकारी निरीक्षक क्षेत्र संख्या दो शाहाबाद आनंद कुमार श्रीवास्तव ने मझिला थाना पुलिस के साथ बुधवार को क्षेत्र के लोकपुर गांव में आकस्मिक दबिश दी, दबिश के दौरान टीम को 150 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 600 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। टीम ने कच्ची शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। कच्ची शराब के कारोबार से जुड़े वीरेंद्र पुत्र ब्रृज किशोर निवासी ग्राम लोकपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना मझिला पर मुकदमा दर्ज कराया गया। आबकारी निरीक्षक ने बुधवार शाम करीब पांच बजे बताया कि डीएम के निर्देश पर यह अभियान बीती 6 जून से शुरू किया गया था, जो 20 जून तक चलेगा।

**उपेक्षा** संघर्ष समिति के नेतृत्व में किया जाएगा धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम

## आखिर कब तक पूरा होगा सांडी रेल लाइन का सपना

सावन कुमार सैनी, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** सांडी रेल लाइन की मांग दशकों से चली आ रही है जिसके लिए सांडी रेल लाओ संघर्ष समिति डॉ पंकज त्रिवेदी के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों से जिला मुख्यालय से लेकर दिल्ली जंतर मंतर तक संघर्ष कर चुकी है, लेकिन अभी तक उक्त रेल लाइन परियोजना को लेकर रेल मंत्रालय के द्वारा अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

हरदोई से गुरसहायगंज वाया सांडी, उत्तर प्रदेश नई रेलवे लाइन के लिए वर्ष 2020,2021,2022,2023 व 2024 के रेल बजट में अनुमानित लागत 1302 करोड़ प्रस्तावित/स्वीकृत की गई। उक्त रेलवे लाइन प्राथमिकता में उत्तर रेलवे की पिंक बुक में पिछले 4 वर्षों से दर्ज है।वर्ष 2021 में मेसर्स ट्रांसलिक नामक दिल्ली की एक कंपनी के द्वारा उक्त रेलवे लाइन का ड्रोन के माध्यम से फाइनल लोकेशन सर्वे व ट्रोपोग्राफिकेल सर्वे भी किया गया जिसकी फाइनल रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जा चुकी है। उक्त रेलवे लाइन का वर्ष 2022 नॉर्दर्न रेलवे के द्वारा सीमांकन कार्य भी कराया गया, जिसके तहत इस रेलवे रूट पर कई जगहों पर सीमांकन पोल भी लगाए गए। पिछले तीन वर्षों के रेल बजट में उक्त रेलवे लाइन परियोजना के लिए टोकन मनी भी जारी की जा चुकी है। उक्त रेल लाइन को वर्ष 2025-2026 की उत्तर रेलवे की पिंक बुक में स्थान दिया गया है।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते क्षेत्रीय सांसद के द्वारा प्रभावी पैरवी ना करने के कारण हरदोई से गुरसहायगंज वाया सांडी रेल लाइन परियोजना की विस्तृत फाइनल रिपोर्ट रेल मंत्रालय में धूल फांक रही है। सांडी रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ पंकज त्रिवेदी के द्वारा रेल मंत्रालय को भेजे गए पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया गया कि उक्त रेल लाइन परियोजना को लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात रेल मंत्रालय के द्वारा वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी। तत्पश्चात आगे का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। उक्त रेल लाइन परियोजना को लेकर रेल मंत्रालय के द्वारा अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

रेलवे लाइन की मांग पिछले कई दशकों से चली आ रही है जिसके लिए क्षेत्रीय जनता सांडी रेल लाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षो से संघर्ष कर रही है। यदि उक्त रेल लाइन परियोजना को लेकर केंद्र सरकार के द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की गई तो सांडी रेल लाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में क्षेत्रीय जनता उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन, चक्का जाम व आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होगी।


रेल लाओ संघर्ष समिति के डा. पंकज त्रिवेदी।

## ट्रेन से दो किशोरियों को जीआरपी ने किया बरामद

**हरदोई, अमृत विचार।** जीआरपी ने एक सराहनीय कार्य किया है। ट्रेन में घर से नाराज होकर जा रही दो किशोरियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस महानिदेशक राजकीय रेलवे पुलिस व पुलिस अधीक्षक रेलवे के निर्देश पर जीआरपी थानाध्यक्ष पंकज कुमार भास्कर के नेतृत्व में ऑपरेशन स्माइल व मिशन शक्ति का कार्यक्रम प्रतिदिन चलाया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत बुधवार को संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व ट्रेन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कंट्रोल रूम से जीआरपी पुलिस कर्मियों को सूचना प्राप्त हुई की दो नाबालिग किशोरी घर से नाराज होकर लखनऊ जा रही है। दोनों आपस में चचेरी बहनें हैं।कंट्रोल की सूचना पर जीआरपी मुस्तैद हुई और सुबह लगभग छह बजे शाहजहांपुर की ओर से आ रही लखनऊ मेल में कंट्रोल रूम से प्राप्त निर्देश के बाद जीआरपी पुलिस कर्मियों ने कोच को घेर लिया और अंदर जाकर सकुशल दोनों किशोरियों को बरामद कर कंट्रोल रूम को अवगत करा दिया।

जीआरपी की पूछताछ में दोनों किशोरियों ने बताया कि वह घर पर हुई किसी बात से नाराज होकर वह लखनऊ जा रही थी। दोनों किशोरी शाहजहांपुर की रहने वाली हैं।

## सात के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर कल्लू निवासी पति समेत सात लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम मसीत निवासी आरती पुत्री नत्थाराम के अनुसार उसका विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर कल्लू निवासी लालराम के पुत्र विजय सक्सेना के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद से ही पति,ससुर, सास राजवती,ननद रंजना और रेनू,जेठ वीरू उसकी जेठानी अतिरिक्त दहेज में बाइक, सोने की जंजीर और बीस हजार रुपए की मांग को लेकर आयदिन प्रताड़ित करते हैं।

## एक नजर

### स्वच्छता रखने वालों को किया जाएगा सम्मानित

उन्नाव : भारत उन्नयन समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष देवेश प्रताप सिंह के किशोरी खेड़ा स्थित आवास में संपन्न हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि संस्था परिवार इसी जून माह से उन दुकानदारों व व्यवसायियों के प्रतिष्ठान पर जाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगा जिन्होंने अपनी दुकान या प्रतिष्ठान के आगे भरपूर स्वच्छता रखी हो। अगस्त माह से संस्था परिवार प्राथमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों, महा विद्यालयों व डायट में जाकर वहां के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करेगा। साथ ही अनेक स्वच्छता प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। इस दौरान डॉ. अंशुमान अग्निहोत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास नारायण गुप्ता, अजय अगम, हिमांशु शर्मा, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, संस्था संस्थापक व सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र पांडेय, डॉ. शिखा दुबे, डॉ. एसके वर्मा उपस्थित रहे।

### दहेज की मांग पर पति समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

शुक्लागंज (उन्नाव) : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर नेतुआ में दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आजाद नगर नेतुआ निवासी शानू निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2024 में उसकी शादी राहुल निषाद से हुई थी। विवाह में परिजनों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के बाद से ही पति राहुल और उसके परिजन दस लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। जब उसने और उसके मायके वालों ने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई, तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने शानू की तहरीर पर पति राहुल निषाद, सास रेखा निषाद, ससुर रामनरेश, देवर रोहित निषाद और ननद मोहिनी निषाद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### ग्रामीण बैंक की ओर से हुआ विशाल भंडारा

शुक्लागंज (उन्नाव) : बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, नेतुआ शाखा की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा दोपहर से शाम तक चला, जिसमें राहगीरों और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गर्मी के मौसम में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम को लोगों ने सराहा। भंडारे में पंकज कुमार, मयंक तिवारी, अंशुल दीक्षित, बलराम सिंह, गोविंद शुक्ला, मनोज अग्रवाल और अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# झोलाछापों की भरमार, जान से कर रहे खिलवाड़

## सफीपुर में विभागीय अधिकारियों की सरपरस्ती से खुलेआम चल रहीं हैं झोलाछापों की दुकानें

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** सफीपुर क्षेत्र में इन दिनों झोलाछापों की भरमार है। कस्बे से लेकर ग्रामीण आंचल के गली कूचों व चौक-चौराहे पर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर ये झोलाछाप भोले-भाले व गरीब लोगों को ठग रहे हैं। इसके अलाव वे गरीबों की जान से भी खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों के अनुसार, क्षेत्र में अप्रशिक्षित झोला छाप छोटी बीमारियों का इलाज करने के साथ बड़े-बड़े आपरेशन तक कर रहे हैं।


सफीपुर में एक झोलाछाप के क्लीनिक में भर्ती किए गए मरीज। अमृत विचार

सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम तिवारी ने बताया कि मोटी रकम लेकर नर्सिंग होम संचालक इलाज के नाम पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें इस बात का डर नहीं होता कि इससे मरीज की जान जाएगी या उसे इंफेक्शन भी हो सकता है। इसके चलते ऐसे झोलाछापों के चक्कर में आकर अक्सर लोगों की जान तक जा रही है। लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में सरकार ने स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिये दवाओं सहित कई जांचे भी निःशुल्क कराने की व्यवस्था उपलब्ध कराई है। बुद्धिजीवियों द्वारा समय-समय पर जिला प्रशासन से झोलाछापों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग भी की जाती है। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसके चलते यह झोलाछाप उल्टी, दस्त आदि सामान्य बीमारियों के अलावा मियादी बुखार, डेंगू, मलेरिया, हैजा, पीलिया, मस्तिष्क ज्वर, चिकन पॉक्स व एलर्जी तक का इलाज करने से नहीं चूकते। बिना प्रशिक्षण के लोगों को इंजेक्शन लगाने के साथ ग्लूकोज व अन्य दवाएं चढ़ा देते हैं। दवा की डोज की सही जानकारी न होने के बावजूद सामान्य बीमारी में लोगों को दवा की हैवी डोज दे देते हैं। इसके चलते कई बार लोगों को एलर्जी व शारीरिक अपंगता तक हो जाती हैं।

### कस्बा से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हैं क्लीनक


सफीपुर में झोलाछाप के क्लीनिक में सजीं दवाएं।

सफीपुर, अमृत विचार : कस्बा से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में व गलियों से लेकर छोटे-छोटे चौराहों जैसे सनहा चौराहा, अंधेलिया चौराहा, भैंसहरा चौराहा, जमुनिया कच्छ में संचालित निजी क्लीनिक, रूपपुर चंदेला, जमाल नगर गैर एहतमाली, न्यामतपुर, सकहन राजपूतान, ददलहा आदि गावों में भी झोलाछापों की भरमार है। ऐसे डॉक्टरों के पास किसी भी प्रकार की जांच की कोई सुविधा नहीं होती है। वहीं इस संबंध में सफीपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा का कहना है कि आपसे ही यह जानकारी मिली है। मैं विभागीय जांच समिति बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों भेजकर जांच कराऊंगा और इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजूंगा। इसके बाद उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने गिनाई उपलब्धियां

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित आर्य नगर के एक होटल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विधायक पंकज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार समेत वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

सभा में वक्ताओं ने मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सांसद साक्षी महाराज ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए इसे देश की ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने धारा 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत,



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद साक्षी महाराज। अमृत विचार

▶▶ विधायक, जिलाध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

पीएम आवास योजना, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सूर्य कुमार बाजपेई, अवनीश शुक्ला, आदित्य त्रिपाठी, मनीष जायसवाल, भगवती प्रसाद रावत, अमरेन्द्र गुप्ता, जीतेन्द्र, योगेश बाजपेई, किरन सिंह, दुर्गा तिवारी, सुरेश शुक्ला, सौरभ सोनकर, विपिन मिश्रा और नूतन सिंह शामिल हुए। सभा का संचालन आशीष बाजपेई अटल ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाना और जागरूकता फैलाना रहा।

# डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम ने की प्रसूता की मौत मामले की जांच

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

▶▶ नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई थी मौत

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित सीएचसी में प्रसव के बाद प्रसूता की मौत के मामले में पीड़ित पति की शिकायत पर बुधवार दोपहर स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्यीय टीम जांच करने पहुंची। टीम ने प्रकरण से संबंधित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों का लिखित बयान लिया।

बता दें कि बीती 8 मई को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कस्बे के झखरी मोहल्ला निवासी अजय की पत्नी शिवानी का प्रसव हुआ था। शाम को अचानक प्रसूता की हालत अचानक बिगड़ गई। प्रसूता को जब तक जिला अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस में शिफ्ट करते तब तक उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद पति समेत परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर मरीज के इलाज में लापरवाही बरतने के साथ अनावश्यक पैसों की मांग करने के आरोप लगा हंगामा किया था। पीड़ित पति ने इसकी शिकायत आइजीआरएस व अन्य माध्यमों से की थी। शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने एसीएमओ डॉ. आर के गौतम, डॉ. नरेंद्र सिंह व डॉ. आफताब की तीन सदस्यीय टीम को मामले की जांच सौंपी है। टीम बुधवार दोपहर सीएचसी में दस्तावेजों की जांच समेत मामले से संबंधित डॉ. जितेंद्र कुमार, स्टाफ नर्स कीर्ति, विमला व शिल्पा का लिखित बयान लेने पहुंची। एसीएमओ डॉ. आर के गौतम ने बताया कि प्रसूता की मौत के मामले में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। मामले से संबंधित दस्तावेज व संबंधित स्वास्थ्य कर्मी के बयान लिए गए हैं। इससे पहले सीएमओ ऑफिस में पीड़ित व उसके परिजनों के बयान लिये जा चुके हैं। बताया कि मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ गई है। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### भंडारे का प्रसाद न देने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में गांव के एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने बीते मंगल पर भंडारा करा रहे पिछड़े वर्ग के दो भाइयों के विरुद्ध उसके बेटे को प्रसाद न देने और जातिसूचक गालियां देकर पिटाई करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को दी तहरीर में धर्म परिवर्तन करने की भी चेतावनी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसत मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी प्रदीप पुत्र बाबूलाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि बीते मंगल को गांव के ही पिछड़े वर्ग के प्यारेलाल व राधेलाल पुत्र हीरालाल मंदिर पर भंडारे का प्रसाद बांट रहे थे। तभी उसका बेटा सुमित प्रसाद लेने जा पहुंचा। किंतु दोनों भाइयों ने उसके बेटे को प्रसाद देने से इंकार कर दिया और जातिसूचक गालियां देते हुए उसकी पिटाई कर दी। कहा कि न तो अनुसूचित जाति के लोगों के लिए भंडारा है और न उन्हें मंदिर में प्रवेश की अनुमति है। आरोप यह भी है कि जब वह अपनी पत्नी के साथ उलाहना देने मंदिर पहुंचा तो प्रसाद बांट रहे दोनों भाइयों ने उसे भी जातिगत गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर में चेतावनी दी है कि यदि आरोपी भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही न की गई तो वह धर्म परिवर्तन कर लेगा। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में आरोप सिद्ध होने पर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### फीडर 3 की बिजली आपूर्ति रही बाधित, लोग परेशान


खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते विद्युत कर्मी।

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : तेज गर्मी और बढ़ते पारे के बीच बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। मंगलवार रात को फीडर 3 से जुड़े मोहल्लों में ट्रांसफार्मरों की ओवरहीटिंग और बार-बार एमसीबी ट्रिप होने के चलते बिजली आपूर्ति पूरी रात बाधित रही। इससे हजारों उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में रात गर्मी में गुजरानी पड़ी। मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे से फीडर 3 की सप्लाई लड़खड़ाने लगी। हर दस से पंद्रह मिनट में बिजली आती-जाती रही, जिससे लोगों की नींद पूरी तरह खराब हो गई। रात में तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से घरों में पंखे और कूलर भी ठप पड़ गए। बुधवार सुबह पांच बजे विभाग ने एक घंटे की रोस्टिंग कर पूरे नगर की सप्लाई बंद कर दी। इसके बाद धीरे-धीरे आपूर्ति बहाल की गई, लेकिन फीडर 2, 3 और 4 की आपूर्ति दिनभर पूरी तरह सुचारू नहीं हो सकी। बुधवार दोपहर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मरों का मरम्मतीकरण कार्य शुरू किया। गोपीनाथपुरम, साकेतपुरी, विष्णुपुरी और रहमत नगर सहित कई इलाकों में लगे 250 केवीए ट्रांसफार्मरों की ट्रिपिंग समस्या को ठीक किया गया। मरम्मत कार्य के दौरान भी कई घंटों तक बिजली सप्लाई बंद रही, जिससे लोगों को दिन में भी गर्मी से जूझना पड़ा।

### सीएचसी में हुई उम्मीद परामर्श केंद्र की स्थापना


केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ करते अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच व गुणवत्ता बढ़ाने को स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन हो रहा है। जिसके तहत बुधवार को पीएचसी चमरौली में प्रभारी सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन किया। अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्देश्य हर इच्छुक दंपति को परिवार नियोजन की मनपसंद सेवाएं प्रदान की जाएं। वहीं अधिक से अधिक दंपति परिवार नियोजन के साधनों का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में प्रधान समर बहादुर, डॉ. वसीम अहमद चिकित्साधिकारी, बीपीएम मलखान सिंह, डॉ. मो आरिफ, मो. आसिफ, यूनिसेफ, डॉ. पुष्पा, कुसुम कुमारी, अनामिका स्टाफ नर्स आदि मौजूद रहे।

### आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट के दोषियों पर लगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार : अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने अलग-अलग चार मामलों के दोषियों पर जुर्माना लगाया है। पुरवा कोतवाली पुलिस नौ अगस्त-2010 को क्षेत्र के भभूतीखेड़ा गांव निवासी प्रकाश को बांगरमऊ पुलिस ने 30 मार्च-2019 को भिखारीपुर पतसिया गांव निवासी सत्यनारायण व 12 अक्टूबर-2020 को सजल कुशवाहा को अवैध शराब के साथ पकड़ा था। तीनों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया था। जांच कर साक्ष्य जुटा कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ताओं की दलील व साक्ष्य के आधार पर प्रकाश, सत्यनारायण व सजल कुशवाहा कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए प्रकाश पर 3700, सत्यनारायण व सजल पर दो-दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। वहीं बिहार पुलिस ने 24 अक्टूबर-2012 को थानाक्षेत्र के जानकीगंज गांव निवासी वीरेंद्र के पास तलाशी में चाकू बरामद होने पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। आईओ सुरेश तिवारी ने आरोपी ने जांच कर पर्याप्त साक्ष्य इकट्ठा कर 30 अक्टूबर-2012 कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने वीरेंद्र को दोषी ठहराते हुए उस पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया।

### समर कैंप में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम


प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार : पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उन्नाव में समर कैंप का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मधु यादव ने बताया कि समर कैंप का आयोजन 21 मई से 10 जून तक किया गया था। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों के बारे में जानकारी देना था। जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच का विकास, टीमवर्क की भावना, जीवन कौशल का विकास करना व खेलकूद कला विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनका समग्र विकास करना था। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रशस्ति पत्र भी दिये गए। इसके साथ ही छात्राओं तथा उनके अभिभावकों द्वारा समर कैंप के लिए फीडबैक भी लिया गया।

### कल्याणी देवी मंदिर में हुआ चौकी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार : ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि पर मां कल्याणी देवी शक्तिपीठ में बुधवार को भव्य चौकी का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। दोपहर बाद प्रारंभ हुए इस आयोजन में भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और मां के भजनों व संकीर्तन का आनंद लिया। मंदिर परिसर भक्ति संगीत व मां कल्याणी के स्तुति गीतों से गूंज उठा। भक्तों ने भावविभोर होकर मां की आराधना की और उनकी कृपा प्राप्त करने हेतु प्रार्थनाएं कीं। आयोजन में भक्तों द्वारा भक्तिपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण पूर्ण रूप से आध्यात्मिक हो गया। इस अवसर पर लक्ष्मी तिवारी, नीलम पांडे, रेनू दीक्षित, अरुणा तिवारी, राजकुमारी सिंह, वंदना शुक्ला व रानी मिश्रा आदि मौजूद रहीं। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया।

### पीएचसी परिसर में गिरा पेड़, डॉक्टर की कार क्षतिग्रस्त


पीएचसी परिसर के अंदर कार के ऊपर गिरा पड़ा पेड़।

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार सुबह एक हादसा टल गया। परिसर में वर्षों पुराना एक पेड़ अचानक गिर गया, जिससे वहां खड़ी डॉक्टर की कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, मौके से गुजर रहे फार्मासिस्ट अवनीश मिश्रा बाल-बाल बच गए। बुधवार करीब 11 बजे पीएचसी परिसर में खड़ा पेड़ तेज आवाज के साथ भरभरा कर गिर पड़ा। पेड़ पूरी तरह से अंदर से खोखला हो चुका था, लेकिन इसकी स्थिति का समय पर अंदाजा नहीं लगाया गया। पेड़ सीधे डॉक्टर रश्मि वर्मा की खड़ी कार पर जा गिरा, जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। संयोग अच्छा था कि उसी समय पास से गुजर रहे फार्मासिस्ट अवनीश मिश्रा कुछ ही कदम दूर थे, जिससे वे किसी बड़ी दुर्घटना से बच गए। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों की भीड़ एकत्र हो गई। पीएचसी कर्मचारियों ने मिलकर किसी तरह पेड़ को हटाया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

# गर्मी बढ़ते ही डायरिया और त्वचा रोग के मरीजों में हुआ इजाफा

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** जून माह की शुरुआत के साथ ही पड़ रही तेज गर्मी और हीटवेव का असर लोगों की सेहत पर साफ नजर आने लगा है। तेज धूप, लू और चिलचिलाती गर्मी के कारण डायरिया, उल्टी-दस्त, बुखार और त्वचा रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नगर की न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर दिन मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

बुधवार को पीएचसी में कुल 243 मरीजों की ओपीडी की गई, जिसमें 198 नए और 45 पुराने मरीज शामिल थे। इनमें से करीब 70 मरीज त्वचा रोग से ग्रसित पाए गए, जबकि 50 प्रतिशत मरीज डायरिया, उल्टी-दस्त और बुखार की समस्या लेकर पहुंचे। डॉक्टरों का कहना है कि यह स्थिति प्रचंड गर्मी के कारण हो रही है। गर्म हवाएं और पसीने की अधिकता से त्वचा पर सनबर्न, खुजली, दाद और संक्रमण की शिकायतें बढ़ गईं हैं। डॉ. अल्तमश खान और डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि गर्मी में सूर्य की किरणें त्वचा को झुलसा देती हैं। साथ ही अधिक पसीना आने के कारण शरीर में कीटाणु पनप जाते हैं, जिससे त्वचा पर संक्रमण और चर्म रोग होने लगते हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि गर्मी में बार-बार ठंडे पानी से शरीर धोएं, साफ और ढीले कपड़े पहनें, तेज धूप में बाहर निकलने से बचें तथा फास्ट फूड, खुले में कटे फल और ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें। पीएचसी में प्रतिदिन 30 से 40 मरीज डायरिया के लक्षणों के साथ आ रहे हैं, जिनमें उल्टी और दस्त प्रमुख हैं। डॉक्टरों ने लोगों से गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि संक्रमण और बीमारी से बचा जा सके।

# डिप्टी सीएम ने वर्चुअली किया विकास कार्यों का लोकार्पण


कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते अतिथि। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

▶▶ नवाबगंज स्थित पक्का तालाब पर होगा मंदिर का जीर्णोद्धार

**अमृत विचार:** कस्बा नवाबगंज स्थित पक्का तालाब पर आयोजित मंदिर जीर्णोद्धार, तालाब सौंदर्यीकरण व नगर पंचायत में कराए गए विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने वर्चुअली रूप से शामिल होकर लोगों को संबोधित किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने पौधरोपण भी किया। इसमें भाजपा पदाधिकारी, सांसद, विधायक, कई ब्लॉक प्रमुख व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या बुधवार सुबह करीब 10 बजे कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लखनऊ से आजकल 11 बजे के बाद फ्लाइट नहीं है। क्योंकि वाराणसी पहुंचना है इसके चलते वह कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से शामिल हुए। कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से खड़ी है और आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। वहीं सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि अभी तक आतंकियों को सही जवाब नहीं मिलता था लेकिन यह नया भारत है जो आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने भाजपा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद साक्षी महाराज, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, गिरजा शंकर गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति रावत, विमल द्विवेदी, बालेंद्र सिंह आदि का स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, राजेंद्र द्विवेदी, प्रधान मनोज पांडेय, सुशील श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

परेशानी — दोपहर के समय चटक धूप व लू के थपेड़ों के बीच तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया, घरों में दुबकने को मजबूर हो गए लोग

# हीटवेव के कहर से राहगीर बेहाल, सड़कों पर छाया रहा सन्नाटा

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** जून माह का दूसरा सप्ताह भी भीषण गर्मी के नाम रहा। बुधवार को सुबह से ही तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते-होते लू के थपेड़ों और आग बरसाती धूप ने हालात और बिगाड़ दिए। तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया, जिससे नगर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।


दोपहर के समय इस तरह फोरलेन पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

सुबह करीब आठ बजे से ही सूरज की किरणें तेज हो गई थीं और दिन चढ़ने के साथ-साथ गर्मी का असर बढ़ता चला गया। जरूरी काम से घरों से निकले लोग धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए छाता, अंगौछा, स्टोल और गमछा लेकर ही बाहर निकले। दोपहर 12 बजे के बाद फोरलेन, मरहला चौराहा, आजाद मार्ग और अन्य प्रमुख सड़कों पर लोगों की आवाजाही बेहद कम रह गई। लू के प्रचंड झोंकों ने राहगीरों को झकझोर दिया। खासकर वे लोग जो कामकाज के सिलसिले में बाहर निकले, वे काफी परेशान नजर आए। नगर के बाजारों में भी दोपहर के वक्त सन्नाटा छाया रहा। गर्मी का असर सिर्फ इंसानों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि पशु-पक्षी भी बेचैन दिखाई दिए। कई जगहों पर पक्षी पानी की तलाश में मंडराते नजर आए। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि ऐसी भीषण गर्मी में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और भरपूर मात्रा में पानी पिएं। हीटवेव से बचने के लिए शरीर को ढक कर रखें और दोपहर के समय सीधी धूप में जाने से परहेज करें।

### हीटवेव की चपेट में आकर ई-रिक्शा चालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : प्रचंड गर्मी व भीषण हीटवेव के कारण बुधवार को एक ई-रिक्शा चालक की रहमत नगर में सवारी छोड़कर लौटते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह वहीं बेहोश हो गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराई। मृतक की पहचान बालूघाट चौकी क्षेत्र के गंगानगर रजा मस्जिद निवासी जावेद (35) पुत्र स्व. शकील के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जावेद बुधवार दोपहर भीषण गर्मी में बिन्दा नगर क्षेत्र में सवारी छोड़कर रहमत नगर पहुंचा था। वहीं ईशा मस्जिद के पास एक मकान के पास वह बैठ गया और बेहोश हो गया। लोगों ने जब उसे काफी देर तक न उठते देखा तो पास जाकर उसको हिलाया-डुलाया, लेकिन उसकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मौके पर पहुंची बिन्दा नगर चौकी पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। वहीं मामले को लेकर चौकी प्रभारी रविशंकर पांडेय के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हीटस्ट्रोक प्रतीत हो रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी राविया और पांच बच्चों समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# रिसॉर्ट मालिक ने मैनेजर को बंधक बनाकर पीटा

## साथियों के साथ मिलकर तीन दिन तक करते रहे मारपीट

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- पीड़ित मैनेजर ने राठ कोतवाली पहुंचकर दी तहरीर
- दूसरी जगह नौकरी करने की बात पर डंडों से पीटा

**अमृत विचार।** कस्बे के उरई रोड स्थित एक रिसॉर्ट के मालिक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर रिसॉर्ट के मैनेजर को बंधक बना लिया और तीन दिन तक उसे डंडे से पीटते रहे। मैनेजर का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने रिसॉर्ट मालिक से अब दूसरी जगह नौकरी करने की बात कही थी। पीड़ित मैनेजर ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर रिसॉर्ट के मालिक और उसके साथियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सरीला निवासी गोविंद पुत्र परमानंद ने बताया कि वह राठ कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में किराए से रहता है। वह उरई रोड स्थित एक रिसोर्ट में तीन साल से मैनेजर है। अब वह दूसरी जगह पर काम करना चाहता है। उसने रिसोर्ट के मालिक को 20 दिन पहले रिसॉर्ट की नौकरी छोड़ने की बात बताई थी और मालिक से मैनेजर के लिए किसी व्यक्ति की तलाश करने की गुजारिश की थी, ताकि रिसार्ट का काम प्रभावित न हो।



पीड़ित रिसॉर्ट मैनेजर गोविंद।

पीड़ित ने बताया कि 3 जून की रात करीब 10 बजे रिसोर्ट के मालिक अपने दो साथियों के साथ रिसोर्ट उसके पास आया और बेवजह उसे गालियां देते हुए उस पर चोरी का आरोप लगाने लगा। जब उसने बेवजह के आरोपों का विरोध किया तो उसे बंधक बना लिया और लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। रिसार्ट मालिक ने जबरन उसका वीडियो बनाया और उसे चोरी करने की बात कबूल करने के लिए मजबूर किया।

जबरन वीडियो बनाने के बाद आरोपियों ने उसे दो दिन बाद मुक्त किया और कहीं भी शिकायत करने पर आरोपियों ने उसे जानमाल की धमकी भी दी। घर पहुंचकर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और अपनी चोटों का इलाज भी कराया। बुधवार को उसने राठ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और पुलिस से मुकदमा दर्ज कर इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई। इस मामले में कोतवाल रामासरे सरोज का कहना है कि तहरीर मिली है। पूरे प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री के स्वागत में घुसे जेबकतरे कैश-मोबाइल पार

औरैया। बुधवार को मद्य निषेध राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला पहली बार औरैया आए तो उनके स्वागत में समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंडी गेट तिराहा के समीप भाजपा नेता अवधेश भदौरिया के नेतृत्व में स्वागत के दौरान कुछ जेबकतरे भी भीड़ के बीच घुस गए और तीन लोगों की जेब से हजारों रुपये और एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल फोन पार कर दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, जेबकतरे रफूचक्कर हो गए। अब पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जेबकतरों को तलाश रही है।

खास बात यह है कि मंत्री के स्वागत के दौरान पुलिस व्यवस्था भी नहीं थी। शहर में हाईवे स्थित मंडी गेट तिराहा के समीप बुधवार को दर्जा प्राप्त मद्य निषेध राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला का स्वागत किया जा रहा था। उसी समय भीड़ का फायदा उठाते हुए जेबकतरों ने एक के बाद एक कर कई लोगों की जेब पर हाथ मारा और आराम से निकल गए। जब स्वागत का उत्साह थोड़ा ठंडा हुआ, तब लोगों ने अपनी जेब टटोली तो नकदी गायब थी।

# 'किसान खाली पड़ी भूमि पर उगाएं मूंग की फसल'

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों की भलाई के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार प्रतिबद्ध हैं। जिले के किसानों को सलाह दी कि इस समय काफी भूमि खाली पड़ी है जबकि इसमें मूंग की फसल लगानी चाहिए।

कर्वी ब्लाक के गांव सिद्धपुर में बुधवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे दलहन एवं तिलहन, श्रीअन्न में सावा, कोदो, मडुआ व मक्का की फसलें अधिक मात्रा में तैयार करें। बुंदेलखंड की जमीन इसके लिए अनुकूल है। जहां पर पानी की उपलब्धता पर्याप्त है, वहीं धान व गेहूं की खेती की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के परिणाम के बारे में अवश्य जानकारी दें। कहा कि बुंदेलखंड में पहले किसान फांसी लगा लेते थे अब ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। राष्ट्रीय संगठन



संबोधित करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

सचिव दीनदयाल शोध संस्थान के अभय महाजन ने कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख कहते थे कि पहले हम स्वावलंबी बनें तभी हम अपने समाज को स्वावलंबी बना पाएंगे। उप कृषि निदेशक राज कुमार ने खरीफ उत्पादकता के संबंध में बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक आरएस नेगी ने खरीफ फसलों की बीमारियां एवं उनके बचाव व डॉ. उत्तम कुमार त्रिपाठी ने खरीफ उत्पादकता एवं फसल की तैयार की जानकारी दी। डॉ. सतीश पाठक ने मृदा परीक्षण एवं जलवायु के बारे में बताया। इस मौके पर इस मौके पर कई अधिकारी मौजूद रहे।

# टेंपो में डंपर की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

संवाददाता, अमृतपुर फर्रुखाबाद

- फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर ग्राम कुतलूपुर के पास हादसा
- दो घायलों का लोहिया अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों से आए दिन हादसे हो रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ काफी बढ़ता जा रहा है। बीते मंगलवार को देर शाम राजेपुर थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर ग्राम कुतलूपुर के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने कटहल से भरे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक विपिन शर्मा (20) की मौत हो गई। तथा टेंपो मे बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार विपिन अपने दो साथियों हरिओम और विकास (21) के साथ राजेपुर से कटहल लादकर वापस वापस लौट रहा था। तभी कुतलुपुर के



विपिन।

पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो के परखच्चे उड़ गए। टक्कर लगते ही ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि चिकित्सक की अनुपस्थिति मे मौजूद फार्मासिस्ट ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह करीब 8:45 बजे विपिन की मौत हो गई।

# घरेलू हिंसा में त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य सुनीता सैनी द्वारा महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में की गई।

उन्होने अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की समीक्षा के साथ ही जानकारी प्राप्त की। इस दौरान 15 पीड़िताओं की जनसुनवाई की। जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, पॉक्सो, जमीनी विवाद से संबन्धित प्रकरणों की जन सुनवाई कर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। एक प्रकरण में नाराजगी व्यक्त करते हुए सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने को कहा। अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को अपने अपने विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों एवं विद्यालयों की स्थिति में सुधार न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर कहा कि स्वयं निरीक्षण कर समस्त सुविधा पूर्ण कराएं। समाज कल्याण अधिकारी रेनू से कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में फर्जी आवेदन करने वालों पर कार्यवाही करें।



महिलाओं की समस्या सुनतीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान।

इसके बाद अध्यक्ष और सदस्य ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय महिला का निरीक्षण किया। बाद में जिला कारागार, फतेहगढ़ का निरीक्षण कर महिला बंदियों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। महिला आयोग की अध्यक्ष ने फर्रुखाबाद जाते समय मार्ग में किसी दुर्घटना में घायल हुए बुजुर्ग को तुरंत अपने पुलिस एस्कार्ट वाहन से नजदीकी चिकित्सालय भेजकर त्वरित उपचार सुनिश्चित कराया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य को आए हुए एक महीना भी नहीं हुआ लेकिन शिकायतें इतने अधिक हैं कि मुझे खुद ही यहां पर आना पड़ा है। इसलिए सुधार कर लीजिए ,आप लोग फील्ड में निकल कर काम कीजिए ।

### स्कूल मर्ज करने की बात पर बीएसए को फटकार

**फर्रुखाबाद ।** बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा एक स्कूल में 10 बच्चे होने पर उसे दूसरे स्कूल से मर्ज करने की जानकारी दी, इस पर उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर विरोध होने पर मर्ज नहीं हो सका,जिस पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने बेहद कड़ी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि स्कूल को मर्ज करने की बात कैसे कह सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### चेन स्नेचर्स से मुठभेड़, दो लुटेरे गिरफ्तार

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर लुटेरों की तलाश में जुटी एसओजी व दिबियापुर पुलिस की लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान दोनों लुटेरों के पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। मंगलवार को दिबियापुर क्षेत्र में कानपुर देहात की महिला के साथ चेन स्नेचिंग की थी। बुधवार को उमरसाना तिराहा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई। पुलिस ने लूट के मामले में नारायणपुर के रोहित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। रोहित से पूछताछ में पता चला कि उसका साथी मंगल ककुरिया गांव में लूट के माल का हिसाब करने आएगा। पुलिस जब रोहित को लेकर ककुरिया गांव पहुंची तो मंगल वहां आया। पुलिस को देखते ही मंगल ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें दबोचकर चिचौली अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान लूट के आरोपी रोहित और मंगल को दबोचने में सफलता हासिल हुई है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** बांदा–कानपुर रेल मार्ग में मौदहा अकौना के बीच एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी संदीप कुशवाहा (26) पुत्र अखिलेश की गांव के निकट रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक अपने परिवार में दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था। जबकि मृतक के पिता खेती किसानी कर परिवार चलाते हैं। वहीं लोग इस मामले को आत्महत्या के मामले से जोड़कर देख रहे हैं। लेकिन संदीप ने आत्महत्या करने जैसा कदम क्यों उठाया यह अभी समय के गर्भ में छिपा हुआ है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### नाबालिग से छेड़खानी में दोषी को 3 साल की सजा

**महोबा ।** चार साल पहले घर में घुसकर एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने के मामले में अदालत ने दोष सिद्ध हो जाने पर अभियुक्त को तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है और तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी 18 मई 2021 को घर पर अकेली थी। उसके माता–पिता गांव से बाहर गए हुए थे। तभी ननौरा निवासी जितेंद्र यादव छत के रास्ते से किशोरी के घर में पहुंचा और किशोरी का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। किशोरी के चिल्लाने पर अभियुक्त मौके से भाग निकला। घटना की रिपोर्ट पीड़िता के परिजनों ने 19 मई 2021 को श्रीनगर थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने विवेचना पूरी कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। बुधवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अपर जिला जज संदीप चौहान ने दोनों पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त जितेंद्र यादव को लैंगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8 के अपराध में तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### पत्नी के मायके जाने पर जहर खा खुदकुशी की

**अजीतमल (औरैया)।** कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर कस्बे में युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जब परिजनों ने उसकी हालत बिगड़ते देखी तो आनन–फानन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। 10 दिन पहले पत्नी के मायके जाने से युवक खासा परेशान था। कस्बे के अशोक नगर के रहने वाले राजकुमार ने मंगलवार की रात्रि जहरीला पदार्थ निगल लिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें गौतम बुद्ध स्कूल के पास अचेत अवस्था में पाया। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार राजकुमार की रूरुकला गांव की रहने वाली आरती से शादी हुई थी। उसके चार बच्चे हैं। 10 दिन पहले राजकुमार का पत्नी आरती से विवाद हुआ। इसके बाद आरती अपने मायके के लोगों को बुलाकर बच्चों के साथ मायके चली गई थी। तब से राजकुमार अवसाद में था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### मारपीट में एक व्यक्ति की मौत

**मऊ (चित्रकूट) |** दिन बुधवार को देर शाम सात बजे मऊ थाना अंतर्गत ग्राम पिपरौंद में मारपीट की घटना हुई। मौके पर मऊ पीआरबी पहुंची तो तीन लोग घायल थे। जिसमें शिरोमणि पुत्र सुखरात को सीएससी मऊ में भर्ती कराया गया। सीएससी मऊ में डॉक्टरों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मौके पर मऊ सीओ यामीन अहमद और मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह मौके पर मौजूद थे।

### गांव के लोगों ने प्रधान व उसके भतीजे को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** मोहनपुर रतनपुर निवासी ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार पुत्र रामआसरे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 09 जून की शाम लगभग 04 बजे भतीजे निखिल शुक्ला के साथ घर से गांव की तरफ जा रहा था। तभी रंजिश को लेकर मनोज व कानपुर के यशोदा नगर निवासी उसके भांजे विवेक, पवन उर्फ शालू ने गालीगलौज की। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# छेड़छाड़ के विरोध में सिपाही ने छात्रा को दूसरी मंजिल से फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा की रीढ़ की हड्डी में मिली चोट
- पीड़िता की मां की तहरीर पर बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** बीबीडी इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर डॉयल-112 पर तैनात सिपाही ने पत्नी साले के साथ छात्रा को पीटा और मकान की दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया। परिवार को भी पीटा और फर्जी मामले में जेल भेजने की धमकी दी। लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा के रीढ़ की हड्डी में चोट बताई गई है।

बीबीडी थाना क्षेत्र में एक मजदूर पत्नी और बेटी के साथ किराए के मकान में रहता है। मकान के दूसरे हिस्से में डॉयल-112 में तैनात सिपाही मुकेश यादव और उसकी पत्नी कुमकुम रहते हैं। मजदूर ने बताया कि सिपाही इलाके में नए मकान का निर्माण करा रहा है। एक ही मकान में रहने के कारण मजदूर की कक्षा-9 में पढ़ने वाली बेटी अक्सर सिपाही की पत्नी से मिलने के लिए चली जाती है। आरोप है कि करीब तीन महीने से सिपाही छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। विरोध करने पर उसे धमकाता था।

मजदूर की पत्नी ने बताया कि सोमवार को भी सिपाही ने बेटी से छेड़छाड़ की। छात्रा ने मां और सिपाही की पत्नी को जानकारी दी। इस पर सिपाही की पत्नी छात्रा और उसके परिवार से विवाद करने लगी। इसी बीच सिपाही का साला आ गया। विवाद शांत होने पर मजदूर काम पर जाने के लिए घर से निकला था। छात्रा दूसरी मंजिल पर बने कमरे में अकेली थी। इस बीच सिपाही, उसकी पत्नी और साले अंकित ने कमरे में घुस कर मारपीट कर छात्रा को दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया। छात्रा के परिवार को भी पीटा।

इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया छात्रा की मां की तहरीर पर सिपाही मुकेश यादव, कुमकुम यादव और अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि छात्रा की हालत में सुधार होने के बाद बयान दर्ज कराए जाएंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा के अश्लील वीडियो वायरल कर की खुदकुशी

संवाददाता, रहरा(अमरोहा)

**अमृत विचार :** धनौरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने पहले छात्रा की स्वयं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दर्जनों अश्लील वीडियो बनाईं। सभी वीडियो वायरल कर दीं। इसके बाद युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पोस्ट ग्रेजुएशन की छात्रा के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक रिश्ते में छात्रा की बहन का देवर बताया जा रहा है। करीब चार महीने पहले छात्रा के परिवार वालों को दोनों के प्रेम प्रसंग का पता चलने पर मतभेद हो गए थे। दो दिन पूर्व युवक ने छात्रा के साथ स्वयं के अश्लील वीडियो उसी की फेसबुक आईडी से अपलोड कर दिया। छात्रा के परिजनों को पता चल गया। इसके बाद मंगलवार रात युवक ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा कि करीब महीने से छात्रा बिजनौर जनपद के किसी दूसरे युवक से फोन पर बात करती थी। युवक को कुछ ही दिन पहले इस बात का पता लगा था। इसके बाद दोनों में विवाद भी हुआ था। गुस्से में युवक ने वीडियो वायरल कर खुदकुशी कर ली। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मृतक युवक के भाई द्वारा केवल शव का पोस्टमार्टम कराने के संबंध में तहरीर दी गई है। दूसरी तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बुखार में अनदेखी से सुनने की क्षमता हो रही प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुखार के दौरान देर तक ईयर फोन लगाना खतरनाक
- दिक्कत होने पर मनमर्जी से दवा न लें, डॉक्टर को दिखाएं

**अमृत विचार:** अगर आपको दो दिन तक लगातार तेज बुखार आ रहा है, आप मनमर्जी से दवा खरीद कर सेवन कर रहे हैं तो इससे आपकी सुनने की क्षमता पर गंभीर असर पड़ सकता है। ऐसे मरीज अगर लगातार ईयर फोन और ईयर बड का इस्तेमाल करते हैं तो उनकी सुनने की क्षमता को ज्यादा नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है।

जिला अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. एलके सक्सेना ने बताया कि बुखार के साथ ही कोई भी संक्रमण कान की नर्व यानि नस पर अटैक करता है, जिससे नर्व में सूजन आ जाती है। इससे सुनने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में तीन से चार ऐसे मरीज पहुंचे हैं, जिन्होंने डॉक्टर को परामर्श के दौरान स्वीकार किया कि बुखार के दौरान मनमर्जी से दवा ली, जिससे उनके कान में दिक्कत आरंभ हो गई है।

इससे बचाव के लिए डॉक्टर ने बताया कि लंबे समय तक फोन पर बात न करें, ईयर फोन का प्रयोग कम से कम करें, महीने में एक बार कानों की जांच अवश्य कराएं, फोन पर काम ज्यादा है तो प्रति घंटे 10 मिनट का ब्रेक लें।

### ज्यादा देर तक न लगाएं ईयर फोन

डॉ. सक्सेना के अनुसार हर माह ओपीडी में ऐसे तीन से चार मरीज आ रहे हैं जो कि युवा हैं और बुखार के साथ ही ईयर बड का लंबे समय से उपयोग कर रहे थे, उनकी दिक्कत ज्यादा बढ़ गई। उन्होंने बताया कि हेड फोन या ईयर फोन को तेज आवाज में 20 मिनट से अधिक न लगाएं, अगर कान में किसी भी प्रकार की दिक्कत है तो डीजे, क्लब, कॉन्सर्ट आदि में ज्यादा देर न रहें, तेज आवाज वाली जगह पर इयर प्रोटेक्शन का प्रयोग करें, कान में दिक्कत होने पर ईएनटी विशेषज्ञ को दिखाएं। वहीं अच्छी क्वालिटी के ईयर फोन का उपयोग करें, लेकिन कुछ समय के लिए। अगर ऐसा नहीं करते तो समस्या आ सकती है।

कार्यक्रम –कल्कि धाम में गर्भगृह में कूर्म शिला स्थापना कार्यक्रम में बोले शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, 21 फीट नीचे की गई कूर्म शिला की स्थापना

# 'धर्म स्थलों के साथ धार्मिक शिक्षा केंद्रों की भी हो स्थापना'

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए मुख्य गर्भगृह में 21 फीट नीचे कूर्म शिला की स्थापना जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ,विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई । महाकाल उज्जैन से पधारे विद्वानों के मंत्रोच्चार के बीच पूजित कूर्म शिला को स्थापित किया गया।

कार्यक्रम में शंकराचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 18 वर्षों के संघर्ष के बाद कल्कि धाम की स्थापना आचार्य प्रमोद कृष्णम ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज की सफलता है। यह धाम सनातन के गौरव को बढ़ाएगा।



संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम के गर्भगृह में कूर्म शिला की स्थापना करते शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज, विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार व अन्य। अमृत विचार

कहा कि धर्मस्थलों के साथ ही धार्मिक शिक्षा केंद्रों की स्थापना भी की जानी चाहिए।

शंकराचार्य ने मनु स्मृति की आलोचना को लेकर कहा कि शास्त्रों का अध्ययन किए बिना हम उलाहना देते हैं उन पर आक्षेप करते हैं यह हमारी बौद्धिक योग्यता की कमी है। बिना टिकट यात्रा करने पर रेलवे का कोई दोष नहीं है उसी प्रकार शास्त्र सम्मत व्यवहार न करने पर शास्त्रों का कोई दोष नहीं ।

आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद महाराज ने कहा कल्कि धाम निर्माण से सुनिश्चित हो गया है कि अब भगवान को आना ही है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिला को पूजना और शंकराचार्य द्वारा स्थापित करना इस बात की घोषणा करता है कि अब कोई भी बाधा इस धाम को बनने से नहीं रोक सकती।

कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि धाम का निर्माण पूर्ण करना ही उनका लक्ष्य है । कार्यक्रम में विधायक आकाश सक्सेना, उत्तराखंड के विधायक उमेश कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व मंत्री सुनील भराला,शिवसेना के नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिषेक वर्मा,मणींद्र जैन,ऊषा रमन त्रिपाठी व नक्षत्रेश कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

# खेलों में यूपी का मान बढ़ाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने की पहल की है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वर्ण पदक विजेता छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। वहीं, रजत पदक और कांस्य पदक विजेताओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। दरअसल, पहली बार मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार (2024-25) कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया जा रहा है।

समारोह में स्वर्ण पदक विजेता छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, शील्ड, प्रशस्ति-पत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे। 51 स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले कुल 87 खिलाड़ी (73 छात्र, 14 छात्राएं) मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होंगे। मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार के अंतर्गत नेशनल स्कूल गेम्स एकल वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता को 75 हजार रुपये और टीम गेम्स के स्वर्ण विजेताओं को 35 हजार रुपये मिलेंगे।

गुरुवार को ही अन्य सभी जिलों में भी मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में रजत और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 12 जून 2025

## एक नजर

### एलआईसी के सीईओ, एमडी पद के लिए नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने बुधवार को बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के सीईओ एवं एमडी पद के लिए आर दुरईस्वामी के नाम की अनुशंसा की। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि एलआईसी के इन पदों के लिए चार उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया।


### यूनियन बैंक ने ऋण पर ब्याज दर में 0.50% की कटौती की

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण की ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है।

# वित्त वर्ष में 825 अरब डॉलर से अधिक होगा निर्यात

## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत विजेता के रूप में उभरा

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**



उद्योग मंत्री पीयूष गोयल स्वीडन में बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत ऐसे समय में लगातार विजेता के रूप में उभरा है और देश का वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात निश्चित रूप से 2025-26 में 825 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का समग्र निर्यात 2023-24 में 778 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2024-25 में 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि कुछ बहुपक्षीय निकायों के अनुमान के अनुसार, वैश्विक व्यापार में संकुचन होगा। उन्होंने कहा, दुनिया गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रही है... इसलिए यह चुनौतीपूर्ण समय है, लेकिन भारत हमेशा चुनौतीपूर्ण समय में विजेता के रूप में उभरा है। हमने 2024-25 में रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर का निर्यात किया। इस साल हमें और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गत वित्त वर्ष के आंकड़े पार करने की संभावना संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से इसे पार करने में सक्षम होंगे। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुमान के अनुसार, देश के समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात के 2025-26 में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों द्वारा अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाहत के कारण यह अच्छी वृद्धि संभव हो सकी है।

यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी आने वाले महीनों में निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता इस साल एक अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय में किए गए एफटीए अच्छे नहीं थे और इनका असर घरेलू कंपनियों पर पड़ा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने आसियान जैसे देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए, जो भारत के प्रतिस्पर्धी हैं। इसके अलावा वे संतुलित नहीं थे। भारत ने उन देशों के लिए और अधिक बाजार खोले.. हालांकि उसके बदले में हमें अच्छे सौदे नहीं मिले।

### राष्ट्रीय ई-कॉमर्स, खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी

बर्न। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी है क्योंकि दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि ई-कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा जिस पर चर्चा जारी है। खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा जारी है, क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। डीपीआईआईटी ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है।

# भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2040 तक दोगुनी से अधिक होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की अध्ययन रिपोर्ट

भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक करीब 60 प्रतिशत बढ़ेगी और 2040 तक यह दोगुनी से अधिक हो जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक अध्ययन के अनुसार, वाहनों, खाना पकाने और औद्योगिक उद्देश्यों में प्राकृतिक गैस का ईंधन के उपयोग बढ़ना इसकी मुख्य वजह होगी।

अध्ययन में कहा गया कि प्राकृतिक गैस की खपत 2023-24 में 18.7 करोड़ मानक घनमीटर प्रति दिन से बढ़कर 2030 तक 29.7 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है। इसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक उत्पादन या मोटर वाहन के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने और खाना पकाने के लिए पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के लिए होता है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य में मौजूदा रुझानों और प्रतिबद्धताओं के आधार पर मध्यम वृद्धि और विकास की बात कही गई है। इसी परिदृश्य के तहत 2040 तक प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 49.6 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। 'गुड-टू-बेस्ट' परिदृश्य के अंतर्गत 2030 तक खपत 36.5 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन और 2040 तक 63 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन तक बढ़ सकती है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य नरम वृद्धि की बात करता है जबकि 'गुड-टू-बेस्ट' में तेज वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है। इसमें कहा गया, भारत की ऊर्जा मांग में वृद्धि जारी रहने के आसार हैं। प्राकृतिक गैस अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में सुविधाजनक, स्वच्छ एवं सस्ता (विकल्प) है।

# एआई से गन्ना उत्पादन में 30 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना

**संभाजीनगर (महाराष्ट्र), एजेंसी**

- महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश ने दी जानकारी

गन्ने की खेती में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से पानी की जरूरत के 50 प्रतिशत तक कम होने और प्रति एकड़ उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। इस क्षेत्र के एक विशेषज्ञ ने बुधवार को यह बात कही।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुणे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार की उपस्थिति में एक बैठक हुई थी, जिसमें गन्ने की खेती में एआई के उपयोग पर चर्चा की गई थी। महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश दांडेगांवकर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट ने गन्ने की खेती के लिए एआई के इस्तेमाल पर लंबे समय से काम किया है और गन्ने के उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि और पानी के इस्तेमाल (इसकी खेती में) को आधे तक कम करने का आश्वासन दिया है।

# भारत में बढ़ा सामाजिक सुरक्षा दायरा, 64.3 % पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया बयान
- कहा- यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने कहा है कि भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। 2025 में यह कुल आबादी के 64.3 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत था। आईएलओ के आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है।

इसके साथ लाभार्थियों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। आईएलओ के अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में भाग लेने के लिए जिनेवा गये श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बयान में कहा, यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार है। यह 'अंत्योदय' यानी अंतिम छोड़ पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर होगा

**नई दिल्ली।** भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार के उसके वर्तमान आकार से तीन गुना होकर 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाने की उम्मीद है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार, ऐसा उद्यम प्रौद्योगिकी में बढ़ते निवेश, एक समृद्ध डिजिटल परिवेश और कुशल पेशेवरों के दम पर मुमकिन होगा। बीसीजी ने अपनी रिपोर्ट 'भारत की एआई छलांग : उभरती चुनौतियों पर बीसीजी परिप्रेक्ष्य' में कहा कि भारत में 6,00,000 से अधिक एआई पेशेवरों, 70 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और पिछले तीन वर्ष में 2,000 से अधिक एआई स्टार्टअप के साथ एक संपन्न एआई परिवेश है।

### सेबी ने पंजीकृत मध्यस्थों के लिए अनिवार्य की नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं। सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि यह यूपीआई भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी।

### एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने के लिए 13,455 नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। एसबीआई ने बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है।

इसमें कहा गया, चयन प्रक्रिया फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल, 2025 में मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई। इनमें से करीब 13,500 लिपिक, 3,000 परिवीक्षाधीन अधिकारी और स्थानीय स्तर के अधिकारी हैं। बयान के अनुसार 2,36,000 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाला एसबीआई सार्थक रोजगार सृजन एवं बैंकिंग पेशेवरों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## उपराज्यपाल सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की

**श्रीनगर, एजेंसी**



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा की, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की। सिन्हा ने पवित्र गुफा में प्रथम पूजा कर इस वर्ष की वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। सिन्हा ने कहा, प्रथम पूजा संपन्न हो गई।

मैं श्रद्धालुओं से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में यात्रा के लिए आएं। यह यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने इस वर्ष तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार किया है। सिन्हा ने कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और अन्य सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि किसी को कुछ भी सोचने की जरूरत नहीं है, उन्हें आना चाहिए और बाबा का आशीर्वाद लेना चाहिए। उपराज्यपाल ने बाद में 'एक्स' पर कहा, हर हर महादेव! मैंने बाबा बर्फानी को नमन किया और पवित्र गुफा में प्रथम पूजा की, जिसके साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत हुई। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंनें कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, सेना, बीआरओ, सीएपीएफ, जम्मू कश्मीर पुलिस और सभी हितधारक पूरी निष्ठा, समर्पण, आपसी सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा निर्बाध, सुरक्षित और सुगम रहे। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर की जनता, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा से अत्यंत सराहनीय रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष सुविधाओं और सेवाओं में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों से यह यात्रा सभी श्रद्धालुओं के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत संतोषजनक सिद्ध होगी।

### कटुआ में श्रद्धालुओं के लिए 36 निवास केंद्र बनाए

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में करीब तीन दर्जन निवास केंद्र और छह रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) पंजीकरण काउंटर स्थापित किये जा रहे हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष 38 दिनों तक चलने वाली वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों - अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे छोटे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग- से शुरू होगी। कठुआ के जिला उपायुक्त राकेश मिन्हास ने बताया, हमारा लक्ष्य लखनपुर को बहु-सुविधा केन्द्र में तब्दील करना है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ एक नक्सली कमांडर समेत दो नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसगुन्ना गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड) कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि कुकानार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुकानार थाने के पुलिसकर्मी और सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

# अवसंरचना नेटवर्क जीवन सुगमता को दे रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्रधानमंत्री ने कहा- 11 साल में बुनियादी ढांचे में हुए बड़े बदलाव



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए हैं और भारत का तेजी से विस्तार ले रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को बढ़ावा देने के साथ समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। बेहतरीन अवसंरचना निर्माण के साथ भारत की विकास यात्रा आगे बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को गति प्रदान कर रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया। 'माईजीओवीइंडिया' पर एक पोस्ट में लिखा गया, स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन- नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### पर्यटकों को आमंत्रण




श्रीनगर : पहलगाम आतंकी हमले के एक महीने से अधिक समय बाद, घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर की डल झील में आयोजित शिकारा दौड़ में शिकारा वाले हिस्सा लेते हुए। एजेंसी

## एक नजर

### दिल्ली में बच्चों के झगड़े में व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद 35 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके पड़ोसियों ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सुल्तानपुरी इलाके के झुग्गी निवासी मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। जांच से पता चला कि बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पड़ोसियों में विवाद बढ़ गया। हाथापाई के दौरान, आरोपियों में से एक ने उस पर चाकू से हमला किया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### योग दिवस को बढ़ावा देने के लिए हस्तियां आगे आईं

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नजदीक आने के साथ ही फिल्म, संगीत और सार्वजनिक सेवा से जुड़े जाने-पहचाने चेहरे इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं, जिससे दैनिक जीवन में योग के स्थान को मजबूती मिल रही है। पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने अपने समर्थन संदेश में कहा, योग आत्म-देखभाल और सामाजिक देखभाल का दूसरा नाम है।

### असम में 'हिंदू विरोधी' पोस्ट करने के आरोप में दो और गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में हिंदू विरोधी तत्व होने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद इस तरह के आरोप में अब तक 92 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील पोस्ट करने के आरोप में लखीमपुर से सबिकुल इस्लाम और भगवान कृष्ण एवं रुक्मिणी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में दुलाल बोरा को गिरफ्तार किया है।

# ईडी ने कांग्रेस सांसद व 3 विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया

**बेंगलुरु।** ईडी ने कथित वाल्मीकि घोटाले के संबंध में धन शोधन जांच के तहत बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और पार्टी के तीन विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया।

सूत्रों ने बताया कि तुकाराम और तीनों विधायकों के परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इनमें तुकाराम और विधायक नारा भरत रेड्डी (बेल्लारी शहर), जे. एन. गणेश (कांपली) और एन. टी. श्रीनिवास (कुडलिगी) से संबंधित आवास शामिल हैं। यह तलाशी अभियान कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम (केएमवीएसटीडीसी) के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि को फर्जी खातों में भेजने तथा फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद में बदलकर चुनाव खर्च में इस्तेमाल के आरोपों के संबंध में सबूत जुटाने के उद्देश्य से चलाया गया।

# भगवान जगन्नाथ के स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए पुरी में लाखों लोग उमड़े

**पुरी, एजेंसी**



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों श्रद्धालु बुधवार को 12वीं सदी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक खुले पंडाल में आयोजित भगवान जगन्नाथ के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए यहां एकत्र हुए।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को पारंपरिक पहंडी (शोभायात्रा) के साथ 'स्नान मंडप' (स्नान वेदी) में लाया गया। उन्होंने बताया कि तीनों को (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को) स्नान मंडप पर स्नान कराया जाता है, जो ग्रांड रोड के सामने स्थित एक ऊंचा स्थान है, जहां भक्तों को स्नान अनुष्ठान देखने का अवसर मिलता है। एक अधिकारी ने बताया, सबसे पहले श्री सुदर्शन को मंदिर से बाहर लाया गया और सुबह पौने छह बजे स्नान मंडप पर ले जाया गया। इसके बाद भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को स्नान मंडप पर ले जाया गया। पहंडी अनुष्ठान सुबह आठ बजकर 55 मिनट पर संपन्न हो गया। पुरी के सांसद संबित पात्रा के साथ मुख्यमंत्री ने उत्तर द्वार से मंदिर में प्रवेश किया और सुबह की प्रार्थना तथा पारंपरिक शोभायात्रा देखी।

### कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के भाई को पार्टी से निष्कासित किया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह को छह साल की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। लक्ष्मण सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई हैं।

उन्होंने पिछले दिनों पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में उनके निष्कासन की जानकारी दी गई।

# न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर

**हैदराबाद, एजेंसी**

- कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की जांच तेज

बीआरएस के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बुधवार को कालेश्वरम परियोजना में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के समक्ष पेश हुए। यह सिंचाई परियोजना पिछली बीआरएस सरकार के दौरान बनाई गई थी।

चंद्रशेखर राव पूर्वाह्न करीब 11 बजे आयोग के कार्यालय पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराने के बाद अपराह्न एक बजे वहां से चले गए। एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का नेतृत्व उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पी सी घोष कर रहे हैं। केसीआर की मौजूदगी के मद्देनजर बीआरएस के कई नेता और कार्यकर्ता यहां बीआरएस भवन के पास स्थित आयोग के कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। आयोग ने अपनी जांच शुरू होने के बाद से पिछले एक वर्ष में कई इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों, विशेषकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की है।

### महिला केयरटेकर ने रि. प्रोफेसर को वृद्धाश्रम भेज 6 करोड़ की संपत्ति हड़पी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 82 वर्षीय एक सेवानिवृत्त आईआईटी प्रोफेसर की सभी संपत्ति को अपने नाम करवाकर उन्हें वृद्धाश्रम भेजने के आरोप एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। महिला ने प्रोफेसर की देखभाल करने की आड़ में उनके तीन फ्लैट समेत पूरी संपत्ति अपने नाम कर ली। इन फ्लैटों सहित संपत्तियों की कुल कीमत छह करोड़ रुपये है। घटना उस समय सामने आई जब आईआईटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर का बेटा पिछले महीने पिता से मिलने मुंबई आया लेकिन उसने पाया कि उसके पिता घर पर नहीं हैं।

## एक नजर

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया

**साउथम्पटन :** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाये जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी।

### टी20 मुंबई फाइनल में मुंबई फाल्कंस का सामना मराठा से

**मुंबई :** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे।

### आईपीएल में जीत के जश्न पर चर्चा करेगी बीसीसीआई की शीर्ष परिषद

**नई दिल्ली :** बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की दुखद घटना के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शनिवार को होने वाली 28वीं शीर्ष परिषद बैठक के एजेंडे में प्रमुख मुद्दों में शामिल होगा। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। यह घटना पिछले बुधवार को घटी थी, जब लगभग 2.5 लाख प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में उमड़ पड़े थे।

### भारतीय टीम में कोहली की कमी खलेगी: ओली पोप

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप का मानना है कि शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम में काफी गहराई और प्रतिभा है लेकिन 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान उसे विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। पोप ने कहा यह एक युवा टीम है लेकिन इन खिलाड़ियों में बहुत गहराई और प्रतिभा है। उनके पास बहुत से अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके नए कप्तान शुभमन गिल एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।

# रबाडा और यानसन ने 212 रन पर ऑस्ट्रेलिया को समेटा

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : दक्षिण अफ्रीका की भी खराब शुरुआत, 43 पर गिरे चार विकेट



05
विकेट
कगिसो रबाडा

**लंदन, एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दिन बुधवार को यहां तेज गेंदबाजों कागिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसन (49 रन पर तीन विकेट) ने धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेट दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही। उसने भी 43 रन तक चार विकेट गंवा दिए।

मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों ऐडन मारक्रम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। दिन का खेल खत्म होने पर डेविड बेडिंघम आठ जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही एडेन मारक्रम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद को विकेटों पर खेल गए। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेजलवुड ने ट्रिस्टन स्टब्स (02) को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 30 रन किया। इससे पहले आसमान में छाए बादलों के बीच दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्ले से पहला रन मार्नस लाबुशेन (17) ने यानसेन पर पारी के चौथे ओवर में दो रन के साथ बनाया। लाबुशेन पहली बार टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज कर रहे थे। रबाडा ने सातवें ओवर में उस्मान ख्वाजा को स्लिप में डेविड बेडिंघम के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई।



ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क (दाएं) दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन को आउट करने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### ऑस्ट्रेलिया

**212/10** (56.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| ■ उस्मान ख्वाजा का बेडिंघम बो रबाडा | 00 |
| ■ मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसन | 17 |
| ■ कैमरन ग्रीन का मारक्रम बो रबाडा | 04 |
| ■ स्टीव स्मिथ का यानसेन बो मारक्रम | 66 |
| ■ ट्रेविस हेड का वेरेने बो यानसन | 11 |
| ■ बो वेबस्टर का बेडिंघम बो रबाडा | 72 |
| ■ एलेक्स कैरी बो महाराज | 23 |
| ■ पैट कमिंस बो रबाडा | 01 |
| ■ मिचेल स्टार्क बो रबाडा | 01 |
| ■ नाथन लियोन बो यानसन | 00 |
| ■ जोश हेजलवुड नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 15.4-5-51-5, यानसन 14-5-49-3, एनगिडी 8-0-45-0, मुल्डर 11-3-36-0, महाराज 6-0-19-1, मारक्रम 2-0-5-1

### दक्षिण अफ्रीका

**43/4** (22 ओवर)

| | |
|---|---|
| ■ ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| ■ रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| ■ वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| ■ तेम्बा बावुमा खेल रहे हैं | 03 |
| ■ ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| ■ डेविड बेडिंघम खेल रहे हैं | 08 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 7-3-10-2, हेजलवुड 7-3-10-1, कमिंस 7-3-14-1, लियोन 1-0-1-0

## पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है।



भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए।

नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा। लेकिन अर्जेंटीना ने तीसरे मिनट में कप्तान मटियास रे के गोल की मदद से बढ़त बना ली, जो भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास की गलती का नतीजा था।

## जूनियर महिला टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिये गोल किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिए पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिए आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया। इसके बाद भारत ने आखिरी दस मिनट बेल्जियम के हमलों का जमकर सामना किया और गोल नहीं होने दिया। पहले मैच में भारत ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी थी।

## एलओसी के गठन में बीसीसीआई कर रहा देरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### महिला वनडे विश्व कप

- मार्च में बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में नहीं हो सका था फैसला
- 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने की हो चुकी घोषणा



महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र में पीटीआई से कहा एलओसी गठित करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है, लेकिन अगर ये चीजें पहले ही कर ली जाती तो बेहतर होता। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आमतौर पर आयोजन से एक साल पहले एलओसी का गठन कर लिया जाता है। यहां तक कि कार्यक्रम भी पहले से ही घोषित कर दिया जाता है ताकि प्रशंसक योजना बना सकें। उन्होंने कहा जहां तक टूर्नामेंट के आयोजन की बात है तो एलओसी मुख्य निकाय है जो भाग लेने वाली टीमों के लिए व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है।

कहने की जरूरत नहीं है कि इसकी भूमिका बहुत बड़ी है। भारत 2016 के बाद पहली बार किसी महिला आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। तब उसने पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ महिला टी20 विश्व कप का भी आयोजन किया था।

उल्लेखनीय है कि भारत में खेले गए 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा को लेकर काफी देरी हुई थी। एकदिवसीय महिला विश्व कप का आयोजन चार स्थानों बेंगलुरु, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और इंदौर में किया जाएगा। भारत ने इससे पहले 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

## भूटिया ने भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग की

**कोलकाता, एजेंसी**

फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है।

भूटिया ने पीटीआई से कहा यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं। उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। उन्होंने मैदान पर लचर प्रदर्शन और मैदान के बाहर की अराजकता को गहरी सड़न के लक्षण बताया। मौजूदा भारतीय मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के भी कोच हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में क्रोएशियाई दिग्गज इगोर स्टिमक की जगह पदभार संभाला था। गुवाहाटी में विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान से हार सहित कई निराशाजनक परिणामों के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया था।



- एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबलों में भारत की खराब स्थिति पर भड़के भूटिया और अन्य पूर्व खिलाड़ी

मंगलवार हुए अहम मैच से पहले भारत ने कोलकाता में करीब तीन सप्ताह तक अभ्यास किया था लेकिन उसे विश्व रैंकिंग में अपने से 26 पायदान नीचे की टीम (भारतः 127, हांगकांगः 153) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फीफा रैंकिंग में देश के 133वें स्थान पर खिसकने की संभावना है। भूटिया को सितंबर 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष पद के चुनाव में चौबे ने हराया था। उन्होंने मौजूदा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और मनोलो की नियुक्ति सहित अहम निर्णयों में प्रमुख फुटबॉल समितियों को दरकिनार करने का आरोप लगाया। भूटिया ने कहाकल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल को बर्बाद कर दिया है। चौबे को इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार की जगह जैसा : कोच मनोलो

**हांगकांग :** हांगकांग के खिलाफ 0-1 की हार के बाद भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार के स्थल की तरह है। वह हालांकि 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। मंगलवार को भारत ने इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल खाया, जिससे उसे हार का समना करना पड़ा। भारतीय टीम लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। इस हार से भारत की एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लगा है। टीम के भविष्य से जुड़े सवाल पर मनोलो ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम बहुत खुश नहीं हैं। हम दुखी हैं। ड्रेसिंग रूम का माहौल व्यावहारिक रूप से अंतिम संस्कार के स्थल जैसा है। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि भारत के पास क्वालीफाई करने का मौका है। क्वालीफायर के ग्रुप विजेताओं को ही सऊदी अरब में होने वाले 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी इसलिए भारत की आगे की राह आसान नहीं होने वाली। भारत के पास ग्रुप सी में दो मैच में से सिर्फ एक अंक है। मनोलो ने कहा हम अच्छे दौर में नहीं हैं। स्कोर के मामले में, हमारे लिए गोल करना मुश्किल हो रहा है। लेकिन यह सच है कि टीम ने अन्य मुकाबलों की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से खेला। यह सच है। लेकिन दुर्भाग्य से, हम यहां कोई अंक नहीं ले पाए।



## पूरन न्यूयॉर्क टीम के कप्तान बने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा बायें हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने कैरियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाये हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाये हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



निकोलस पूरन। ● एजेंसी

## और खिलाड़ी ले सकते हैं पूरन जैसा संन्यास : सैमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी का मानना है कि निकोलस पूरन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेना खिलाड़ियों को अपनी राष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित रखने की बढ़ती चुनौती को रेखांकित करता है और उन्होंने चेतावनी दी कि और भी खिलाड़ी ऐसा कर सकते हैं।



पूरन ने 29 साल की उम्र में टी20 विश्व कप से ठीक आठ महीने पहले सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। यह आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ना केवल वेस्टइंडीज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल बल्लेबाज है बल्कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी भी है। सैमी ने कहा कि उन्होंने इस क्रिकेटर और उनके एजेंट के साथ पहले हुई बातचीत के बाद पूरन के बिना योजना बनाना शुरू कर दिया था। सैमी ने कहा, आदर्श रूप से ऐसी प्रतिभा को मैं टीम में रखना पसंद करूंगा।

## ब्राजील ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**साओ पाउलो, एजेंसी**

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई।

रीयाल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की। ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2.0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिये दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिये 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।



ब्राजील के मार्टिनेली (बीच में) पराग्वे के खिलाफ गोल करने का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

### आस्ट्रेलिया ने सउदी अरब पर 2-1 से जीत दर्ज कर स्थान पक्का किया

**मेलबर्न :** कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिये सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाये जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6.0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

युद्धाभ्यास



उत्तरी अरब सागर में पैसेज अभ्यास के दौरान भारतीय नौसेना का आईएनएस तबर। यूके के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड ने भी इस अभ्यास में भाग लिया। एजेंसी

## इंसानों से भी ज्यादा तेजी से जवाब

# एआई चैटबॉट इतना हाजिरजवाब कैसे

दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा लोग चैटजीपीटी समेत विभिन्न एआई चैटबॉट पर बातचीत करके समय बिता रहे हैं। ऐसे में इनपर मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से बातचीत होना स्वाभाविक हो गया है। इस मामले में कुछ लोगों के अनुभव सकारात्मक रहे हैं, जिनके लिए एआई एक सस्ते थैरेपिस्ट की तरह काम करता है लेकिन एआई थैरेपिस्ट नहीं है। वे होशियार और लोगों को जुड़ाव महसूस कराने वाले तो होते हैं, लेकिन वे मनुष्यों की तरह नहीं सोच पाते। चैटजीपीटी और अन्य जनरेटिव एआई मॉडलों ने इंटरनेट पर मौजूद कंटेंट को पढ़कर-समझकर बातचीत करना सीखा है। जब कोई व्यक्ति एक प्रश्न (जिसे प्रॉम्प्ट कहा जाता है) पूछता है, जैसे- मैं तनावपूर्ण कामकाजी बैठक के दौरान कैसे शांत रह सकता हूं, तो एआई अपने आप शब्दों का चयन करके प्रतिक्रिया तैयार करता है। वह अपने प्रशिक्षण के दौरान इन शब्दों से परिचित होता है। यह सब इतनी तेजी से होता है, साथ ही जवाब इतने प्रासंगिक होते हैं कि ऐसा लगता है जैसे आप किसी व्यक्ति से बात कर रहे हों।



### ये चाटुकार भी है...

एआई सिस्टम दोस्तों की तरह हैं जो आपकी कही बातों की पुष्टि करते हैं। इसे हां में हां मिलाना भी कह सकते हैं, ऐसे में यह एक समस्या है जिसे चाटुकारिता के रूप में जाना जाता है। एआई सिस्टम बातचीत को उन विषयों की ओर मोड़ते हैं जिन पर आप पहले ही चर्चा कर चुके हैं।

### भ्रमित भी होता है

एआई की स्मृति में पुरानी जानकारियां भी हो सकती हैं। यही कारण है कि एआई मॉडल भ्रम की स्थिति में आ जाते हैं और विवरण गलत हो जाते हैं।

### ऐसे जुटाता है जानकारियां

**पुराना ज्ञान** एआई भाषा मॉडल विकसित करने के लिए, डेवलपर्स मॉडल को प्रशिक्षण नामक प्रक्रिया के दौरान सूचना हासिल करना सिखाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यह जानकारी कहां से आती है। मोटे तौर पर कहें तो, ये इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कोई भी जानकारी जुटाते हैं। इसमें अकादमिक पेपर, ई-बुक, रिपोर्ट, समाचार लेख, ब्लॉग, यूट्यूब ट्रांसक्रिप्ट या रेडिट जैसे कंटेंट प्लेटफॉर्म से मिली जानकारियां हो सकती हैं। इस बीच यह सवाल भी उठता है कि क्या ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं। इसका जवाब है कि कभी-कभी ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं।

**बाहरी स्रोत** एआई डेवलपर्स चैटबॉट को बाहरी उपकरणों या ज्ञान स्रोतों से जोड़ सकते हैं, जैसे कुछ खोजने के लिए गूगल या क्यूरेटेड डेटाबेस। जब आप माइक्रोसॉफ्ट के बिंग कोपायलट से कोई प्रश्न पूछते हैं और उत्तर में क्रमांकित संदर्भ देखते हैं, तो यह बताता है कि एआई ने अपनी मेमोरी में संग्रहीत जानकारी के अतिरिक्त बाहरी उपकरण के जरिए जानकारी प्राप्त की है। इस बीच, कुछ विशेष मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट की थेरेपी गाइड और कंटेंट तक पहुंच होती है, जो बातचीत में मददगार साबित होते हैं।

**पहले से उपलब्ध जानकारी** एआई प्लेटफॉर्म के पास उस जानकारी तक भी पहुंच होती है जो आपने पहले उससे हुई बातचीत के दौरान प्लेटफॉर्म पर साइन अप करते समय दी थी। उदाहरण के लिए, जब आप साथी एआई प्लेटफॉर्म रेप्लिका के लिए पंजीकरण करते हैं, तो यह आपका नाम, उपनाम, आयु, लिंग, आईपी एड्रेस और लोकेशन, आप किस प्रकार का उपकरण उपयोग कर रहे हैं, और बहुत कुछ ।

## एक नजर

### महिला की हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस से मृत्युदंड

**एटमोर (अलबामा)।** अमेरिका के अलबामा में एक महिला को पीट-पीट कर मार डालने के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को मंगलवार शाम नाइट्रोजन गैस के जरिए मृत्युदंड दिया गया। यह अमेरिका में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा का छठा मामला है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेगरी हंट नामक व्यक्ति को शाम छह बजकर 26 मिनट पर साउथ अलबामा की जेल में मृत घोषित कर दिया गया। ग्रेगरी हंट को कैरेन लेन नामक 32 वर्षीय महिला की हत्या के लिए मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। कैरेन लेन की दो अगस्त 1988 को हत्या कर दी गई थी। वह वॉकर काउंटी में कॉर्डोवा अपार्टमेंट में एक अन्य महिला के साथ रहती थी।

### ताइवान में आया 5.9 तीव्रता का भूकंप

**ताइपे।** ताइवान में मंगलवार शाम 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केन्द्र हुआलिएन शहर से लगभग 71 किलोमीटर दक्षिण में 31.1 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। द्वीप के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले पश्चिमी भाग की तुलना में हुआलिएन की आबादी अपेक्षाकृत कम है। राजधानी ताइपे में इमारतें करीब एक मिनट तक हिलती रहीं। हालांकि, भूकंप में किसी बड़ी क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

### द. कोरिया ने रोका सीमा पर लाउडस्पीकर प्रसारण

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के साथ तनाव कम करने की दिशा में कदम उठाते हुए सीमा पर लाउडस्पीकर के जरिए उत्तर कोरिया विरोधी दुष्प्रचार के प्रसारण पर रोक लगा दी है। उत्तर कोरिया ने मनोवैज्ञानिक युद्ध अभियान के तहत दक्षिण कोरिया की ओर अपशिष्ट से भरे गुब्बारे उड़ाए थे, जिसके बाद दक्षिण कोरिया ने पिछले साल जून में प्रसारण फिर शुरू कर दिया था। इससे पहले एक साल तक इस प्रसारण पर रोक लगी रही थी।

### मिकी गवर्नर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीतीं

**न्यूजर्सी।** अमेरिकी सांसद मिकी शेरिल ने न्यूजर्सी में गवर्नर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीत हासिल की है। इस दौड़ में उनके पांच अनुभवी प्रतिद्वंद्वी भी शामिल थे, लेकिन नौसेना में पूर्व पायलट और पूर्व संघीय अभियोजक होने की उनकी पृष्ठभूमि ने उन्हें बढ़त दिलाई। शेरिल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुखर आलोचक रही हैं। शेरिल ने अपने पांच प्रतिद्वंद्वियों को हराया, जिनमें एक संसद साथी, राज्य के दो सबसे बड़े शहरों के मेयर, राज्य के एक पूर्व शीर्ष नेता और प्रभावशाली शिक्षक संघ के प्रमुख शामिल हैं।

# पूरे अमेरिका में प्रदर्शन की तैयारी लॉस एंजिलिस में लगाया कर्फ्यू

## कैलिफोर्निया के गवर्नर ने ट्रंप पर लगाया लोकतंत्र की जड़ पर चोट का आरोप

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- आव्रजन छापों के खिलाफ सिएटल, ऑस्टिन, शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी जीवनशैली के लिए खतरा बताते हुए कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने लॉस एंजिलिस में संघीय सैन्य हस्तक्षेप को देश के लोकतंत्र के मूल में स्थित राजनीतिक और सांस्कृतिक मानदंडों को उलटने के व्यापक प्रयास की शुरुआत बताया। उधर, आव्रजन छापों के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों का दायरा अब पूरे अमेरिका में फैल रहा है। इस सप्ताहांत और प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। इस बीच लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

सिएटल और ऑस्टिन से लेकर शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। वे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ बैनर लिए हुए थे। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों और संघीय कार्यालयों के बाहर यातायात को बाधित किया। कई प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कुछ जगह प्रदर्शनकारियों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ झड़पें हुईं, क्योंकि अधिकारियों ने गिरफ्तारियां कीं और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया।

कार्यकर्ता आने वाले दिनों में और भी बड़े प्रदर्शनों की योजना बना रहे हैं। शनिवार को देश भर में 'नो किंग्स' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यह उस दिन किए जाएंगे जब वाशिंगटन में ट्रंप की सैन्य परेड प्रस्तावित है। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि वह विरोध प्रदर्शनों के बावजूद आव्रजन संबंधी छापेमारी और निर्वासन का अपना कार्यक्रम जारी रखेगा। आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आईसीई कानून को लागू करना जारी रखेगी। इस बीच लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बास ने मंगलवार को शहर के मुख्य क्षेत्र में तोड़फोड़ और लूटपाट को रोकने के लिए कर्फ्यू लगा दिया जिसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया।



लॉस एंजिलिस में एक प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार करते कानून प्रवर्तन अधिकारी।

### ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने का विकल्प खुला रखा

ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने की संभावना को खुला छोड़ दिया है, जो राष्ट्रपति को विद्रोह या घरेलू हिंसा को दबाने या कुछ स्थितियों में कानून लागू करने के लिए अमेरिका के अंदर सैन्य बलों को तैनात करने का अधिकार देता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, अगर कोई विद्रोह होता है तो मैं निश्चित रूप से इस कानून को लागू करूंगा। बाद में राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ पर दिए गए भाषण में प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन कहा।

ट्रंप की आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ जमा हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए घुड़सवार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इस दौरान 'नेशनल गार्ड' भी तैनात रहे लेकिन वे लोगों को गिरफ्तार करने में शामिल नहीं हुए। कुछ घंटों बाद, बहुत से प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए, हालांकि छिटपुट झड़पें जारी रहीं जो पिछली रातों की तुलना में बहुत कम थीं। बास ने कहा कि उन्होंने स्थानीय आपातकाल की घोषणा कर दी है और कर्फ्यू मंगलवार रात आठ बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक लागू रहेगा।

# विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के समक्ष उठाया भारतीय छात्र से बदसलूकी का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय युवक को हथकड़ी पहनाए जाने और उसके साथ कथित तौर पर अपराधी जैसा व्यवहार किए जाने की घटना को अमेरिका के समक्ष उठाया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पता लगाया है कि हरियाणा निवासी युवक ने बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था और उसे एक अदालत के आदेश के अनुसार वापस भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के समक्ष इस मामले को उठाया।



- अधिकारियों ने कहा, बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका गया था छात्र

सामने आए एक वीडियो में नेवार्क हवाई अड्डे पर अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय युवक को हाथ पीछे बांधकर जमीन पर पेट के बल लिटाते हुए देखा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास मामले की जानकारी जुटाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि नेवार्क में प्रवेश करते समय युवक का व्यवहार यात्रा के लिए अनुकूल नहीं पाए जाने पर उसे रोका गया और एक चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया।

जैसे ही वह यात्रा के लिहाज से दुरुस्त पाया जाता है उसे भारत निर्वासित किया जाएगा। सूत्रों ने पहले कहा था, अभी तक इस घटना या उन परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं मिला है, जिसके तहत उसे रोका गया।

### अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति की जेल की सजा बरकरार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की भ्रष्टाचार के जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। इसके साथ ही उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। पेरोनिज्म विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज पिछले दो दशकों में अर्जेंटीना की राजनीति की सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में रही हैं। अदालत के इस निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। फर्नांडीज ने 2007 में अपने पति नेस्टर किर्चनर के बाद देश की बागडोर संभाली और आठ वर्षों तक राष्ट्रपति रहीं।

## यहूदी केंद्र पर हमले की साजिश का आरोपी पाकिस्तानी कनाडा से अमेरिका प्रत्यर्पित

**न्यूयॉर्क।** कनाडा में रहने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक को न्यूयॉर्क सिटी में एक यहूदी केंद्र पर आईएसआईएस के उकसावे में गोलीबारी की साजिश रचने के आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है।

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के एक साल पूरे होने के आसपास इस हमले को अंजाम देने की साजिश रची गई थी। न्याय विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 20 वर्षीय मुहम्मद शाहजेब खान को 'सदर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यूयॉर्क' में दायर अभियोग के संबंध में मंगलवार को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने कहा कि खान ने न्यूयॉर्क में यहूदी समुदाय पर हमला करने के इरादे से अमेरिका में प्रवेश की कोशिश की, सात अक्टूबर 2024 को आईएसआईएस के कहने पर सामूहिक गोलीबारी की साजिश रची।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ने भारत के लिए मजबूत समर्थन जताया

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि पिछले सप्ताह भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से मुलाकात की। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि लैंडौ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत को अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक संपर्क प्रयासों के तहत प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका का दौरा किया।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। ब्रूस ने कहा कि बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान विदेश विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें राजनीतिक मामलों की अवर सचिव एलिसन हुकर भी शामिल थीं। हुकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की समाप्ति के लिए अमेरिका के समर्थन को दोहराया।

### यूरोपीय संसद की अध्यक्ष से मिले जयशंकर

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला से मुलाकात की और यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति पर जोर देने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर यूरोपीय संसद के नेताओं से भी मिले और भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों के लिए उनके समर्थन का स्वागत किया। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट की, आज सुबह ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। भारत-यूरोपीय संघ संसदीय संबंधों को और मजबूत बनाने, लोकतंत्र एवं बहुलवाद के हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## केरल तट पर डूबे लाइबेरियाई जहाज के खिलाफ प्राथमिकी

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने पिछले महीने तट के पास डूबे लाइबेरियाई जहाज एमएससी एल्सा 3 के मालिक, मास्टर और चालक दल के खिलाफ लापरवाही से नौवहन करने का बुधवार को मामला दर्ज किया।

पुलिस ने जहाज को लापरवाही से चलाना, सार्वजनिक मार्ग या नौवहन में बाधा या खतरा पैदा करना, जहरीले, ज्वलनशील और विस्फोटकों के संबंध में लापरवाही के आरोप में फोर्ट कोच्चि कोस्टल थाने में प्राथमिकी दर्ज की। इसमें कहा गया है कि मालिकों, मास्टर और चालक दल ने खतरनाक सामग्री ले जा रहे जहाज को लापरवाही से संभाला, जिसके कारण 24 मई को अलपुझा जिले के पास समुद्र में यह डूब गया।

# यूक्रेन के खारकीव समेत कई इलाकों में रूस के ड्रोन हमले में 3 लोगों की मौत, 64 घायल

कीव, एजेंसी

- जेलेंस्की ने रूस पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने का किया आह्वान

रूस ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात यूक्रेन में व्यापक पैमाने पर ड्रोन हमले किए जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 64 अन्य लोग घायल हो गए।

खारकीव के महापौर इगोर तेरेखोव ने बताया कि रूसी हमले से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में एक उत्तर-पूर्वी यूक्रेन स्थित उनका शहर है। उन्होंने बताया कि शहर के दो आवासीय जिलों पर रूस ने 17 ड्रोन हमले किए। तोरेखोव के मुताबिक आपातकालीन दल, नगरपालिका कर्मचारी और स्वयंसेवक रात भर आग बुझाने, जलते घरों से लोगों को बचाने तथा गैस, बिजली-पानी की सेवाएं बहाल करने के लिए काम करते रहे।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, वे असैन्य इलाके हैं, जिन्हें कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए था। स्थानीय प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनिहुबोव के अनुसार तीन मौतों की पुष्टि हुई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान में रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के अपने आह्वान को दोहराया। कहा, अब हर नया दिन रूस के नए घिनौने हमले लेकर आता है और हर हमला अपनी कहानी बयां कर रहा है। हमें डरना नहीं चाहिए या नए फैसलों को टालना नहीं चाहिए जो रूस के लिए और मुश्किल खड़ी करे। इसके बिना, वे वास्तविक कूटनीति में शामिल नहीं होंगे।

### अमेरिकी प्रशासन यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने सांसदों से कहा, यह आगामी रक्षा बजट में कटौती है। यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है। हमारा मानना है कि कई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुये बातचीत के माध्यम से एक शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हित में भी होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका ने यूक्रेन को 66 अरब डॉलर से अधिक की सहायता दी है।

# शुल्क पर अनुकूल फैसला ट्रंप ने कहा- ये बड़ी जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को दी थी चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्यापक शुल्क नीति पर संघीय अपीलीय अदालत द्वारा दिए गए अनुकूल फैसले की सराहना करते हुए इसे देश की एक 'बड़ी' जीत करार दिया।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि मंगलवार रात अदालत के फैसले से सरकार को उसके व्यापक आयात शुल्क को वसूलने की अनुमति मिल गई, जबकि उनके द्वारा हस्ताक्षरित व्यापार नीति को चुनौती देने वाली अपील लंबित है। उन्होंने कहा, इसका अभिप्राय है कि अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। राष्ट्रपति ने लिखा, अमेरिका के लिए बड़ी और अहम जीत।

संघीय अपीलीय अदालत का यह फैसला 28 मई को एक अन्य संघीय अदालत के शुल्क रद्द करने के बाद दिए गए इसी तरह के निर्णय का विस्तार है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने अधिकारों का अतिक्रमण किया है। अपीलीय अदालत ने कहा था कि ट्रंप द्वारा लागू शुल्क को चुनौती देने से असाधारण महत्व के मुद्दे उठते हैं और वह तेजी से सुनवाई के लिए 31 जुलाई को दलीलें सुनेगा। यह मामला 10 प्रतिशत शुल्क से संबंधित है जिसे रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने अप्रैल में लगभग हर दूसरे देश पर यह लगाया था।

## पाकिस्तान छोड़ें अफगान नागरिक और अवैध विदेशी

**पेशावर।** पाकिस्तान ने बुधवार को अफगान नागरिकों और सभी अवैध विदेशियों को स्वेच्छा से देश छोड़ने को कहा और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की।

गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया, अपने देश लौटने वालों से सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उनके भोजन और स्वास्थ्य की जरूरतों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए व्यवस्था की गई है। इस साल की शुरुआत में, गृह मंत्रालय ने सभी अवैध विदेशियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च से पहले पाकिस्तान छोड़ने के लिए कहा था और चेतावनी दी कि अन्यथा उन्हें एक अप्रैल से निर्वासित किया जाएगा।

**संबोधन** ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वन तक संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर बीआर गवई का वक्तव्य

# स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को 'स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति' और एक परिवर्तनकारी शक्ति बताया जो न केवल अधिकारों की गारंटी देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करती है।

भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित और पहले बौद्ध न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को लंदन (ब्रिटेन) स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर अपने संबोधन में हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और इस बात को स्पष्ट करने के लिए अपना स्वयं का उदाहरण दिया। लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन एक संस्था है जहां लोग विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हैं।



- हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कई दशक पहले, भारत के लाखों नागरिकों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को बताता है कि वे अपने लिए बोल सकते हैं, समाज और सत्ता के हर क्षेत्र में उनका समान स्थान है।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''आज ऑक्सफोर्ड यूनियन में, मैं आपके सामने यह कहने के लिए खड़ा हूं: भारत के सबसे कमजोर नागरिकों के लिए, संविधान केवल एक कानूनी चार्टर या राजनीतिक ढांचा नहीं है। यह एक भावना है, एक जीवन रेखा है, स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नगरपालिका के स्कूल से लेकर भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद तक मेरी अपनी यात्रा में, यह एक मार्गदर्शक शक्ति रही है।'' डॉ. बी.आर. आंबेडकर की विरासत का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव के अपने अनुभव को न्याय की वैश्विक समझ में बदल दिया।

### सम्मान बहाली के लिए हस्तक्षेप का साहस करता है संविधान

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो यह दिखावा नहीं करता कि सभी समान हैं, बल्कि सत्ता को पुन:संतुलित करने और सम्मान बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने का साहस भी करता है। न्यायमूर्ति गवई ने नगरपालिका के एक स्कूल से लेकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक अपनी यात्रा का उल्लेख किया। संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ आंबेडकर की भूमिका पर भी रोशनी डाली। कहा, संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो जाति, गरीबी, बहिष्कार और अन्याय की क्रूर सच्चाइयों से नजर नहीं हटाता। इस बात का दिखावा नहीं करता कि गहरी असमानता से ग्रसित देश में सभी समान हैं। इसके बजाय, यह हस्तक्षेप करने, पटकथा को फिर से लिखने, सत्ता को पुन:संतुलित करने और गरिमा बहाल करने का साहस करता है।